


बालाघाट, सिवनी, गोंदिया एवं भंडारा जिले मे प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 27 जुलाई 2026 | दिन - सोमवार | वर्ष-14 वां | पृष्ठ - 12 | अंक - 181 | मूल्य - 5 रुपये








हमारे आदरणीय भैया

## मान. गोपालदास जी अग्रवाल

पूर्व विधायक, गोंदिया

को जन्मदिन की अनंत शुभकामनाएं !






शुभेच्छुक



| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रमेश अंबुले<br>अध्यक्ष, गोंदिया तालुका कॉंग्रेस | अशोक चौधरी<br>अध्यक्ष, गोंदिया शहर कॉंग्रेस | संजय बहेकार<br>अध्यक्ष, आमगाव तालुका कॉंग्रेस | राजुभाऊ दोनोडे<br>अध्यक्ष, सालेकसा तालुका कॉंग्रेस | रमेश टेंभरे<br>अध्यक्ष, तिरोडा तालुका कॉंग्रेस | पवन मोरे<br>अध्यक्ष, तिरोडा शहर कॉंग्रेस | सचिन शेंडे<br>नगराध्यक्ष, न.प.गोंदिया | पंकज यादव<br>सदस्य, न.प.गोंदिया | राकेश ठाकुर<br>सदस्य, न.प.गोंदिया | प्रफुल अग्रवाल<br>सदस्य, न.प.गोंदिया | घनश्याम धामट<br>अध्यक्ष, अर्जुनी/मो. तालुका कॉंग्रेस | मधुसुदन दोनोडे<br>अध्यक्ष, सडक/अर्जुनी तालुका कॉंग्रेस |



| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| विजय फुंडे<br>नगराध्यक्ष, न.प.सालेकसा | तेजराम बिसेन<br>नगराध्यक्ष, न.प.गोरेगांव | सौ.वंदना काळे<br>सदस्य, जि.प.गोंदिया | सौ.उषाताई मेंढे<br>माजी अध्यक्ष व सदस्य, जि.प.गोंदिया | सौ.उषाताई शहारे<br>सदस्य, जि.प.गोंदिया | जितेंद्र कटरे<br>सदस्य, जि.प.गोंदिया | शशी भगत<br>सदस्य, जि.प.गोंदिया | सौ.विमल कटरे<br>सदस्य, जि.प.गोंदिया | सौ.कविता कापगते<br>सदस्य, जि.प.गोंदिया | श्रीकांत घाटबांधे<br>सदस्य, जि.प.गोंदिया | सौ.छब्बुताई उईके<br>सदस्य, जि.प.गोंदिया | सौ.छायाताई नागपुरे<br>सदस्य, जि.प.गोंदिया |



| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सौ.गीताताई लिल्हारे<br>सदस्य, जि.प.गोंदिया | सौ.राधिका धरमगुळे<br>सदस्य, जि.प.गोंदिया | सौ.लक्ष्मी तरोणे<br>सदस्य, जि.प.गोंदिया | सुनिल भालेराव<br>सदस्य, न.प.गोंदिया | क्रांति जायस्वाल<br>सदस्य, न.प.गोंदिया | अमर रंगारी<br>सदस्य, न.प.गोंदिया | चंद्रकुमार चुटे<br>सदस्य, न.प.गोंदिया | विजय रगडे<br>सदस्य, न.प.गोंदिया | अजय अग्रवाल<br>सदस्य, न.प.गोंदिया | रुपेश नशिने<br>सदस्य, न.प.गोंदिया | सौ.संगीता गुप्ता<br>सदस्य, न.प.गोंदिया | सौ.शिलु ठाकुर<br>सदस्य, न.प.गोंदिया |



| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सौ.दिपीका रुसे<br>सदस्य, न.प.गोंदिया | सौ.दुर्गा तिवारी<br>सदस्य, न.प.गोंदिया | सौ.बेबीनंदा बन्सोड<br>सदस्य, न.प.गोंदिया | सौ.संध्या यादव<br>सदस्य, न.प.गोंदिया | सौ.ज्योती फुंडे<br>सदस्य, न.प.गोंदिया | सौ.दिपा शहारे<br>सदस्य, न.प.गोंदिया | विनोद मडावी<br>सदस्य, न.प.सालेकसा | सौ.रामबती पुसाम<br>सदस्य, न.प.सालेकसा | अतुल रेंडीवार<br>सदस्य, न.प.सालेकसा | सौ.पल्लवी शिवणकर<br>सदस्य, न.प.सालेकसा | सतिश कळवाळे<br>सदस्य, न.प.सालेकसा | कुंदन बहेकार<br>सदस्य, न.प.सालेकसा |



| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सौ.अनिता चुटे<br>सदस्य, न.प.सालेकसा | सौ.छन्नुबाई शिवणकर<br>सदस्य, न.प.सालेकसा | रितेशकुमार लिल्हारे<br>सदस्य, न.प.सालेकसा | सौ.ईठाबाई राऊत<br>सदस्य, न.प.सालेकसा | राजेश जैन<br>सदस्य, न.प.सालेकसा | सौ.विनाताई कटरे<br>सभापती, पं.स.सालेकसा | मलेश्याम येरोला<br>सदस्य, न.प. गोरेगांव | पवनकुमार रहांगडाले<br>सदस्य, न.प. गोरेगांव | सौ.तिमेश्वरी पटले<br>सदस्य, न.प. गोरेगांव | राहुल येल्ले<br>सदस्य, न.प. गोरेगांव | सौ.बिरन बगडते<br>सदस्य, न.प. गोरेगांव | सौ.शिला धमगाये<br>सदस्य, न.प. गोरेगांव |



| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सौ.रंजना बारेवार<br>सदस्य, न.प. गोरेगांव | राहुल चंद्रीकापुरे<br>सदस्य, न.प. गोरेगांव | सौ.गीता बंजारी<br>सदस्य, न.प. गोरेगांव | सौ.योगीता टेंभरे<br>सदस्य, न.प. गोरेगांव | सुरेश रहांगडाले<br>सदस्य, न.प. गोरेगांव | सौ.सुनिता साहु<br>सदस्य, न.प.देवरी | सरबजीत भाटीया<br>सदस्य, न.प.देवरी | मोहन डोंगरे<br>सदस्य, न.प.देवरी | नितीन मेश्राम<br>सदस्य, न.प.देवरी | शकील कुरैशी<br>सदस्य, न.प.देवरी | अंकीत भेंडारकर<br>सदस्य, न.प. सडक अर्जुनी |



| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| शशीकला टेंभुर्णे<br>सदस्य, न.प. सडक अर्जुनी | विशाल शहारे<br>सदस्य, न.प. सडक अर्जुनी | परमानंद पारधी<br>सदस्य, न.प. तिरोडा | सौ.शिला उईके<br>सदस्य, न.प. मोरगांव अर्जुनी | सर्वेश भुतळा<br>सदस्य, न.प. मोरगांव अर्जुनी | अतुल बन्सोड<br>सदस्य, न.प. मोरगांव अर्जुनी | सौ.दिव्या पशिने<br>सदस्य, न.प. मोरगांव अर्जुनी | अभिजीत कांबळे<br>सदस्य, न.प. मोरगांव अर्जुनी | सौ.सुषमा दमाहे<br>सदस्य, न.प. मोरगांव अर्जुनी | गुड्डाभाऊ गहरवार<br>उपाध्यक्ष गोंदिया जिला सहकार बोर्ड | पप्पु पटले<br>उपसभापती कृ.उ.बा.स.गोंदिया |

कुंडली निर्माण, कुंडली मिलान, विवाह मुहूर्त, कुम्भ विवाह, वास्तु परामर्श, वास्तु शान्ति पूजन, पितृदोष, कालसर्प, अन्य ग्रहों की शांति पूजा एवं महामृत्युंजय अनुष्ठान, लक्ष्मी कुबेर अनुष्ठान, भैरव अनुष्ठान आदि के लिये संपर्क करें..
मार्गदर्शक
डॉ. अरविंदचन्द्र तिवारी
एसोसिएट प्रोफेसर कॉमर्स, ज्योतिष पद्मविभूषण बालाघाट म.प्र.
ग्रहयोग भवन, नर्मदा नगर, शिव मंदिर चौक, बालाघाट
मो. 94251-38638
94067-38800



मान्यता ऑटो पार्ट्स
सभी प्रकार की टू-व्हीलर गाड़ियों के स्पेयर पार्ट्स मिलते हैं एवं गाड़ियां सुधारी जाती है।
Hero BAJAJ HONDA TVS
मनीष वर्मा मो. 9425448126
वार्ड नं. 17, महाराणा प्रताप चौक, शाह कॉम्पलेक्स, बालाघाट (म.प्र.)

# 1785 बूथों में सुनी गई प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात.. पौधरोपण कर लिया जन कल्याण संकल्प..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***माह के अंतिम रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के 136 वें एपिसोड का प्रसारण जिले में आमजन मानस के साथ भारतीय जनता पार्टी के 1785 बूथों में कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों ने सुना।***





पश्चात सभी संगठनात्मक मंडलों के बूथों में भाजपा के कार्यकर्ताओं ने भाजपा जिलाध्यक्ष, पूर्व मंत्री रामकिशोर नानो कावरे के कुशल नेतृत्व में बैठक में शामिल होकर आगामी कार्यक्रमों पर सकारात्मक चर्चा की। श्रृंखला में भाजपा बालाघाट ग्रामीण मंडल के कार्यकर्ताओं ने कोसमी में मन की बात सुनी।

इस अवसर पर आओं सांसे हो रही कम, पेड़ लगाए हम के मूलध्येय के साथ फलदार वृक्ष आम पौधरोपण किया गया। मन की बात भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष प्रवीण मेश्राम, किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष कल्पना मर्सकोले, जिला उपाध्यक्ष, जिला मन की बात प्रमुख किशोर अमूले, जितेन्द्र सिंह मोहारे, जिला मीडिया प्रभारी हेमेन्द्र क्षीरसागर, जिला सह प्रभारी जितेंद्र चौधरी, मंडल अध्यक्ष सतीश लिल्हारे, शक्ति केन्द्र प्रभारी महेश शरणागत, जुगल बम्बूरे, संजू ब्रम्हे, दिपिका बिसेन, काशी बाई नगपुरे, राजा रैकवार, असीम दाशरे, अंजलि पगरवार, कविता ब्रम्हे, राजा परतें सहित बड़ी संख्या में बूथ पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने श्रवण कर जन कल्याण का लिया संकल्प।

## प्रेरक प्रसंगों का उल्लेखः प्रवीण मेश्राम

मन की बात सुनते ही भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष प्रवीण मेश्राम ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरक प्रसंगों का उल्लेख करते हुए कहा कि, प्रधानमंत्री मोदी ने कारगिल विजय दिवस के बारे में बात की और वीर बलिदानियों को नमन किया।

## गर्व से भर देता :किशोर अमूले

इसी कड़ी में भाजपा जिला मन की बात प्रमुख किशोर अमूले ने कहा कि, प्रधानमंत्री के संबोधन मे उल्लेखित हमारे जीवन में कुछ तारीखें ऐसी होती हैं। जिन्हें याद रखने के लिए कैलेंडर देखने की जरूरत नहीं पड़ती है। आज 26 जुलाई ऐसी ही एक तारीख है। आज कारगिल विजय दिवस है, ये दिन हमें गर्व से भर देता है।

## विशेष शौर्य विजय यात्राः हेमेन्द्र क्षीरसागर

वहीं भाजपा जिला मीडिया प्रभारी हेमेन्द्र क्षीरसागर ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संवाद में आज का भारत अपने वीरों को सिर्फयाद ही नहीं करता है, बल्कि नई पीढ़ी तक उनकी गाथा भी पहुंचाता है। इसी भावना से इस वर्ष से विशेष शौर्य विजय यात्रा निकाली गई है।

## वन राइड, वन नेशन, वन सैल्यूटः जितेन्द्र चौधरी

बेला में भाजपा सह मीडिया प्रभारी जितेन्द्र चौधरी ने कहा, अद्भुत 14 जुलाई को दिल्ली के नेशनल वॉर मेमोरियल से शुरू हुई मोटरसाइकिल यात्रा द्रास के कारगिल वॉर मेमोरियल तक पहुंचेगी। इसका संदेश है, वन राइड, वन नेशन, वन सैल्यूट। ये यात्रा हमें याद दिलाती है, कि राष्ट्र के लिए दिया गया बलिदान कभी भुलाया नहीं जा सकता है।

## अपना सर्वस्व अर्पितः सतीश लिल्हारे

दौरान भाजपा बालाघाट ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सतीश लिल्हारे ने प्रधानमंत्री के जनसंवाद को उल्लेख करते हुए कहा, कारगिल की ऊंची-ऊंची चोटियां, कठिन मौसम, दुश्मन की चुनौती, हर परिस्थिति हमारे सैनिकों के सामने थी, लेकिन उनका हौसला हर चुनौती से बड़ा था। उन्होंने मां भारती की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व अर्पित कर दिया।

# बालाघाट में भव्य समारोहपूर्वक संपन्न हुई राष्ट्रीय पंवार क्षत्रीय महासभा की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक..

### राष्ट्रीय अध्यक्ष नंदलाल चौधरी एवं जिलाध्यक्ष विशाल बिसेन की प्रमुख उपस्थिति में सामाजिक संगठन की तय की गई रुपरेखा..

### राजाभोज एवं लोधी रामा बापू की प्रतिमा पर भी किया गया माल्यार्पण..







जगप्रेरणा बालाघाट।

***जिला पंवार क्षत्रीय संगठन पंवार समाज के आहवान पर बालाघाट जिला मुख्यालय में आज 26 जुलाई दिन रविवार को राष्ट्रीय पंवार क्षत्रीय महासभा की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम से पूर्व विविध सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।***

स्थानीय सर्किट हाउस में जिला संगठन पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नंदलाल चौधरी एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्यों का आत्मीय स्वागत किया। इसके पश्चात राष्ट्रीय अध्यक्ष नंदलाल चौधरी एवं जिला अध्यक्ष श्री विशाल बिसेन ने भारत रत्न संविधान निर्माता डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

इसके बाद पदाधिकारियों ने मोती तालाब परिसर स्थित चक्रवर्ती सम्राट राजा भोज की प्रतिमा का पूजन एवं माल्यार्पण किया। पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष, जिला अध्यक्ष, जिला महिला अध्यक्ष एवं जिला युवा अध्यक्ष सहित समस्त पदाधिकारियों ने वृक्षारोपण किया। कार्यक्रम के दौरान दानवीर रामा बापू लोधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जयघोष के साथ नमन किया गया। साथ ही भगवान सहस्त्रबाहु जी की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण किया गया।

बैठक स्थल के समीप राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष ने नर्मदा नगर स्थित चमत्कारी शिव मंदिर में भगवान महाकाल की पूजा-अर्चना कर समाज की सुख-समृद्धि की कामना की। स्थानीय वार्ड 32 मांदी समिति द्वारा मंगल भवन पहुंचने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष नंदलाल चौधरी, जिला अध्यक्ष विशाल बिसेन एवं समाजजनों का भव्य स्वागत-अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर जिला संगठन के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। प्रातः 11 बजे से शुरू हुई राष्ट्रीय पंवार क्षत्रीय महासभा राष्ट्रीय कार्यसमिति बैठक देर शाम तक चलती रही। बैठक में पंवार समाज के पूर्व एवं वर्तमान जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे साथ ही देश भर से आए राष्ट्रीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। समाज के विकास को लेकर विभिन्न प्रस्ताव पारित किए गए, जिसमें मुख्यत राष्ट्रीय स्तर के कार्यालय के निर्माण, शिक्षा और प्रतियोगिता परीक्षा क्षेत्र में जरूरतमंद विद्यार्थियों को सहयोग, चिकित्सा और इलाज हेतु जरूरतमंद सामाजिक बंधुओं को सहयोग एवं अन्य प्रस्ताव पारित किए गए। आज की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक की व्यवस्थापक की भूमिका में मांदी समिति वार्ड 32 बालाघाट रही।

# भरवेली में कांग्रेस का कैंडल मार्च, शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर किया विरोध प्रदर्शन..

जगप्रेरणा भरवेली।

***स्थानीय ब्लॉक कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष भीम वाहने के आह्वान पर सोमवार को भरवेली में केंद्र सरकार की शिक्षा नीतियों और परीक्षा प्रणाली में कथित अनियमितताओं के विरोध में कैंडल मार्च का आयोजन किया गया।***





कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी के संगठन मंत्री शफ्फ्रत खान की प्रमुख उपस्थिति रही। मॉयल चौक से निकाले गए इस कैंडल मार्च में कांग्रेस पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर अपना विरोध दर्ज कराया।

प्रदर्शनकारियों ने नीट एवं सीबीएसई जैसी महत्वपूर्ण परीक्षाओं में सामने आई कथित अनियमितताओं पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए केंद्र सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। उनका कहना था कि परीक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता बनाए रखना सरकार की जिम्मेदारी है, लेकिन हाल के घटनाक्रमों ने विद्यार्थियों और अभिभावकों का विश्वास कमजोर किया है।

कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि परीक्षा अनियमितताओं के खिलाफ शांतिपूर्ण ढंग से आवाज उठाने वाले छात्रों के साथ दंडात्मक कार्रवाई की गई, जो लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है। उन्होंने कहा कि छात्रों की आवाज को दबाने के बजाय सरकार को निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफकठोर कार्रवाई करनी चाहिए।

इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए तत्काल इस्तीफा देने की मांग की। उन्होंने कहा कि जब तक परीक्षा प्रणाली पूरी तरह पारदर्शी और निष्पक्ष नहीं होगी, तब तक देश के लाखों विद्यार्थियों का भविष्य असुरक्षित बना रहेगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा किसी भी राष्ट्र की सबसे महत्वपूर्ण नींव होती है। यदि परीक्षा व्यवस्था ही सवालों के घेरे में आ जाए तो युवाओं का भविष्य प्रभावित होता है। इसलिए सरकार को शिक्षा व्यवस्था में सुधार लाने, पारदर्शिता सुनिश्चित करने और छात्रों के हितों की रक्षा के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए।

कैंडल मार्च के दौरान उपस्थित लोगों ने लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा, विद्यार्थियों के अधिकारों की सुरक्षा तथा निष्पक्ष शिक्षा व्यवस्था की मांग को लेकर नारे लगाए। अंत में सभी ने एक स्वर में केंद्र सरकार की शिक्षा नीति और परीक्षा प्रबंधन में कथित गड़बड़ियों की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए इसे छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ बताया। इस विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारी, सेवादल कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## व्हाट्सअप पर प्रतिदिन खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

बालाघाट, गोंदिया एवं सिवनी में एक साथ प्रसारित दैनिक 'जगप्रेरणा' अब व्हाट्स अप पर भी उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचाने के लिये जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को अपने किसी भी ग्रुप में जोड़ें और ताजा एवं महत्वपूर्ण खबरें प्राप्त करें।

स्वामी विवेकानन्द प्रा. आई.टी.आई.
इलेक्ट्रिशियन फिटर
न्यूनतम शुल्क सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षण
सर्वाधिक रोजगार रोजगार हेतु नियमित कैम्पस
मोती तालाब के पास, सुरभी नगर, बालाघाट
मो. 7000627847, 7000482405, 9826324832
ADMISSION OPEN 2026-27
NCVT एवं DGE&T से मान्यता प्राप्त

नया सोचो आयुर्वेद सोचो...
सुश्रुत प्रोक्टो आयुर्वेदा
मुळव्याध (बवासीर), फिशर भगंदर व अन्य गुदरोग चिकित्सा व आयुर्वेद पंचकर्म केन्द्र
• कमर का दर्द • घुटनों का दर्द • पित का दर्द • गर्दन व कंधों का दर्द • आमवात, गठीया वात एवं सायटिका
• अत्याधुनिक सुविधा युक्त पंचकर्म चिकित्सा कक्ष
• शास्त्रशुद्ध एवं गुणवत्तायुक्त स्वनिर्मित औषधियों का प्रयोग
• रोगी एवं व्याधी अनुरूप पंचकर्म सुविधा
डॉ. अपर्णा खोब्रागडे B.A.M.S., M.D. (Nashik) आयुर्वेद पंचकर्म चिकित्सक 7620340356
साकेत पब्लिक स्कूल रोड, गणेश नगर, गोंदिया 07182-796738

ग्रेसियस कॉलेज
2026-27 ADMISSION OPEN
SC,ST, OBC वर्ग के विद्यार्थियों को म. प्र. शासन के नियमानुसार छात्रवृत्ति
नर्सिंग: बी.एस.सी. नर्सिंग 4 वर्षीय डिग्री
मान्यता : आई.एन. सी. नई दिल्ली, म.प्र. नर्सिंग रजि. काउंसिल भोपाल, राजा शंकरशाह वि. वि. छिंदवाड़ा
फार्मेसी: बी.फार्मा. 4 वर्षीय डिग्री, डी.फार्मा. 2 वर्षीय डिप्लोमा
मान्यता : पी.सी.आई. नई दिल्ली, आर.जी.पी.वी. भोपाल, डी.टी.ई. भोपाल
योग्यता : 12 वी उत्तीर्ण (जीव विज्ञान/गणित संकाय)
73820 53000 / 73820 54000
आर.टी.ओ.ऑफिस के पास, वारासिवनी रोड, बरबसपुर - कायदी,बालाघाट म.प्र.

SARDAR PATEL UNIVERSITY BALAGHAT (M.P.)
ADMISSION OPEN 2026-27
ENGINEERING: POLYTECHNIC, B.TECH | M.TECH (Part Time /Full Time, AICTE Approved)
• Civil Engg. • Mechanical Engg. • Electrical Engg. • Mining Engg. • Computer Sc. & Engg. • Mining & Mine Surveying
B.Tech. (AI & ML) 100% Job Oriented Program
छात्रवृत्ति SC/ST/OBC छात्रों को शासन के योजनानुसार
PHARMACY (PCI Approved): • D. PHARMACY • B. PHARMACY • M. PHARMACY (Pharmacology /Pharmaceutics), MBA PHARMACEUTICAL MANAGEMENT
AGRICULTURE: • B.Sc. (Hons.) • M.Sc.(Ag.) • B.Tech (Agril) • Diploma, ABM AGRI BUSINESS MANAGEMENT
LAW (BCI Approved): • B.A. LL.B. • LL.B. • LL.M.
MANAGEMENT: •BBA (Hons.) • MBA • BHM
BAMS SARDAR PATEL AYURVEDIC MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL | BHMS S.M. DEO HOMOEOPATHIC MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL
कैम्पस : वारासिवनी रोड, डोंगरिया, बालाघाट (म.प्र.)
9174192111, 9174202111, 9174212111

॥ श्री जीणमाता की जय ॥ ॥ जय गुलाब बाबा नमः ॥
प्रो. मनीष वर्मा, मो. 9425448126
मान्यता ऑटो पार्ट्स
सभी प्रकार की टू-व्हीलर गाड़ियों के स्पेयर पार्ट्स मिलते है एंव गाड़ियाँ सुधारी जाती है ।
वार्ड नं. 17, महाराणा प्रताप चौक, शाह कॉम्पलेक्स, बालाघाट (म.प्र.)

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

3 सोमवार 27 जुलाई 2026
जग प्रेरणा live जिला सिवनी
बरघाट, छपारा, केवलारी, घंसौर, लखनादौन, धनोरा एवं संपूर्ण सिवनी जिले की खबरें..

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# ग्लोबल लॉ कॉलेज में मनाया गया कारगिल विजय दिवस..



**जगप्रेरणा सिवनी।** ग्लोबल लॉ कॉलेज सिवनी में 26 जुलाई 2026 को कारगिल विजय दिवस की 27 वीं वर्षगांठ का हर्षोउल्लास के साथ आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के संचालक डॉक्टर साकिब खान एवं विभाग अध्यक्ष सलीम सिद्दीकी एवं महाविद्यालय के समस्त स्टाफ सदस्य एवं छात्र छात्रा उपस्थित हुए कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के सभा कक्ष में किया गया जिसमें महाविद्यालय की असिस्टेंट प्रोफेसर कविता बिजोरिया ने मंच संचालन किया कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता के चित्र पर संचालक द्वारा पुष्प अर्पित करके कार्यक्रम को सर्वप्रथम महाविद्यालय के विभाग अध्यक्ष सलीम सिद्दीकी द्वारा संबोधित किया गया जिसमें विभाग अध्यक्ष ने कारगिल विजय दिवस का इतिहास को बताते हुए भारत-पाकिस्तान के विभाजन वर्ष 1947 से लेकर 1999 तक के विवाद पूर्ण स्थिति एवं कश्मीर समस्या से सम्बंधित घटनाओं का वर्णन किया, विभाग अध्यक्ष ने बताया की इस युद्ध में 527 सैनिको को वीरगति प्राप्त हुई।

लगभग 2 लाख सैनिकों ने कारगिल की विषम परिस्थितियों में 3 महीने तक लगातार भाग लिया और कैसे हमारे देश की सशस्त्र सेना ने विजय को प्राप्त किया इस विषय पर अपने विचार व्यक्त किये उसके पश्चात महाविद्यालय के संचालक को अपने विचार व्यक्त करने हेतु मंच पर आमंत्रित किया गया जहां संचालक ने सर्वप्रथम युद्ध में शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि देते हुए 2 मिनट का मौन धारण करते हुए श्रद्धांजलि दी।

संचालक ने कारगिल विजय दिवस के अवसर पर भारतीय सेना के शौर्य,पराक्रम, एवं अदम साहस का उल्लेख करते हुए देश के प्रति दिए गए उनके बलिदानों को याद करते हुए भारत के पूर्व के वर्षों में हुए युद्ध जिसमें 1962 में चीन से युद्ध, 1965 में पाकिस्तान से युद्ध, 1971 में बांग्लादेश के निर्माण के समय हुए पाकिस्तान से युद्ध,एवं 1999 में पुनः पाकिस्तान के साथ हुए कारगिल युद्ध में सैनिकों के बलिदान को याद किया एवं संचालक महोदय ने बताया कि वर्तमान में भारत की जो सैन्य रणनीति और राष्ट्रीय सुरक्षा नीतियों को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित किया है कारगिल युद्ध ने मजबूत सुरक्षा उपायों की आवश्यकता को उजागर किया है और राष्ट्रीय सुरक्षा बुनियादी ढांचे में बड़े सुधारो को प्रेरित किया है इसने नियंत्रण रेखा (LOC ) को एक प्रभावी अंतर्राष्ट्रीय सीमा के रूप में फिर से स्थापित किया है और कोल्ड स्टार्ट सिद्धांत जैसे नए सैन्य सिद्धांतों के विकास को गति दी है संघर्ष की विरासत भारत की रक्षा रणनीति और कूटनीतिक संबंधों को नई दिशा दी है।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के स्टाफसदस्यों में मुख्य रूप से पुष्पराज सिंह, बृजेश भार्गव, कविता बिजुरिया, निशा सनोदिया, मातेश्वरी उइके, मुबस सरा अली, शेख समीम, शिवकुमार, एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित हुए कार्यक्रम के दौरान आभार प्रदर्शन महाविद्यालय के पुष्पराज सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर समस्त सदस्यों द्वारा राष्ट्रगीत का वाचन किया गया एवं उसके पश्चात कार्यक्रम के समापन की घोषणा की गई।

# सिवनी जिले की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत कान्हीवाड़ा में पसरा भ्रष्टाचार

## 80 हजार की पुलिया एक माह में भी अधूरी, ग्रामीणों में भारी आक्रोश..






**जगप्रेरणा कान्हीवाड़ा।** सिवनी जिले की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत कान्हीवाड़ा इन दिनों भ्रष्टाचार, कुप्रबंधन और प्रशासनिक लापरवाही का अड्डा बनी हुई है। पंचायत में स्थाई सचिव न होने के कारण विकास कार्य पूरी तरह ठप पड़े हैं और समय सीमा पर कोई भी काम पूरा नहीं हो पा रहा है। वहीं ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत के जिम्मेदार पीसीओ और सरपंच की हिटलरशाही के चलते आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

मामला कान्हीवाड़ा से मटियाटोला मार्ग का है, जहाँ मात्र 80 हजार रुपये की लागत से एक छोटी पुलिया का निर्माण किया जा रहा है। आश्चर्य और चिंता की बात यह है कि एक महीना बीत जाने के बाद भी यह पुलिया बनकर तैयार नहीं हो सकी है। निर्माण कार्य की धीमी गति और घटिया सामग्री के प्रयोग को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। पुलिया निर्माण अधूरा होने के कारण कान्हीवाड़ा-मटियाटोला मार्ग पूरी तरह बाधित हो गया है। पंचायत प्रशासन की सबसे बड़ी नाकामी यह रही कि उन्होंने आवागमन के लिए कोई प्रतिदिन इस मार्ग से गुजरने वाले सैकड़ों स्कूली छात्र-छात्राएं जान जोखिम में डालकर या लंबा चक्कर काटकर स्कूल जाने को मजबूर हैं। रोजमर्रा के काम के लिए निकलने वाले ग्रामीणों और किसानों का संपर्क पूरी तरह कट सा गया है। पंचायत की इस मनमानी और तानाशाही रवैये से तंग आकर प्राइवेट स्कूल संचालकों और स्थानीय ग्रामीणों ने लामबंद होकर तहसीलदार को लिखित आवेदन सौंपा था। हालांकि आवेदन देने के बावजूद अब तक प्रशासन की ओर से न तो ठेकेदार/पंचायत पर कोई कार्रवाई की गई और न ही निर्माण कार्य में तेजी लाई गई।

यदि जल्द से जल्द पुलिया का निर्माण पूर्ण कर आवागमन बहाल नहीं किया गया और पंचायत के दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो ग्रामीण उग्र आंदोलन और चक्काजाम करने को बाध्य होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

# सड़क किनारे खड़ी यात्री बस को पीछे से तेज रफ्तार ट्रक ने मारी टक्कर, एक मृत, 18 घायल





**जगप्रेरणा सिवनी।** जिले के लखनादौन थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर रविवार सुबह करीब 7 बजे सड़क हादसा हो गया। सिरमंगनी गांव के पास सड़क किनारे खड़ी यात्री बस को पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में एक यात्री की मौत हो गई, जबकि 18 लोग घायल हुए हैं। घायलों में पांच की हालत गंभीर बताई जा रही है।

## बस के पीछे से टकराया ट्रक..

भोपाल से मंडला जा रही यात्री बस सिरमंगनी गांव के पास सड़क किनारे रुकी हुई थी। इसी दौरान पीछे से आए ट्रक चालक ने वाहन पर नियंत्रण खो दिया और बस के पिछले हिस्से में टक्कर मार दी। टक्कर से बस का पिछला और ट्रक का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया।

## 5 गंभीर घायलों को जबलपुर भेजा

हादसे में कहानी निवासी देवेंद्र पटेल (40) की मौत हो गई। 18 घायलों को इलाज के लिए सिविल अस्पताल लखनादौन ले जाया गया। इनमें से पांच को गंभीर चोटों के कारण जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। अन्य घायलों का इलाज लखनादौन में चल रहा है।

## पुलिस ने हटवाए क्षतिग्रस्त वाहन

हादसे की सूचना मिलते ही लखनादौन पुलिस और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। राहत कार्य शुरू कर घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। दुर्घटना के बाद कुछ देर राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर यातायात प्रभावित रहा। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर यातायात बहाल कराया।

## प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार की बात..

लखनादौन थाना प्रभारी केपी धुर्वे ने बताया कि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और चालक की लापरवाही हादसे की वजह सामने आ रही है। हालांकि, दुर्घटना का वास्तविक कारण विस्तृत जांच के बाद स्पष्ट होगा।

## घायलों के नाम..

रघुवीर साहू पिता भुन्नीलाल साहू (50), विद्या साहू पति रघुवीर साहू (42), देवलाल पिता चेतराम झारिया (50), रतन लाल पिता रूपसिंह साहू (60),दिगलो बाई पति हेमंत कुमार यादव (50), अनिता पति अरविंद सिंह राजपूत (34), सुखवती पति नेतराम मेहरा (85), लता राजपूत पति सतेंद्र राजपूत (34), अरविंद राजपूत पिता दर्शन राजपूत (35), संदीप पिता कृष्ण रमन यादव (46), नेम सिंह पिता दशरत लाल मरकाम (50), दुम्मा पिता बारेलाल भारती (45), राजकुमार पिता जयसिंग पन्द्रे (34), बदराइन पति शंकर तेकाम (60), आनंद बाई पति सरकार सिंह ठाकुर (50), अभय पिता सरजू प्रसाद नामदेव (25), कुंवर सिंह मरकाम पिता बाबूलाल मरकाम (37)।

# साहित्य का हीरक जयंती महोत्सव में अरविंद मानव व गणेश गुप्ता का किया गया सम्मान..





**जगप्रेरणा सिवनी।** बसंत उत्सव समिति के तत्वाधान में नगर के वरिष्ठ साहित्यकार अरविंद मानव के 75 वर्ष पूर्ण होने पर हीरक जयंती महोत्सव का आयोजन किया गया स्थानीय नटराज लॉज में आयोजित कार्यक्रम के दौरान समाजसेवी गणेश गुप्ता का भी सम्मान किया गया।

इस दौरान वरिष्ठ साहित्यकार जवाहरलाल राय खलीकुजजमा सहर, रमेश श्रीवास्तव चातक युसूफ राज मसूद आतिश राजेंद्र तिवारी दादू राजेंद्र नाथ सिंह अरुणा सिंह मंजू कौशल मोहम्मद सूफी रियाज निदा,नरेंद्र नाथ चट्टान, डॉ रामकुमार चतुर्वेदी मिनहाज कुरैशी संजय जैन संजू श्रीमती अंबिका शर्मा सिराज कुरैशी नाथूराम धुर्वे नरेंद्र बघेल, सहित अनेक लोगों उपस्थित थे पुलिस अवसर पर अरविंद मानव एवं गणेश गुप्ता को साफा व पगड़ी पहनाकर तथा शाल श्रीफल से सम्मानित किया गया। इस दौरान साहित्यकारों द्वारा अभिनंदन पत्र देकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से की गई कवित्री श्रीमती अंबिका शर्मा अंबर द्वारा सरस्वती वंदना की गई वहीं डॉक्टर रामकुमार चतुर्वेदी द्वारा स्मृति स्वरूप श्री फल शालएवं पगड़ी पहनकर सममानित किया गया। आयोजन के दौरान उपस्थित जनों ने कहा कि वर्ष 1970 से अरविंद मानव साहित्य संगम नामक संस्था के माध्यम से हिंदू उर्दू के कार्यक्रम को आयोजित करते रहे हैं इसके पश्चात वर्ष 1983 में शंखनाद संस्था बनी तथा डॉक्टर रामनारायण सिंह मधुर एवं अब्दुल रब सदा के साथ मिलकर बसंत उत्सव समिति के माध्यम से लगातार कवि सम्मेलन एवं साहित्य गोष्ठियों का आयोजन किया जाता रहा वरिष्ठ साहित्यकार पदम सोनी ने कहा कि अरविंद मानव में किसी भी कार्यक्रम को करने की अद्वितीय क्षमता थी उन्होंने 56 साल के कार्यकाल में साहित्य के अनेक को बड़े-बड़े आयोजन किया सिवनी में भवानी प्रसाद मिश्र डॉ रामकुमार वर्मा बाबा नागार्जुन राजेंद्र अवस्थी गिरजा शंकर माथुर सहित लगभग 500 से अधिक कभी एवं साहित्यकारों को सिवनी में बुलाकर न केवल सम्मान किया बल्कि लोगों को साहित्य का रस से रसपान कराया। शायर यूसूफराज ने कहा कि मानव जी की मेरे साथ अनेकों यादें जुड़ी हुई है मनी को कार्यक्रमों में हमने साथ में मिलकर कार्य किया है निश्चित ही नाम की तरह उन्होंने साहित्य क्षेत्र में काम किया। रमेश श्रीवास्तव चातक ने कहा कि मैंने उनके साथ मिलकर अनेकों कार्यक्रमों में न केवल शामिल हुआ बल्कि उनके अंदर की ऊर्जा को साकार होते देखा है अनेकों नवयुवकों को प्रेरणा देकर उन्होंने असीम ऊंचाई यदि है निश्चित ही वह साधु बात के पात्र हैं डॉक्टर जवाहर लाल राय ने कहा कि मानव जी ने चाहे बुजुर्ग हूं या युवा सभी को साथ लेकर साहित्यिक यात्रा प्रारंभ की आज भी 75 वर्ष के हो चुके हैं उनके लिए हर शब्द कम है। वही गणेश गुप्ता भले ही साहित्यकार नहीं रहे लेकिन उन्होंने साहित्यकार का आतिथ्य परिवार की तरह की है उनकी भागीदारी हमेशा रही है आज उनका अभिनंदन करते हुए हम अपने आप को गौरानवित महसूस कर रहे हैं आप सतायु हो, और इसी तरह साहित्यकारों की सेवा करते रहें।

दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनो के लिये संपर्क करे मो. 9329033433

# भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार के सारे रिकार्ड तोड़ दिये है : नरेश

**जगप्रेरणा सिवनी।** डॉ. मोहन यादव की सरकार में कोई भी विभाग घोटालो से अछूता नही है हर विभाग में भाजपा के नेता, मंत्री, अधिकारी मिलकर जनता की गाढ़ी कमाई को लूटने का काम कर रहें है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया कि जैसा कि आप जानते है कि भाजपा नेताओं को लाभ दिलाने के लिए पेट्रोल में मिलावट करने वाला ऐथेनॉल प्लांट स्थापित किए गए है जिसमें कम दाम पर सरकारी चावल उपलब्ध कराये जाते है। एफसी.आई.गोदामो से 17 हजार मीट्रिक टन चावल ऐथेनॉल फेक्ट्री भेजा गया था, चैकाने वाली बात यह है कि इसमें से 5.459 मीट्रिक टन चावल प्लांट तक पंहुचा ही नहीं। सिस्टम के ऑखो के सामने हजारो टन अनाज का बंदरबाट होता रहा।

श्री मरावी ने आगे कहा कि एसआईटी गठन के बाद परत दर परत जब पूछताछ की गई तो सिवनी के औद्योगिक क्षेत्र भुरकलखापा में स्थित नंदगोपाल राईस मिल के संचालक सोनू जैन को बालाघाट पुलिस द्वारा चावल घोटाले में हिरासत में लिया गया, सोनू जैन से इस संबंध में पूछताछ की जा रही है बालाघाट पुलिस द्वारा अनेक लोगो पर मामला दर्ज कर लिया गया है। मामला उजागर होने के बाद नागरिक आपूर्ति निगम ने संचेती राईस मिल को ब्लेकलिस्ट कर दिया है, मीलिंग के लिए दिये गए धान कम पाये जाने पर मिल पर 44 लाख 12 हजार 187 रू. का जुर्माना लगाया गया है जिसकी वसूली जमा राशि से की जाऐगी, इसके साथ ही निगम ने हर्ष राईस मिल, सिद्धिविनायक राईस मिल, बिहारी इंडस्ट्रीज, शांतिनाथ राईस मिल और विराज राईस मिल के डिलेवरी आर्डर रोक दिया है। इन मिलो पर एफ्आईआर के बाद कार्यवाही होगी। इस मामले में 4 जिलो के 13 राईस मिलो की संलिप्तता है बालाघाट, सिवनी, गोंदिया एवं राजनांदगांव के राईस मिलर्स शामिल है। एसआईटी की जांच में अब तक 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। वही बडी मच्छलीयॉ एबीजे ऐथेनॉल प्लांट बोरगांव, छिन्दवाड़ा के मालिक पिता पुत्र सिवनी राईस मिलर्स के संचालक फिलहाल फरार है जिनकी तलाश जारी है।

भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार के सारे रिकार्ड तोड़ दिये है चावल घोटाला भाजपा नेताओं के संरक्षण में किया गया है जिसमें भाजपा के मंत्री, सांसद, विधायक नेता शामिल है पुलिस को इस प्रकरण की बिना किसी राजनैतिक दबाव के कार्यवाही कर 5459 मीट्रिक टन चावल घोटाले की सम्पूर्ण राशि इन घोटाले बाजों से वसूल कर जेल भेजना चाहिये।

# जिला कांग्रेस समन्वय समिति की बैठक 28 को

**जगप्रेरणा सिवनी।** *मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के आदेशानुसार जिला संगठन की मासिक कार्ययोजना तैयार किए जाने के संबंध में जिला*

कांग्रेस समन्वय समिति की बैठक प्रत्येक माह आयोजित किया जाना सुनिश्चित है इसी तारतम्य में जिला प्रभारी परासिया विधायक सोहन वाल्मीक के निर्देशानुसार, जिला समन्वय समिति की बैठक जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी की अध्यक्षता में दिनांक 28 जुलाई 2026, दिन मंगलवार को 11 बजे से जिला कांग्रेस कमेटी इंदिरा भवन सिवनी में आहूत की गई है।

बैठक में जिला समन्वय समिति के पदाधिकारी सदस्य एवं विधानसभा प्रभारी आमंत्रित है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी की मंशानुरूप कांग्रेस संगठन में रचनात्मक गतिविधियों के कुशल संचालन की दिशा में कांग्रेस पदाधिकारियों को प्रशिक्षित किये जाने की मंशा को साकार रूप देने जिला कांग्रेस कमेटी सिवनी द्वारा आगामी 7 एवं 8 अगस्त 2026 को आयोजित किये जा रहें प्रशिक्षण शिविर की तैयारी हेतु ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष/सिवनी, बरघाट, केवलारी, छपारा एवं लखनादौन नगर कांग्रेस अध्यक्ष तथा प्रशिक्षण शिविर की तैयारी हेतु जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त ब्लॉक प्रभारियों की एक आवश्यक बैठक इसी दिन 28 जुलाई 2026 को दोपहर 2 बजे रखी गई है।

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी ने एवं ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष, ब्लॉक प्रभारी तथा नगर अध्यक्षो से बैठक के निर्धारित समय पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होने हेतु अपील की है।

# कुपोषण के खिलाफ चलाया अभियान, शिक्षकों ने किया बच्चों की शंका का समाधान




**जगप्रेरणा सिवनी।** *देश विकास के मार्ग में अग्रसर है इसके बावजूद भी ग्रामीण अंचलों में अनेक जाति के लोग कुपोषण के शिकार हैं माना जाता है कि अगर व्यक्ति कुपोषण का शिकार होता है*

तो उसका व्यक्तित्व विकास होना संभव नहीं है इसी बात को ध्यान में रखते हुए शासन ने महिला बाल विकास विभाग के अंतर्गत अनेक योजनाएं चालू की है जिसके माध्यम से हम ऐसे परिवार को शासन की योजना का लाभ दिलाते हुए उन्हें कुपोषण से मुक्त कर सकते हैं।

इसके लिए शासन ने ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में आंगनवाड़ी संस्था प्रारंभ की है जो कुपोषित बच्चों को पोषण आहार देकर उन्हें इस रोग से मुक्त करने का प्रयास करती है जिसको लेकर पूरे देश में अभियान चल रहा है बच्चों में कुपोषण के प्रति जन चेतना जागृत करने के उद्देश्य से प्रारंभ किए गए अभियान को शालेय स्तर पर प्रारंभ करते हुए शासकीय नेताजी सुभाष चंद्र बोस हायर सेकेंडरी शाला सिवनी की प्राचार्य श्रीमती राजेश्वरी धुर्वे ने व्यक्त किये। इस अवसर पर शाला की शिक्षक यदुराज उईके ने कहा कि यह अभियान शासन द्वारा जनहित में जारी किया गया है जिसमें समय-समय पर बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर स्वास्थ्य परीक्षण एवं पोषण आहार का वितरण किया जाता है साथ ही बच्चों को शिक्षित करने के लिए प्रेरित किया जाता है जिसके लिए आंगनबाड़ी जैसी संस्था महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती हैं आयोजन के दौरान श्रीमती अंजना राय फऱजाना खान नोडल अधिकारी फरजानापोषण आहार को लेकर प्रश्न किया जिसका यादुराज हुई के द्वारासमुचित जवाब दिया गया।









विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# 5जी के दौर में भी बालाघाट के दर्जनों आदिवासी गांव डेटा नेटवर्क से कोसों दूर..

## आवेदन पर आवेदन, फिर भी नहीं मिला नेटवर्क..






**हितेश अजीत, जगप्रेरणा बालाघाट।**

***देश डिजिटल इंडिया की नई उड़ान भर रहा है। शहरों में 5जी और अत्याधुनिक संचार सेवाओं का विस्तार हो रहा है, लेकिन बालाघाट जिले के कंसगी, मोहनपुर, चालीसबोड़ी, कावेली, माटे, पालागोदीं, कोडका, कुआगोदीं, सर्रा, कानाटोला, इरली, कुल्पा, नयाटोला सहित दर्जनों आदिवासी*** गांव आज भी मोबाइल डेटा नेटवर्क की गंभीर समस्या से जूझ रहे हैं। हजारों ग्रामीणों के लिए मोबाइल केवल बात करने का साधन बनकर रह गया है। इंटरनेट नहीं होने से राशन, आधार, बैंकिंग, किसान पंजीयन, पटवारी, कृषि विभाग, छात्रवृत्ति और अन्य सरकारी योजनाओं से जुड़े ऑनलाइन कार्य प्रभावित हो रहे हैं। आवेदन, ज्ञापन, प्रदर्शन और जनप्रतिनिधियों से गुहार लगाने के बावजूद वर्षों से समस्या जस की तस बनी हुई है।

करीब पांच हजार से अधिक आबादी वाले इन गांवों में मोबाइल तो लगभग हर हाथ में है, लेकिन नेटवर्क और डेटा नहीं। किसी अपने से बात करनी हो, किसी बीमार की सूचना देनी हो या जरूरी जानकारी भेजनी हो, तो ग्रामीण आज भी गांव से बाहर निकलकर ऊंची पहाड़ियों या ऐसे स्थानों तक जाते हैं, जहां किसी तरह मोबाइल का सिग्नल मिल सके। यह तस्वीर किसी पुराने दौर की नहीं, बल्कि वर्ष 2026 के भारत की है।

जब बाहर से आए रिश्तेदार, परिचित या साथी कहते हैं, आज भी किस दुनिया में रह रहे हो?÷ तो स्थानीय लोगों का दर्द छलक उठता है। वे कहते हैं, ÷क्या हम इस देश के नागरिक नहीं हैं? आखिर हमारे गांवों के साथ ही ऐसा भेदभाव क्यों?आज लगभग हर सरकारी व्यवस्था ऑनलाइन हो चुकी है। राशन वितरण, आधार अपडेट, किसान पंजीयन, पटवारी के रिकॉर्ड, कृषि विभाग की योजनाएं, छात्रवृत्ति, बैंकिंग और अन्य सरकारी सेवाएं इंटरनेट पर निर्भर हैं। लेकिन इन गांवों में डेटा नेटवर्क नहीं होने से अधिकांश काम रुक जाते हैं। मजबूरी में ग्रामीणों को 30 से 50 किलोमीटर दूर ऐसे कस्बों या शहरों तक जाना पड़ता है, जहां इंटरनेट उपलब्ध हो। परिवहन की सुविधा नहीं होने के कारण बैगा आदिवासी और अन्य ग्रामीण सामूहिक रूप से वाहन किराए पर लेकर निकलते हैं। कई बार घंटों का सफर तय करने के बाद पता चलता है कि सर्वर बंद है और उन्हें बिना काम कराए ही मायूस होकर लौटना पड़ता है।

ग्रामीणों का कहना है कि बीएसएनएल का नेटवर्क कभी-कभी मिल भी जाता है, लेकिन उसकी गति इतनी धीमी होती है कि इंटरनेट आधारित काम करना लगभग असंभव हो जाता है। कई बार सिर्फ आवाज में बात हो जाती है, लेकिन डेटा नहीं चलने से सभी ऑनलाइन कार्य ठप पड़ जाते हैं।

सबसे बड़ी परेशानी मोबाइल डेटा की है। आज जहां जियो, एयरटेल और वोडाफोन-आइडिया जैसी निजी कंपनियां देश के गांव-गांव तक अपने टावर स्थापित कर रही हैं, वहीं इस पूरे आदिवासी क्षेत्र को मानो अछूता छोड़ दिया गया है। निजी कंपनियों का नेटवर्क यहां लगभग नहीं के बराबर है।

ग्रामीणों का कहना है कि वे ÷सौ साल पीछे की जिंदगी÷ जीने को मजबूर हैं। वर्षों से जनप्रतिनिधियों, प्रशासन और दूरसंचार विभाग को आवेदन, ज्ञापन और निवेदन दिए जा रहे हैं। मांगों को लेकर ग्रामीणों ने बालाघाट-बैहर मार्ग पर सड़क पर बैठकर प्रदर्शन भी किया। विधायक, सांसद, कलेक्टर, एसडीएम सहित संबंधित अधिकारियों को कई बार समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन आज तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकल सका।

सरपंच प्रतिनिधि ओमप्रकाश मर्सकोले ने कहा, आवेदन-निवेदन करते-करते हम थक चुके हैं। समझ नहीं आता कि हमारे साथ ऐसा भेदभाव क्यों हो रहा है। क्या हम इस देश के नागरिक नहीं हैं? आखिर हमारे गांवों को ही मोबाइल नेटवर्क जैसी मूलभूत सुविधा से क्यों वंचित रखा गया है?

जिला पंचायत सदस्य डाली कावरे ने कहा, ÷मैंने आदिवासी भाई-बहनों की इस समस्या को हर मंच पर प्रमुखता से उठाया है, लेकिन आज तक नतीजा शून्य है। यदि जल्द ही इस गंभीर समस्या का समाधान नहीं हुआ तो मैं सैकड़ों आदिवासी भाई-बहनों के साथ भूख हड़ताल पर बैठने को मजबूर हो जाऊंगी।÷

गौरतलब है कि कंसगी, मोहनपुर, चालीसबोड़ी, कावेली, माटे, पालागोदीं, कोडका, कुआगोदीं, सर्रा, कानाटोला, इरली, कुल्पा, नयाटोला सहित यह पूरा इलाका वर्षों तक नक्सल प्रभावित क्षेत्र रहा है। ऊंचे पहाड़ों और घने जंगलों से घिरे इन गांवों में लंबे समय तक विकास कार्य प्रभावित रहे। अब क्षेत्र पूरी तरह नक्सलमुक्त हो चुका है, लेकिन विकास की सबसे बुनियादी सुविधाओं में शामिल मोबाइल नेटवर्क और डेटा आज भी यहां के लोगों की पहुंच से दूर हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब क्षेत्र में शांति लौट आई है, तब शासन-प्रशासन को सबसे पहले इन गांवों को संचार और डिजिटल सुविधाओं से जोड़ना चाहिए था, लेकिन आज भी हजारों आदिवासी परिवार डिजिटल दुनिया से कटे हुए हैं।

सबसे अधिक पीड़ा इस बात की है कि जिले के अन्य दूरस्थ गांवों तक मोबाइल और इंटरनेट की सुविधाएं पहुंच चुकी हैं, लेकिन इन गांवों के लोग आज भी डिजिटल अंधेरे में जी रहे हैं। बच्चे ऑनलाइन शिक्षा से वंचित हैं, किसान समय पर जानकारी नहीं ले पाते, युवाओं के रोजगार और प्रतियोगी परीक्षाओं के अवसर प्रभावित हो रहे हैं और आम नागरिक सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए बार-बार शहरों के चक्कर काटने को मजबूर हैं।

ग्रामीणों की आंखों में दर्द साफझलकता है। वे कहते हैं, क्या सिर्फमोबाइल नेटवर्क और डेटा नहीं होने की वजह से हमें अपने पूर्वजों की जमीन और गांव छोड़ देना चाहिए? क्या विकास का अधिकार सिर्फशहरों के लोगों के लिए है?

यह सवाल केवल कुछ गांवों का नहीं, बल्कि उस व्यवस्था से है जो डिजिटल भारत की बात तो करती है, लेकिन आज भी हजारों आदिवासी परिवारों को संचार और इंटरनेट जैसी बुनियादी सुविधा उपलब्ध नहीं करा सकी है। सवाल सिर्फ मोबाइल सिग्नल का नहीं, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, सरकारी योजनाओं तक पहुंच और सम्मानजनक जीवन का है। इन गांवों के लोग किसी विशेष सुविधा की मांग नहीं कर रहे, बल्कि अपने संवैधानिक अधिकार की मांग कर रहे हैं। अब देखना यह है कि वर्षों से उठ रही इन गांवों की दर्दभरी आवाज आखिर कब सुनी जाएगी।

## नशामुक्ति अभियान कब अपने असली स्वरूप में आकर परिवर्तन लायेगा..

# नशा मुक्ति के नारों के बीच गांव-गांव शराब का जाल! आखिर कब टूटेगा अवैध शराब माफियाओ का नेटवर्क..

**जगप्रेरणा रामपायली।**

एक ओर मध्यप्रदेश शासन प्रदेशभर में ÷नशे से दूरी है जरूरी÷ और ÷नशा मुक्त भारत÷ जैसे जनजागरूकता अभियान चलाकर समाज को नशे से दूर रहने की सीख दे रहा है, वहीं दूसरी ओर बालाघाट जिले के अनेक ग्रामीण क्षेत्रों में शराब की आसान उपलब्धता को लेकर लगातार सवाल उठ रहे हैं।

सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि जब किसी गांव में अधिकृत शराब दुकान नहीं है, तब वहां एक ही गांव में अलग-अलग स्थानों पर शराब आसानी से उपलब्ध कैसे हो जाती है? यदि यह हो रहा है, तो इसकी जवाबदेही किसकी है? यही सवाल आज आम ग्रामीणों के मन में है।

### नशा मुक्ति का अभियान या केवल औपचारिकता?

सरकारी विद्यालयों में शपथ दिलाई जाती है, रैलियां निकाली जाती हैं, पोस्टर लगाए जाते हैं, भाषण दिए जाते हैं कि नशा समाज के लिए अभिशाप है। लेकिन जब वही शराब गांव के हर कोने तक पहुंच जाती है, तब इन अभियानों की प्रभावशीलता पर स्वाभाविक रूप से प्रश्न उठते हैं।

यदि गांव के युवक को शराब खरीदने के लिए लाइसेंसी दुकान तक जाने की आवश्यकता ही नहीं पड़ती और गांव में ही शराब उपलब्ध हो जाती है, तो नशा मुक्ति अभियान की वास्तविक सफलता कैसे सुनिश्चित होगी?

### गांव-गांव शराब पहुंचने का नेटवर्क - जांच का विषय

ग्रामीण क्षेत्रों में यह चर्चा आम है कि अधिकृत शराब दुकान से शराब विभिन्न माध्यमों से गांवों तक पहुंचाई जाती है और वहां छोटे स्तर पर उसका विक्रय होता है। यदि ऐसी शिकायतें सामने आ रही हैं, तो यह आवश्यक है कि संबंधित विभाग पूरे तंत्र की निष्पक्ष और उच्च स्तरीय जांच कर वास्तविक स्थिति स्पष्ट करे। यह किसी एक गांव का नहीं बल्कि पूरे जिले की सामाजिक सुरक्षा, कानून व्यवस्था और युवा पीढ़ी के भविष्य से जुड़ा विषय है।

### सबसे बड़ी कीमत कौन चुका रहा है?

इस व्यवस्था की सबसे बड़ी पीड़ा उन महिलाओं के हिस्से आती है जिनके परिवार शराब की लत से आर्थिक और सामाजिक संकट झेल रहे हैं। यह उन बच्चों की पीड़ा है जो चाहते हैं कि उनके पिता नशे से दूर रहें। यह उन बुजुर्ग माता-पिता की चिंता है जिनकी मेहनत की कमाई नशे में बर्बाद हो जाती है। यह उन गरीब परिवारों की आवाज है जो रोज शराब के कारण घरेलू विवाद, हिंसा और असुरक्षा का सामना करते हैं।

### शिक्षित समाज क्यों मौन है?

आज का शिक्षित और जागरूक वर्ग भी कई बार इसलिए खुलकर सामने नहीं आता क्योंकि उसे यह विश्वास नहीं रह गया कि शिकायत के बाद प्रभावी कार्रवाई होगी। यह मौन व्यवस्था के प्रति अविश्वास का संकेत है, जिसे दूर करना आवश्यक है।

### बालाघाट प्रशासन से जिलेवासियों की अपेक्षा

बालाघाट जिले ने पिछले कुछ वर्षों में कानून व्यवस्था के क्षेत्र में अनेक सकारात्मक उपलब्धियां हासिल की हैं। जिले के माननीय कलेक्टर श्री मृणाल मीणा एवं पुलिस अधीक्षक श्री आदित्य मिश्रा के नेतृत्व में प्रशासन ने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किए हैं।

विशेष रूप से जिले में नक्सलवाद को खत्म करने की जो उपलब्धि प्राप्त की है उसकी व्यापक स्तर पर सराहना हुई है। इसी विश्वास के आधार पर जिले के नागरिकों की विनम्र अपेक्षा है कि जिस दृढ़ता और योजनाबद्ध तरीके से कानून-व्यवस्था की चुनौतियों का सामना किया गया, उसी गंभीरता से यदि अवैध शराब बिक्री के नेटवर्क की भी उच्च स्तरीय जांच कर उस पर प्रभावी कार्रवाई की जाए, तो इसका व्यापक सामाजिक लाभ मिलेगा।

रामपायली और क्षेत्रीय महिला संगठनो ने कहा कि किसी व्यक्ति, संस्था या विभाग पर बिना जांच किसी प्रकार का आरोप नहीं लगा रहे है। हमारा उद्देश्य केवल उन जनभावनाओं और शिकायतों को सामने लाना है जो लंबे समय से ग्रामीण क्षेत्रों में चर्चा का विषय बनी हुई हैं।

हम जिला प्रशासन से सादर निवेदन करते हैं कि– पूरे जिले में अवैध शराब बिक्री की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए। गांव-गांव संचालित होने वाले कथित अवैध विक्रय केंद्रों की पहचान की जाए। यदि कोई व्यक्ति या गिरोह अवैध रूप से शराब बेचता पाया जाए तो उसके विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाए। नशा मुक्ति अभियान को केवल प्रचार तक सीमित न रखकर धरातल पर प्रभावी बनाया जाए। यदि नशा समाज के लिए अभिशाप है, तो फिर गांव-गांव तक इसकी पहुंच क्यों?

यदि शासन नशा मुक्त समाज चाहता है, तो अवैध शराब का नेटवर्क कब समाप्त होगा? बालाघाट की जनता को विश्वास है कि माननीय कलेक्टर श्री मृणाल मीणा और पुलिस अधीक्षक श्री आदित्य मिश्रा इस विषय को गंभीरता से लेते हुए निष्पक्ष जांच कराएंगे और यदि कहीं भी अवैध शराब का कारोबार संचालित हो रहा है, तो उसे कानून के दायरे में लाकर समाप्त करने की दिशा में प्रभावी कदम उठाएंगे। यह किसी एक गांव की नहीं, बल्कि पूरे बालाघाट जिले के सामाजिक भविष्य, युवाओं के जीवन और हजारों परिवारों की खुशहाली से जुड़ा प्रश्न है।

# भारती विद्यालय ने चुना अपना शालानायक बने दर्शन परियानी



**जगप्रेरणा रामपायली।**

भारती इंग्लिश स्कूल, रामपायली में लोकतंत्र का उत्सवः छात्र प्रतिनिधि परिषद का गठन, नन्हे विद्यार्थियों ने वर्षा ऋतु पर मनमोहक प्रस्तुतियों से जीता सभी का दिल, राम पायली मित्र मंडल द्वारा संचालित भारती इंग्लिश स्कूल, रामपायली में शनिवार को लोकतांत्रिक मूल्यों, नेतृत्व क्षमता एवं रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से छात्र प्रतिनिधि परिषद के गठन का भव्य आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह, अनुशासन और लोकतांत्रिक भावना के साथ सहभागिता निभाई।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में छात्र प्रतिनिधियों के लिए चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने लोकतंत्र के महत्व को समझते हुए अपने प्रतिनिधियों का चयन किया। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद विद्यालय परिवार ने विजयी छात्र-छात्राओं का तालियों की गूंज के बीच अभिनंदन किया, वहीं उपविजेता प्रतिभागियों का भी सम्मान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि जीत और हार लोकतांत्रिक प्रक्रिया का हिस्सा हैं, लेकिन सबसे बड़ी जीत अच्छे नेतृत्व, अनुशासन और जिम्मेदारी निभाने की होती है।

कार्यक्रम का एक विशेष आकर्षण ÷वर्षा ऋतु विशेष प्रस्तुति÷ भी रही। नर्सरी से लेकर कक्षा द्वितीय तक के नन्हे विद्यार्थियों ने वर्षा ऋतु की आकर्षक वेशभूषा धारण कर मंच पर शानदार प्रस्तुतियां दीं। बच्चों ने अपने सरल, सहज और मनमोहक अंदाज में वर्षा ऋतु का महत्व, जल संरक्षण, पर्यावरण सुरक्षा तथा प्रकृति के प्रति प्रेम का संदेश दिया।

उनकी मासूम अभिव्यक्तियों ने उपस्थित शिक्षकों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों का मन मोह लिया। विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकों ने कहा कि भारती इंग्लिश स्कूल में शिक्षा का उद्देश्य केवल परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास, अनुशासन, सेवा भावना और सामाजिक उत्तरदायित्व का विकास करना भी है। छात्र प्रतिनिधि परिषद के माध्यम से विद्यार्थियों को विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों में नेतृत्व करने का अवसर मिलेगा, जिससे उनमें निर्णय लेने की क्षमता और जिम्मेदारी की भावना और अधिक विकसित होगी।

### नवगठित छात्र प्रतिनिधि परिषद

शाला नायक : दर्शन परियानि उपशाला नायक : सोनाली डोहरे, क्रीड़ा प्रभारी : नंदिनी शेंडे एवं प्रणय मारवाड़ी, सूचना प्रभारी : वेद रजक एवं सौर्य सोनवाने, सांस्कृतिक प्रभारी : पारुल विपिन गजभिए , नव्या भगत ,मुस्कान बिसेन एवं काव्या डहरवाल निर्वाचित हुए।

विद्यालय परिवार ने नवचयनित छात्र प्रतिनिधियों को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वे अपने दायित्वों का ईमानदारी, अनुशासन और समर्पण के साथ निर्वहन करेंगे तथा विद्यालय के गौरव को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

कार्यक्रम का समापन विद्यार्थियों में लोकतांत्रिक मूल्यों, अनुशासन, सहयोग, नेतृत्व और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करने के संकल्प के साथ हुआ।

भारती इंग्लिश स्कूल, रामपायली द्वारा आयोजित यह आयोजन केवल छात्र परिषद के गठन तक सीमित नहीं रहा, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, रचनात्मक अभिव्यक्ति और नेतृत्व निर्माण की दिशा में विद्यालय की उत्कृष्ट शैक्षणिक सोच का भी सशक्त उदाहरण बनकर सामने आया।

# गुरु पूर्णिमा पखवाड़े के चलते सुनार ककोडी के विद्यार्थियों ने संदीपनी विद्यालय का किया शैक्षणिक भ्रमण






**जगप्रेरणा लांजी।**


***नवाचार एवं प्रयोगात्मक गतिविधि के लिए प्रसिद्ध सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोलेगांव लांजी बालाघाट में 25 जुलाई को गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा अंतर्गत छात्र -छात्राओं एवं पालकों*** के साथ शैक्षिक गतिविधियों में प्रगति पर चर्चा की गई। इसी कड़ी में अन्य विद्यालयो के शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें शासकीय हाई स्कूल सुनारककोड़ी से 70 छात्र-छात्राओं के साथ विद्यालय से प्रमोद कुमार भिमटे (प्रभारी प्राचार्य) संजय कुमार सोनवाने, संगीता घोरमारे, सविता कालबेले एवं सुनिता बडगैया भृत्य एवं शासकीय हाईस्कूल रानककोड़ी से 25 छात्र-छात्राओं के साथ विद्यालय से शिक्षक सुनील कुमार दमाहे, मिथलेश भगत एवं चेतन सिंह बिरनवार अपने विद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ विद्यालय का भ्रमण किया। सर्वप्रथम दोनों विद्यालयों से पधारे शिक्षकों एवं बच्चों का तिलक लगाकर और पुष्पगुच्छ देकर एवं बच्चों को बिस्किट पैकेट एवं पेन देकर स्वागत किया गया।तत्पश्चात विद्यालय में संचालित गतिविधियों का अवलोकन किया एवं बहुत ही बारीकी से प्रत्येक गतिविधि को आत्मसात किया। साथ ही उन्होंने कहा कि इस सांदीपनि विद्यालय बोलेगांव के भ्रमण से हमने एक अलग परिवेश के दर्शन किए जिन्हें हम केवल फिल्मों में देखा करते थे लेकिन आज हमने प्रत्यक्ष देख कि यह वास्तव में संभव है बस जरूरत है सच्ची लगन एवं कार्य के प्रति समर्पित भाव की। हम भी निश्चित ही अपने विद्यालय में इन सभी गतिविधियों को संचालित करने का प्रयास करेंगे। कार्यक्रम के अंत में संस्था प्राचार्य बी आर गुरदे सर ने कहा कि हमारी भावना एकला चलो वाली नहीं हैं बल्कि हमारा उद्देश्य हमारे कौशल को सभी के साथ साझा करना है। हम चाहते हैं कि ऐसी गतिविधियों का संचालन समीप के सभी विद्यालय में संचालित हो।समीपस्थ विद्यालय से आए शिक्षक एवं विद्यार्थी निश्चित तौर पर कुछ हासिल कर जाएंगे एवं अपने विद्यालय में इसे संचालित करने का प्रयास करेंगे। कार्यक्रम के अंत में संस्था प्राचार्य बी आर गुरदे ने छात्र छात्राओं को भविष्य में आगे बढ़ने के लिए महत्वपूर्ण निर्देश दिए। विद्यालय के शिक्षक - शिक्षिकाओ एवं छात्र छात्राओं की उपस्थित ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई।

# ब्रह्माकुमारीज कन्हीवाड़ा सेवा केंद्र द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न..




**जगप्रेरणा कन्हीवाड़ा।**

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, कन्हीवाड़ा सेवा केंद्र द्वारा बालाजी नगर स्थित गार्डन में पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के संकल्प के साथ वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि थाना कन्हीवाड़ा की सब-इंस्पेक्टर अंकिता जैन रहीं। इस अवसर पर सेवा केंद्र संचालिका बी.के. मोनिका बहन, भूतपूर्व महिला भाजपा अध्यक्ष संगीता,पत्रकार संतोष बंदेवार, हरिशंकर भाई, आनंद भाई सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने उत्साहपूर्वक विभिन्न प्रकार के पौधों का रोपण किया, जिनमें लीची, आंवला, आम, नारियल, गुलमोहर, जामुन, केला, मुनगा एवं चीकू, कटहल के पौधे शामिल रहे। सभी ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने एवं उनकी देखभाल का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में ब्रह्माकुमारीज परिवार द्वारा सब-इंस्पेक्टर अंकिता जैन एवं पत्रकार संतोष बंदेवार को पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम प्रकृति संरक्षण, सामाजिक जागरूकता एवं सामूहिक उत्तरदायित्व का प्रेरणादायी उदाहरण बना।



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# नीट प्रदर्शनकारियों पर कार्रवाई को लेकर विपक्ष मांगेगा अमित शाह का इस्तीफा : माकपा नेता..

नई दिल्ली/तिरुवनंतपुरम, (भाषा)।

***मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के राज्यसभा सदस्य जॉन ब्रिटास ने रविवार को कहा कि कथित नीट प्रश्नपत्र लीक के खिलाफनयी दिल्ली में प्रदर्शन के दौरान छात्रों पर पुलिस कार्रवाई को लेकर विपक्ष केंद्रीय***

गृहमंत्री अमित शाह के इस्तीफे की मांग करेगा। ब्रिटास ने नयी दिल्ली में संवाददाताओं से कहा कि संसद का सत्र सोमवार से शुरू होने पर विपक्ष उच्च शिक्षा विभाग के सचिव के रूप में नरेश पाल गंगवार की नियुक्ति का मुद्दा भी उठाएगा। उन्होंने कहा कि विपक्ष दोनों मुद्दों को संसद में जोरदार तरीके से उठाएगा।

ब्रिटास ने कहा, ''पिछले दिन शाह ने कहा था कि सरकार प्रदर्शन का नेतृत्व करने वाले युवाओं का सम्मान करती है। पिछले 36 दिनों तक वह सम्मान कहां था? जब राष्ट्रीय राजधानी की सड़कों पर छात्रों को पीटा जा रहा था और उनके सिर फोड़े जा रहे थे, तब वह सम्मान कहां था?''

उन्होंने कहा, ''अगर उन शब्दों में जरा भी ईमानदारी है तो अमित शाह को भी इस्तीफा देना चाहिए। धर्मेंद्र प्रधान ने इस्तीफा दे दिया है। निर्दोष छात्रों पर इस क्रूर हमले के लिए जिम्मेदार गृहमंत्री को इस्तीफा देना चाहिए।''

ब्रिटास ने कहा कि परीक्षा संबंधी धोखाधड़ी रोकने के लिए कानूनों को मजबूत करने के किसी भी कदम का विपक्ष समर्थन करेगा, लेकिन उन्होंने सरकार के इस दावे पर सवाल उठाया कि नया कानून इसका समाधान है।

उन्होंने कहा कि परीक्षा में अनुचित साधनों के इस्तेमाल पर रोक लगाने के उद्देश्य से कानून बनाने का सरकार द्वारा दावा करने के बाद 2024 में संसद ने सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम पारित किया था। उन्होंने आरोप लगाया, ''अब सरकार केवल उस कानून में संशोधन का प्रस्ताव दे रही है। समस्या कानून नहीं होना नहीं है, बल्कि उसे लागू करने की राजनीतिक इच्छाशक्ति का अभाव और अधिकारियों का कथित रूप से स्वार्थी तत्वों के साथ समझौता करना है।''

माकपा नेता ने उच्च शिक्षा विभाग के सचिव के रूप में नरेश पाल गंगवार की नियुक्ति पर भी सवाल उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि इससे पहले वह केंद्र सरकार की सब्सिडी के वितरण में अनियमितताओं के आरोपों का सामना कर चुके हैं।

ब्रिटास ने कहा, ÷ऐसे अधिकारी को अब उस विभाग का प्रमुख बनाया गया है, जो सार्वजनिक परीक्षाओं के संचालन के लिए जिम्मेदार है, जहां पारदर्शिता और ईमानदारी सर्वोच्च महत्व रखती है। ये सभी मुद्दे संसद में चर्चा के दौरान उठाए जाएंगे।÷ उन्होंने आरोप लगाया कि अधिकारियों ने जहां प्रदर्शन के दौरान घायल हुए पुलिसकर्मियों का विवरण जारी किया है, वहीं घायल छात्रों के बारे में कोई जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है। उन्होंने कहा, ''गृह मंत्रालय ने कथित रूप से घायल पुलिसकर्मियों का विवरण जारी किया है। लेकिन जिन प्रदर्शनकारियों पर बेरहमी से हमला किया गया, उनके बारे में एक भी जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है। उनकी स्थिति को लेकर पूरी तरह गोपनीयता बरती जा रही है।÷

ब्रिटास ने कहा कि घायल छात्रों की पहचान और उनकी चिकित्सकीय स्थिति सार्वजनिक की जानी चाहिए, ताकि उनके परिवार और सहायता करने के इच्छुक संगठन उनकी मदद कर सकें। उन्होंने आरोप लगाया, ''माता-पिता चिंतित हैं। उनके रिश्तेदार गांवों से दिल्ली आए होंगे और उन्हें सहायता की जरूरत हो सकती है। यहां तक कि हमारी मदद करने की कोशिशों को भी रोका जा रहा है।''


# स्वर्ण मंदिर में 'ऑपरेशन ब्लैक थंडर-1' का नेतृत्व करने वाले एनएसजी के पहले प्रमुख का निधन..

नई दिल्ली, (भाषा)।

***अमृतसर के स्वर्ण मंदिर से हथियारबंद आतंकियों को बाहर निकालने के लिए 1986 में 'ऑपरेशन ब्लैक थंडर-1' का नेतृत्व करने वाले और राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) के प्रथम प्रमुख आर.टी. नागरानी का रविवार को यहां निधन हो गया। वह 98 वर्ष के थे।***

अधिकारियों ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि एनएसजी के पहले महानिदेशक अस्वस्थ थे और दक्षिण दिल्ली स्थित उनके घर पर उनका निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार को किया जाएगा।

नागरानी भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के आंध्र प्रदेश कैडर के 1951 बैच के अधिकारी थे। उन्होंने 17 अगस्त 1984 से 25 सितंबर 1986 तक 'ब्लैक कैट्स' कमांडो फोर्स का नेतृत्व किया।



एनएसजी के महानिदेशक ब्रिघु श्रीनिवासन, जो इसके 25वें प्रमुख हैं, ने नागरानी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने एक ऐसा अनूठा बल बनाया जो दुनिया में कहीं और नहीं है।

उन्होंने कहा, ''संस्थापक द्वारा स्थापित मूल्यों और आदर्शों ने ही वह मजबूत आधार प्रदान किया है जिस पर हमारा 'सबसे बेहतरीन' बल टिका हुआ है।''श्रीनिवासन ने कहा, ''हम सचमुच उनके जैसे महान लोगों के कंधों पर खड़े हैं।''

सरकारी रिकॉर्ड के अनुसार, 'ऑपरेशन ब्लैक थंडर-1' 30 अप्रैल 1986 की रात स्वर्ण मंदिर परिसर में शुरू हुआ और अगले दिन सुबह तक चला।

एनएसजी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट के जरिये अपने पहले प्रमुख को श्रद्धांजलि दी।

इसने पोस्ट में कहा, ''एक दूरदर्शी नेता और संस्था निर्माता के तौर पर, नागरानी ने असाधारण दूरदर्शिता और अटूट समर्पण के साथ एनएसजी की नींव रखी।

पोस्ट के अनुसार, ''उनके नेतृत्व ने वे मूल्य, अनुशासन और कामकाज के तौर-तरीके स्थापित किए, जिसने इस बल को भारत के मुख्य आतंकवाद-रोधी बदल में बदल दिया। यह अपनी सटीकता, साहस और बेहतरीन काम के लिए जाना जाता है।'' नागरानी 1987 में सेवानिवृत्त हुए थे और उनके परिवार में तीन बेटे हैं।

# कॉजपा आंदोलन के बाद आइसा अध्यक्ष ने व्यापक लोकतांत्रिक संघर्षों को समर्थन देने की बात कही..

नई दिल्ली, (भाषा)।

***ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष नेहा बोरा ने पूर्व केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद अपने संबोधन में परीक्षा संबंधी अनियमितताओं के खिलाफ आंदोलन को अन्य संघर्षों से जोड़ते हुए ÷राज्य दमन÷ समाप्त करने की मांग की।***

नेहा ने शनिवार को जंतर-मंतर पर अपने समर्थकों को संबोधित करते हुए मध्य प्रदेश में केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना का विरोध कर रहे आदिवासी समुदायों, सार्वजनिक विश्वविद्यालयों की रक्षा के लिए संघर्ष कर रहे छात्रों, राजनीतिक बंदियों और हाल में राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) प्रश्नपत्र कथित लीक के खिलाफ प्रदर्शनों के दौरान हिरासत में लिये गए लोगों के साथ एकजुटता जताई।

उन्होंने नीट प्रश्नपत्र कथित लीक के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान दिल्ली और बिहार में कथित रूप से हिरासत में लिये गए छात्रों की तत्काल रिहायी की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस जामिया मिल्लिया इस्लामिया विश्वविद्यालय के छात्रों की जानकारी निकाल रही है।

उन्होंने यह भी दावा किया कि प्रदर्शन में कार्यकर्ता के रूप में शामिल रहे मोहम्मद जुनैद के परिवार को उत्तर प्रदेश में जंतर-मंतर प्रदर्शन में उनकी भूमिका को लेकर परेशान किया जा रहा है। आइसा नेता ने कहा कि संगठन ऐसे संघर्षों को कानूनी और राजनीतिक रूप से समर्थन देना जारी रखेगा।



नेहा ने कहा कि प्रधान का इस्तीफा केवल इसलिए महत्वपूर्ण नहीं है कि एक मंत्री ने पद छोड़ा, बल्कि इसलिए भी कि इससे लोकतांत्रिक प्रदर्शनों की ताकत में विश्वास बहाल हुआ है। उन्होंने कहा, ÷धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा केवल एक व्यक्ति का इस्तीफा नहीं है। इसने निराशा के माहौल को तोड़ा है–यह धारणा कि लोग कितना भी विरोध करें, कुछ नहीं बदलता। यह जीत दिखाती है कि एक दमनकारी शासन के खिलाफभी जीत संभव है।÷ इसे आम छात्रों की जीत बताते हुए उन्होंने कहा कि आंदोलन ने साबित किया है कि लगातार जन दबाव सरकार को जवाबदेह बनाने के लिए मजबूर कर सकता है।

बीस जुलाई को संसद मार्च के दौरान प्रदर्शनकारियों पर पुलिस कार्रवाई का जिक्र करते हुए नेहा ने आरोप लगाया कि इस कार्रवाई ने युवाओं के लोकतांत्रिक संघर्ष जारी रखने के संकल्प को और मजबूत किया है।

उन्होंने कहा, ''बीस जुलाई की हिंसा ने देश के युवाओं को संघर्ष करना सिखाया है। अब लोकतांत्रिक अधिकारों पर हर हमले का प्रतिरोध किया जाएगा।''

नेहा ने दिल्ली विश्वविद्यालय और जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के छात्रों का भी आभार जताया, जिन्होंने अपने संस्थानों की कथित चेतावनियों के बावजूद आंदोलन में भागीदारी जारी रखी। उन्होंने कहा कि छात्रों की एकजुटता ने आंदोलन को जीवित रखा।

उन्होंने कहा कि नीट प्रश्नपत्र लीक विरोधी आंदोलन ने विभिन्न जन आंदोलनों के बीच संबंध मजबूत किए हैं और विस्थापन का विरोध करने, सार्वजनिक शिक्षा की रक्षा करने तथा नागरिक स्वतंत्रताओं के लिए संघर्ष करने वालों को लगातार समर्थन देने का संकल्प लिया।

नेहा ने कहा, ÷सफर यहीं समाप्त नहीं होता। इस आंदोलन ने हमें एक-दूसरे के साथ खड़े रहना और लोकतंत्र की रक्षा करना सिखाया है। हम इस भावना को हर भविष्य के संघर्ष में आगे ले जाएंगे।÷ उन्होंने अपना संबोधन ÷इंकलाब जिंदाबाद÷ और ÷आजादी÷ के नारों के साथ समाप्त किया।

# वॉलीवाल,कबड्डी प्रतियोगिता अवसर पर बताए नशे के दुष्परिणाम, युवाओं को नशे से बचने दिलायी शपथ..

जगप्रेरणा लांजी।

***नशे से दूरी है जरूरी 2.0 मध्य प्रदेश पुलिस बालाघाट और जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग के द्वारा समाज को नशा मुक्त बनाने के लिए व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है यह विशेष अभियान 15 से 30 जुलाई 2026 तक पूरे बालाघाट जिले में चलाया जा रहा है।***






जिसका मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभाव से बचाना और मादक पदार्थों के अवैध कारोबार पर प्रहार करना है, जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी राहुल बारेसा के निर्देशानुसार जिले के लांजी विकासखंड के शहीद भगत सिंह स्पोर्ट्स अकैडमी के तत्वाधान में वालीबाल एवं कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, साथ ही सभी खिलाड़ियों को प्रतियोगिता संपन्न होने के पश्चात नशा मुक्ति अभियान के तहत शपथ दिलाई गई। खिलाड़ियों द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान और नशे से दूरी है जरूरी जैसे कार्यक्रमों के तहत समाज को जागरूक करने के लिए लगातार रैलियां निकाली जा रही है।

प्रतियोगिता में आए हुए पुलिस विभाग से अधिकारी ने खिलाड़ियों से अपने संवाद में कहा कि खिलाड़ियों के जीवन में नशे से दूरी अत्यंत आवश्यक है खिलाड़ियों को अनुशासन और नियमित अभ्यास करते रहना चाहिए और कहां की खिलाड़ियों को अगर किसी चीज का नशा हो तो वह सिर्फ अपने खेल को कैसे बेहतर करें एवं खेल के साथ-साथ पढ़ाई में कैसे आगे बढ़े इसकी समझाइस दी गयी।

कार्यक्रम को आयोजित विकासखंड समन्वयक प्रज्ञात वासनिक द्वारा किया गया तथा बताया गया की खेलो के साथ साथ विकासखंड के अन्य विद्यालय में भी जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। प्रतियोगिता में सभी सीनियर खिलाड़ी भी उपस्थित रहे।

# कर्नाटक के मुख्यमंत्री के दिल्ली दौरे के बीच मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर अटकलें तेज..

बेंगलुरु, (भाषा)।

***कर्नाटक के मुख्यमंत्री डी. के. शिवकुमार के सोमवार को होने वाले दिल्ली दौरे के मद्देनजर एक बार फिर ये अटकलें तेज हो गई हैं कि वह काफी समय से लंबित मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर कांग्रेस आलाकमान से मुलाकात कर सकते हैं।***



शिवकुमार ने रविवार को कहा कि उन्होंने दिल्ली में कर्नाटक के केंद्रीय मंत्रियों और सांसदों की बैठक बुलाई है, जिसमें राज्य में सूखे की स्थिति और अन्य मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। हालांकि, इस दौरे के दौरान कांग्रेस आलाकमान से मुलाकात को लेकर कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है लेकिन पार्टी सूत्रों का कहना है कि उनके शीर्ष नेताओं से मिलने की संभावना है।

पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धरमैया और कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) के अध्यक्ष बी. के. हरिप्रसाद भी पार्टी नेतृत्व के साथ होने वाली बैठक में शामिल हो सकते हैं। शिवकुमार और कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने संकेत दिया है कि मंत्रिमंडल का विस्तार जल्द हो सकता है।

मंत्री बनने के इच्छुक नेताओं ने मंत्रिमंडल में शामिल होने के लिए अपनी कोशिशें तेज कर दी हैं। कुछ नेता दिल्ली रवाना हो गए हैं, जबकि कुछ ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के दिल्ली रवाना होने से पहले उनके आवास पर उनसे मुलाकात की। सरकार के मुख्य सचेतक और विधायक अशोक पट्टन ने कहा कि जानकारी मिली है कि सोमवार शाम छह बजे के बाद पार्टी नेतृत्व की बैठक होगी। उन्होंने कहा, ÷हमें उम्मीद है कि मंत्रियों की सूची को सोमवार शाम तक या फिर मंगलवार तक अंतिम रूप दे दिया जाएगा। मेरी मंत्री बनने की प्रबल इच्छा है। मैं एक वरिष्ठ नेता हूं और पूरा भरोसा है कि मुझे अवसर मिलेगा।÷

खरगे से मुलाकात के बाद बंगारपेट के विधायक एम. नारायणस्वामी ने संवाददाताओं से कहा कि उन्हें विश्वास है कि कोलार जिले के चार कांग्रेस विधायकों में से किसी एक को मंत्रिमंडल में जगह मिलेगी, क्योंकि अब तक इस जिले को मंत्रिमंडल में प्रतिनिधित्व नहीं मिला है। उन्होंने कहा, ÷हमने प्रतिनिधित्व की मांग की है। अगर इस बार भी हमें नजरअंदाज किया गया तो अगले चुनाव में हमारे लिए मुश्किल होगी, क्योंकि लोगों को लगेगा कि हम सक्षम नहीं हैं। इससे स्थानीय कार्यकर्ताओं और नेताओं का मनोबल कमजोर होगा।÷ पिछले सप्ताह शिवकुमार, सिद्धरमैया और हरिप्रसाद भी मंत्रिमंडल विस्तार पर चर्चा के लिए नयी दिल्ली गए थे। हालांकि, उस समय चर्चा नहीं हो सकी, क्योंकि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, खरगे और कई अन्य पार्टी नेताओं एवं सांसदों ने राष्ट्रीय पात्रता प्रवेश परीक्षा (नीट) प्रश्नपत्र लीक के विरोध में प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर पुलिस कार्रवाई के खिलाफप्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आवास के बाहर धरना दिया था।

कर्नाटक के नेता मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर पहले ही पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के साथ एक दौर की चर्चा कर चुके हैं। 28 मई को सिद्धारमैया के इस्तीफा देने के बाद तीन जून को डी. के. शिवकुमार ने 13 मंत्रियों के साथ मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। कर्नाटक मंत्रिपरिषद में मुख्यमंत्री समेत कुल 34 मंत्री हो सकते हैं। इनमें से 20 पद अभी भी खाली हैं, जिससे शिवकुमार पर मंत्रिमंडल विस्तार का दबाव बढ़ गया है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, मंत्री बनने के कई दावेदार होने और खाली पद सीमित होने के कारण शिवकुमार और पार्टी नेतृत्व के सामने क्षेत्रीय व जातीय संतुलन बनाए रखने की चुनौती भी है।

# नासिक के कुछ तालुका में दो दिन में भूकंप के कई हल्के झटके आए, कोई हताहत नहीं

नासिक, (भाषा)।

महाराष्ट्र के नासिक जिले में शनिवार सुबह से रविवार तड़के तक भूकंप के कई हल्के झटके महसूस किए गए। हालांकि इनसे जानमाल का कोई नुकसान नहीं हुआ है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।

नासिक के जिलाधिकारी आयुष प्रसाद ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि इन झटकों को देखते हुए प्रशासन ने खतरनाक इमारतों की जांच के निर्देश दिए हैं। साथ ही उन इलाकों पर विशेष ध्यान देने को कहा गया है, जहां भूस्खलन की आशंका है।

नासिक स्थित महाराष्ट्र इंजीनियरिंग एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट (एमईआरआई) ने बताया कि इन झटकों की तीव्रता करीब 3.6 थी। अधिकारियों के अनुसार, शनिवार सुबह सर्जना तहसील में झटके महसूस किए जाने के अलावा शनिवार देर रात और रविवार तड़के तक कलवण, सर्जना, दिंडोरी और पेठ तहसीलों में भी कई झटके महसूस किए गए। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी ने बताया कि शनिवार रात करीब 11 बजकर 56 मिनट पर कलवण तहसील के दलवत तथा दिंडोरी तालुका के नानाशी और बड़गीचा पाड़ा क्षेत्रों में हल्के झटके महसूस किए गए।

जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी ने कहा, ÷शनिवार रात करीब 11 बजकर 55 मिनट पर सर्जना शहर और बोरगांव क्षेत्र में तथा शनिवार देर रात करीब 2 बजकर 45 मिनट पर सारद, चिखली और बोरगांव क्षेत्रों में झटके महसूस किए गए।÷

एक अन्य अधिकारी ने बताया कि सारद स्थित सरकारी 'आश्रमशाला' की दीवारों में दरारें आ गई हैं। जिलाधिकारी प्रसाद ने कहा कि नासिक के पश्चिमी हिस्सों में कुछ 'फॉल्ट लाइन' हैं, जिनके कारण इस तरह के झटके आते हैं। उन्होंने कहा कि भारी बारिश के कारण जमीन में पानी के रिसाव से बने दबाव ने भी इसमें भूमिका निभायी हो सकती है। प्रसाद ने नागरिकों से अधिकृत एजेंसियों द्वारा जारी निर्देशों का पालन करने की अपील की।

# बंगाल सरकार ने भ्रामक सूचनाओं पर लगाम लगाने और सोशल मीडिया पोस्ट की निगरानी के लिए 'वॉर रूम' बनाया..

कोलकाता, (भाषा)।

***पश्चिम बंगाल सरकार ने भ्रामक जानकारी और फर्जी समाचार का मुकाबला करने और डिजिटल मीडिया पर प्रसारित होने वाली सामग्री की निगरानी के लिए 24 घंटे सक्रिय रहने वाला 'वॉर रूम' बनाया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। सूचना और सांस्कृतिक मामलों के विभाग ने शुक्रवार को जारी एक अधिसूचना में कहा कि यह फैसला '' भ्रामक जानकारी,***

दुष्प्रचार और फर्जी समाचार से पैदा होने वाली चुनौतियों'' के मद्देनजर लिया गया है, जिनसे कानून-व्यवस्था, सरकारी कामकाज और राज्य की छवि पर असर पड़ सकता है।

इसमें कहा गया है कि 'वॉर रूम'सोशल मीडिया समेत प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल मंचों पर नजर रखेगा और जिला प्रशासन व अन्य विभागों के साथ समन्वय कर सुनिश्चित करेगा कि सही जानकारी त्वरित प्रसारित की जाए।

अधिसूचना के मुताबिक, इसकी अध्यक्षता सूचना और सांस्कृतिक मामलों के विभाग के सचिव करेंगे और इसमें गृह, सूचना प्रौद्योगिकी और इलेक्ट्रॉनिक्स, आपदा प्रबंधन, स्वास्थ्य, पुलिस विभागों और राज्य प्रशासन के अन्य अहम विभागों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे।

एक अधिकारी ने बताया कि 'वॉर रूम' की जिम्मेदारियों में फर्जी खबरों और सोशल मीडिया सामग्री पर नजर रखना, भ्रामक जानकारी और गुमराह करने वाली बातों की पहचान करना, तथ्यों पर आधारित जवाब तैयार करना, ज़िला अधिकारियों और सरकारी विभागों के साथ समन्वय स्थापित करना और आधिकारिक चैनलों के जरिए सही जानकारी समय पर पहुंचाना शामिल है।

उन्होंने कहा कि 'वॉर रूम' को राज्य सरकार को नियमित रूप से वास्तु स्थिति की रिपोर्ट सौंपने के अलावा, मीडिया संगठनों और फैक्ट-चेकिंग एजेंसियों के साथ संपर्क बनाए रखने के लिए भी अधिकृत किया गया है।

अधिकारी ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि ''लोगों तक सही जानकारी तेज़ी से पहुंचे और जब भी गुमराह करने वाले या गलत सामग्री से भ्रम या घबराहट फैलने का डर हो, तो उससे निपटने के लिए समन्वयित कदम उठाए जाएं।''

उन्होंने कहा, ''इसका उद्देश्य महज निगरानी करना नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि सही जानकारी सरकारी माध्यमों से तेजी से प्रसारित की जाए ताकि अफवाहें जोर न पकड़ सकें।''

राज्य सरकार ने सभी प्रशासनिक विभागों, जिलाधिकारियों, पुलिस आयुक्तों और पुलिस अधीक्षकों से 'वॉर रूम' के साथ समन्वय के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त करने और इसके कामकाज में हर ज़रूरी मदद देने को भी कहा है।







जग प्रेरणा
खेल मनोरंजन
खेल जगत एवं बॉलीवुड व हॉलीवुड की खबरें..



# निशानेबाजी विश्व कप: दमदार प्रदर्शन के बावजूद ऐश्वर्य और नीरज पदक से चूके..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***भारत के दो निशानेबाज ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर और नीरज कुमार रविवार को यहां आईएसएसएफ विश्व कप (राइफल, पिस्टल, शॉटगन) में पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री***




पोजीशन स्पर्धा के फाइनल में पहुंचने के बावजूद पदक जीतने में नाकाम रहे जिससे देश केवल एक रजत पदक के साथ तालिका में संयुक्त सातवें स्थान पर बना हुआ है। भारतीय राइफल निशानेबाजों की किस्मत एक बार फिर उनका साथ नहीं दे सकी। विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता ऐश्वर्य और एशियाई चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता नीरज दोनों आठ निशानेबाजों के फाइनल में पहुंचे, लेकिन क्वालीफिकेशन में शानदार प्रदर्शन को पदक में नहीं बदल सके।

ऐश्वर्य ने 314.3 अंकों के साथ छठा स्थान हासिल किया जबकि नीरज 303.4 अंकों के साथ सातवें स्थान पर रहे। चीन के ओलंपिक चैंपियन झांग चांगहोंग ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 363 अंक के विश्व रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता। हंगरी के इस्तवान पेनी ने रजत और व्यक्तिगत तटस्थ खिलाड़ी मतवेई पोटापोव ने कांस्य पदक अपने नाम किया। क्वालीफिकेशन में नीरज ने दिन का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 595 अंक हासिल किए। वह झांग के बराबर अंक पर रहे, लेकिन काउंटबैक के आधार पर दूसरे स्थान पर रहे।

ऐश्वर्य अपनी सर्वश्रेष्ठ लय में नहीं दिखे, फिर भी उन्होंने 589 अंक जुटाकर आठवें स्थान के साथ फाइनल में जगह बना ली। इस स्पर्धा में भारत के तीसरे निशानेबाज और पूर्व विश्व चैंपियन रुद्रांक्ष पाटिल ने 587 अंक बनाए और 18वें स्थान पर रहे। वह फाइनल में जगह बनाने से काफी पीछे रह गए। राइफल निशानेबाजों के पदक जीतने में असफल रहने के बाद अब भारत की उम्मीदें मुख्य रूप से महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा पर टिकी हैं। एशियाई खेलों की कई बार पदक विजेता ईशा सिंह ने प्रिसीजन चरण में 293 अंक बनाकर तीसरा स्थान हासिल किया और खुद को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। दो बार की ओलंपिक कांस्य पदक विजेता मनु भाकर 292 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर हैं। दोनों निशानेबाज सोमवार को होने वाले रैपिड फायर चरण के बाद फाइनल में जगह बनाने की मजबूत दावेदार हैं।

जकार्ता एशियाई खेल 2018 की स्वर्ण पदक विजेता अनुभवी राही सरनोबत ने 289 अंक बनाए। वह तीन अन्य निशानेबाजों के साथ संयुक्त 15वें स्थान पर हैं। उनके पास अब भी शीर्ष आठ में जगह बनाने का मौका है, लेकिन इसके लिए उन्हें रैपिड फायर चरण में बेहतरीन प्रदर्शन करना होगा। अब तक इस प्रतियोगिता में भारत का एकमात्र पदक संयम ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में रजत पदक जीतकर दिलाया है। चीन ने प्रतियोगिता में अपना दबदबा कायम रखते हुए अब तक 13 पदक जीत लिए हैं जिनमें छह स्वर्ण, तीन रजत और चार कांस्य शामिल हैं। जर्मनी और अमेरिका एक-एक स्वर्ण और एक-एक रजत पदक के साथ संयुक्त दूसरे स्थान पर हैं। वहीं भारत, जापान, स्पेन और हंगरी के साथ एकमात्र रजत पदक के दम पर संयुक्त सातवें स्थान पर बना हुआ है।

# करण कुंद्रा का रोमांटिक प्रपोजल, स्कूबा डाइविंग के दौरान तेजस्वी प्रकश को पहनाई अंगूठी, व्लॉग में दिखाई झलक..

डेस्क जगप्रेरणा।

***तेजस्वी प्रकाश और करण कुंद्रा टीवी इंडस्ट्री के सबसे चर्चित कपल्स में से एक हैं। दोनों की लव स्टोरी रियेलिटी शो 'बिग बॉस' से शुरू हुई थी। 'बिग बॉस 15' के दौरान दोनों की नजदीकियां बढ़ीं।***



रियेलिटी शो में दोनों को प्यार हुआ और तब से अब तक दोनों साथ हैं। 4 साल से दोनों साथ हैं और अक्सर फैंस इनकी शादी को लेकर सवाल करते रहते हैं। पिछले दिनों करण कुंद्रा ने रियेलिटी शो 'देसी ब्लिंग' के दौरान तेजस्वी प्रकाश को प्रपोज किया था और अब एक्टर ने एक बार फिर बेहद रोमांटिक अंदाज में अपनी लेडी लव को प्रपोज किया है, जिसकी झलक कपल के व्लॉग में देखने को मिली। मॉरिशस में अपनी छुट्टियों के दौरान पानी के अंदर तेजस्वी को करण ने अंगूठी पहनाकर अपने वेकेशन को यादगार बना दिया।

## करण ने तेजस्वी को पहनाई अंगूठी..

करण कुंद्रा इन दिनों अपनी लेडी लव तेजस्वी प्रकाश के साथ मॉरिशस में छुट्टियां एंजॉय कर रहे हैं। दोनों यहां कई तरह की एक्टिविटीज का भी लुत्फ उठाते दिखे। करण और तेजस्वी ने साथ में स्कूबा डाइविंग भी की और इसी दौरान समंदर के अंदर करण ने तेजस्वी को अंगूठी भी पहनाई, वो भी घुटनों पर बैठकर। इस दौरान भले ही दोनों पानी के अंदर होने के चलते कुछ बोल नहीं पा रहे थे, लेकिन दोनों के एक्सप्रेशन्स से साफ है कि दोनों इस पल में कितने खुश थे। तेजस्वी भी करण के इस रोमांटिक अंदाज पर फिदा दिखीं।

## एक-दूजे में खोए तेजस्वी-करण..

करण ने तेजस्वी को प्रपोज करते हुए आई लव यू कहा, इस पर तेजस्वी खिलखिला पड़ीं और बड़ी सी मुस्कान के साथ हां में जवाब दिया। और इस तरह दोनों की मॉरिशस की छुट्टियां यादगार बन गईं। इससे पहले भी दोनों ने अपने वेकेशन की झलक साझा की थी, जिसमें दोनों सुकून भरे पलों का आनंद उठाते और एक-दूसरे में खोए-खोए नजर आए। फैंस इस अंडर वॉटर प्रपोजल की जमकर तारीफ कर रहे हैं और इसे सबसे रोमांटिक प्रपोजल्स में से एक बता रहे हैं। वहीं कई ने इसे सुकून और बेफिक्री वाला पल बताया और करण कुंद्रा के एफर्ट्स की भी तारीफ की।

## फैंस का रिएक्शन..

जैसे ही कपल ने अपने इस रोमांटिक प्रपोजल का व्लॉग साझा किया, फैंस भी इस पर रिएक्ट करने से रोक नहीं पाए। करण-तेजस्वी के कई फैंस ने कमेंट करते हुए उन्हें बधाई दी और शादी को लेकर सवाल करने शुरू कर दिए। एक ने कमेंट में लिखा- 'कब से इस पल का इंतजार था, मेरे फेवरेट कपल।' वहीं एक ने लिखा- 'अब तो बता दो, शादी कब कर रहे हो?' एक और लिखता है - 'अब बस जल्दी से शादी कर लो, मैं तेजा को दुल्हन के लुक में देखने के लिए बेताब हूं।' ऐसे ही कमेंट करते हुए लोग तेजस्वी और करण को बधाई दे रहे हैं और जल्दी से जल्दी शादी करने की अपील भी कर रहे हैं।

# वैभव सूर्यवंशी को किस चीज पर सबसे ज्यादा ध्यान देने की दी जा रही सलाह, ईशान किशन ने किया खुलासा...

डेस्क जगप्रेरणा।

***भारत और जिम्बाब्वे के बीच में खेली जा रही तीन मैचों की टी20 सीरीज के दूसरे मुकाबले को टीम इंडिया एकतरफा 90 रनों से अपने नाम करने में कामयाब रही।***



इस मैच में भारतीय टीम को जीत दिलाने में विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन ने अहम भूमिका निभाई जिसमें उनके बल्ले से 81 रनों की शानदार पारी देखने को मिली। वहीं पहले टी20 मैच में बेहतरीन अर्धशतकीय पारी खेलने वाले 15 साल के युवा ओपनिंग बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी सिर्फ 20 रन बनाकर पवेलियन लौट गए थे। दूसरे टी20 मैच के बाद ईशान किशन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में वैभव को लेकर पूछे गए सवाल में जहां उनकी तारीफ की तो वहीं यह भी बताया कि आखिर सीनियर खिलाड़ी इस युवा बल्लेबाज को सबसे ज्यादा किस चीज पर ध्यान देने की बात कह रहे हैं।

## हम उसे सिर्फ क्रिकेट पर ध्यान देने की दे रहे सलाह..

ईशान किशन ने जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे टी20 मैच के बाद वैभव सूर्यवंशी को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि जब आप भारत के लिए खेलते हैं तो आपको पता होना चाहिए कि किस चीज पर ध्यान देना है। मैं, अभिषेक, अक्षर भाई

और टीम के कई अन्य खिलाड़ी उसे लगातार यही कहते हैं कि क्रिकेट पर ध्यान दो, सोशल मीडिया या बाहरी शोर पर नहीं। अगर वह क्रीज पर टिक जाता है तो टीम के लिए बड़ा अंतर पैदा कर सकता है। पहली ही गेंद से आक्रामक खेलने वाला बल्लेबाज पावरप्ले में टीम को 80-90 रन तक पहुंचा सकता है।

वहीं ईशान ने इस युवा बल्लेबाज की तारीफ करने के साथ कहा कि वैभव बहुत समझदार है और उसे पता है कि उसे कैसे बल्लेबाजी करनी है और मैदान के अंदर और बाहर खुद को कैसे संभालना है।

## जब चीजें आपके पक्ष में नहीं होतीं तो अपने प्रदर्शन पर देना होता है ध्यान..

दूसरे टी20 मैच में अपनी शानदार बल्लेबाजी को लेकर ईशान किशन ने पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि आप लगातार बल्लेबाजी करना चाहते हैं। कभी मौके का फायदा उठाना होता है तो कभी साझेदारी बनानी होती है।

इसके लिए पिच और मैच की परिस्थितियों को समझना जरूरी है। जब आप मैदान पर होते हैं तो आपको सिर्फ यह समझना चाहिए कि आसपास क्या हो रहा है और मैच से आपको क्या हासिल करना है। जब चीजें आपके पक्ष में नहीं होतीं, तब उन बातों पर दुखी होने के बजाय अपने प्रदर्शन पर ध्यान देना बेहतर होता है जो आपके नियंत्रण में हैं। बाहर क्या हो रहा है, मैं उस पर ज्यादा ध्यान नहीं देता।

# हैदराबाद पहुंचीं प्रियंका चोपड़ा, बेटी मालती और पति निक जोनास भी दिखे साथ, राजामौली की 'वाराणसी' की करेंगी शूटिंग..

डेस्क जगप्रेरणा।

***देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा भले ही लंबे समय से किसी बॉलीवुड फिल्म में नजर नहीं आई हैं, लेकिन इसका उनकी लोकप्रियता पर जरा भी असर नहीं हुआ है।***



हॉलीवुड में अपने अभिनय का डंका बजा रहीं प्रियंका चोपड़ा जल्दी ही एसएस राजामौली की 'वाराणसी' में नजर आएंगी, जिसकी शूटिंग के चलते वह एक बार फिर हैदराबाद पहुंची हैं। उन्हें हाल ही में अपने पति निक जोनास और अपनी बेटी मालती मैरी के साथ हैदराबाद एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया, जहां वह हर बार की तरह इस बार भी शानदार लुक में नजर आईं। बताया जा रहा है कि प्रियंका, एसएस राजामौली की फिल्म 'वाराणसी' की शूटिंग के लिए हैदराबाद में हैं। इस फिल्म में प्रियंका 'मंदाकिनी' की भूमिका निभा रही हैं। हाल ही में प्रियंका के जन्मदिन पर मेकर्स ने 'वाराणसी' से उनका नया लुक जारी किया था, जिसमें प्रियंका बेहद दमदार अंदाज में नजर आईं।

## हैदराबाद पहुंचीं प्रियंका चोपड़ा..

प्रियंका चोपड़ा को रविवार की सुबह हैदराबाद एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया। इस दौरान उनके साथ पति निक और बेटी मालती भी साथ नजर आए। हर बार की तरह इस बार भी प्रियंका का स्टाइलिश टॉप नॉच था। जैसे ही प्रियंका हैदराबाद पहुंचीं, पैप्स ने उन्हें अपने कैमरे में कैद कर लिया और अब तीनों के वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। इस दौरान प्रियंका ने डार्क ब्राउन रंग का को-ऑर्ड सेट पहना था, जिसमें ऑफ-शोल्डर टॉप शामिल था। देसी गर्ल का एयरपोर्ट लुक स्टाइलिश होने के साथ-साथ कम्फर्टेबल भी लग रहा था। उन्होंने बेज रंग की कैप, सनग्लासेस और फ्लेट्स के साथ अपना लुक पूरा किया।

## ऑल ब्लैक लुक में निक जोनास..

वहीं, निक जोनास की बात करें तो वह आरामदायक ऑल-ब्लैक लुक में दिखे। उन्होंने काली शर्ट के साथ मैचिंग ट्राउजर पहना था और व्हाइट-ब्लैक स्नीकर्स और टिंटेड सनग्लासेस के साथ अपना लुक कम्प्लीट किया था। इस दौरान उन्होंने बेटी मालती को गोद में उठा रखा था, जिन्होंने पिंक नाइटसूट पहन रखा था। प्रियंका के भारत लौटने और निक जोनास और मालती मैरी को उनके साथ देखकर फैंस बेहद खुश हैं।

## वाराणसी के बारे में..

'वाराणसी' के बारे में बात करें तो इस फिल्म के निर्देशक एसएस राजामौली हैं और इसकी कहानी विजयेन्द्र प्रसाद ने लिखी है। '**RRR**' की ग्लोबल सफलता के बाद ये राजामौली की पहली फिल्म है, जिसमें प्रियंका चोपड़ा से साथ महेश बाबू और पृथ्वीराज सुकुमारन मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म को राजामौली माइथोलॉजी और भारतीय लोककथाओं में साइंस-फिक्शन एलिमेंट्स मिलाकर बना रहे हैं। खास बात तो ये है कि 8 साल के गैप के बाद प्रियंका चोपड़ा 'वाराणसी' के साथ इंडियन सिनेमा में वापसी कर रही हैं, जिसके चलते ये फिल्म और भी ज्यादा चर्चा में है। फिल्म का ज्यादातर हिस्सा पहले ही शूट हो चुका है और अब बस उन छोटे-छोटे सीन्स की शूटिंग बची है, जो आपस में जुड़े हैं। ये फिल्म अक्टूबर तक पूरी हो सकती है और 7 अप्रैल, 2027 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# विश्व कप से पहले भारतीय पुरुष हॉकी टीम का स्विट्जरलैंड में तीन दिवसीय विशेष शिविर..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***भारतीय पुरुष हॉकी टीम अगले महीने नीदरलैंड और बेल्जियम की संयुक्त मेजबानी में होने वाले हॉकी विश्व कप से पहले मानसिक अनुकूलन कोच पैडी अप्टन के प्रशिक्षण केंद्र पर स्विट्जरलैंड में तीन दिवसीय ट्रेनिंग शिविर में हिस्सा लेगी।***



यह शिविर स्विस एल्प्स में मशहूर 'एडवेंचरर' माइक हॉर्न के 'बेस कैंप' में आयोजित किया जाएगा। इससे पहले भी भारतीय टीम ने 2024 पेरिस ओलंपिक से पहले इसी तरह का शिविर किया था जिसके बाद टीम ने लगातार दूसरा कांस्य पदक जीतने में सफलता हासिल की थी। भारतीय टीम इस महीने के अंत में स्विट्जरलैंड के लिए रवाना होगी। भारत के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने पीटीआई से कहा, 'प्रो लीग के लिए रवाना होने से पहले हमने एक शिविर किया था और अब एक और शिविर होगा। हम स्विट्जरलैंड जाएंगे, जहां पैडी अप्टन के साथ 2-3 दिन का कार्यक्रम तय है। हम उसका बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।'

उन्होंने कहा, 'पेरिस ओलंपिक से पहले भी हमने इसी तरह की तैयारी की थी। इस बार भी हम वैसा ही माहौल बनाएंगे, लेकिन हमारी टीम अलग है इसलिए इस बार का दृष्टिकोण और उद्देश्य भी अलग होंगे।' दक्षिण अफ्रीका के फुल्टन ने कहा, 'मुख्य बात हमेशा टीम के बीच तालमेल, भरोसा और आपसी जुड़ाव मजबूत करना होता है। यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि हर खिलाड़ी अपनी भूमिका को समझे, टीम का आत्मविश्वास मजबूत हो और एक-दूसरे पर विश्वास उससे भी अधिक मजबूत हो।' जब उनसे कार्यक्रम के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा, 'मुझे वास्तव में इसकी जानकारी नहीं है। कार्यक्रम पैडी अप्टन तैयार कर रहे हैं और वहां पहुंचने के बाद ही हमें इसकी पूरी जानकारी मिलेगी।'

फुल्टन ने कहा कि वह टीम के भीतर बढ़ती प्रतिस्पर्धा से खुश हैं और किसी भी खिलाड़ी को अपनी जगह पक्की मानकर नहीं चलना चाहिए, चाहे वह अनुभवी मनप्रीत सिंह हों या कोई युवा खिलाड़ी। उन्होंने कहा, 'यह सभी खिलाड़ियों पर समान रूप से लागू होता है। हर खिलाड़ी को प्रदर्शन करना होगा और अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। मनप्रीत लंबे समय से टीम के अहम सदस्य रहे हैं, लेकिन आज भी उनमें वही भूख और उत्साह है, वह टीम के लिए लगातार योगदान दे रहे हैं।' हॉकी विश्व कप का आयोजन 15 से 30 अगस्त तक नीदरलैंड और बेल्जियम में होगा। इसके बाद 19 सितंबर से चार अक्टूबर तक एशियाई खेल आयोजित होंगे जो 2028 ओलंपिक के लिए क्वालीफिकेशन का भी महत्वपूर्ण टूर्नामेंट होंगे।




# भारती सिंह और हर्ष लिम्बाचिया नया इंडियन गेम शो होस्ट करने को तैयार, मजेदार प्रोमो रिलीज..

डेस्क जगप्रेरणा।

***भारती सिंह और हर्ष लिम्बाचिया एक नए एंटरटेनमेंट शो 'इंडियन गेम शो विद भारती एंड हर्ष: जहां दोस्तों को फंसाएंगे और आपको हंसाएंगे।' के साथ धमाका करने के लिए तैयार हैं। शुक्रवार को मेकर्स ने शो का पहला प्रोमो जारी किया, जिससे दर्शकों को शो की एक झलक मिली।***



हालांकि, मेकर्स ने अभी तक शो के प्रीमियर की तारीख का खुलासा नहीं किया है। 'इंडियन गेम शो' सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होगा और सोनी लिव पर स्ट्रीम होगा। सोशल मीडिया पर प्रोमो बहुत पसंद किया जा रहा है, जिसमें भारती-हर्ष का पूरा परिवार भी साथ में नजर आ रहा है।

## इंडियन गेम शो कहां देखें..

भारती सिंह और हर्ष लिम्बाचिया 'इंडियन गेम शो' के प्रोमो की शुरुआत कपल के व्लॉग रिकॉर्ड करने से होती है, जिसमें वे फैंस को अपनी मशहूर '**LOL** फैमिली' की झलक दिखाते हैं। प्रोमो वीडियो शेयर करते हुए मेकर्स ने लिखा, 'आ रहा है इंडियन गेम शो विद भारती एंड हर्ष। जहां वे अपने दोस्तों को फंसाएंगे और आपको हंसाएंगे। जल्द ही सिर्फ **SonyEn-tertainmentTelevision** और **Sony LIV** पर।'

## भारती-हर्ष के नए शो ने बढ़ाई फैंस की एक्साइटमेंट..

सोशल मीडिया यूजर्स और सेलेब्रिटीज ने शो के पहले प्रोमो पर रिएक्ट करते हुए अपनी एक्साइटमेंट दिखाई है। भारत की कॉमेडी क्वीन भारती अब 'लाफ्टर शेफ्स' के बाद एक गेम शो लेकर आ रही है। समर्थ जुरेल ने लिखा, 'बधाई हो।' वहीं चंदन प्रभाकर ने स्माइली इमोजी के साथ खुशी जाहिर की। एक फैन ने लिखा, 'भारती और हर्ष के साथ **@tonykakkar** को देखने के लिए बहुत एक्साइटेड हूं। यह शो सुपर हिट होने वाला है, अपना ख्याल रखना टोनू, मुझे पता है कि तुम हमेशा की तरह शानदार परफॉर्मेंस दोगे।' कुछ ने लिखा, 'शो देखने का इंतजार कर रहे हैं'

## भारती सिंह और हर्ष लिम्बाचिया का वर्क फ्रंट..

काम की बात करें तो भारती सिंह ने हाल ही में रियलिटी-कॉमेडी शो 'लाफ्टर शेफ्स - अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट' को होस्ट किया था। वहीं हर्ष लिम्बाचिया ने कई लोकप्रिय टेलीविजन शो होस्ट और को-होस्ट किए हैं, जिनमें 'खतरा खतरा खतरा' और 'द खतरा शो' खास तौर पर शामिल हैं।

लेख, लघु कथा, कविताएं एवं साहित्य सामग्रीयां आमंत्रित है..

Email - jagprernaw@gmail.com
Whatsapp - 94070-33433





जग प्रेरणा
# साहित्य अभिव्यक्ति

■ संपादकीय ■ लेख ■ कविता ■ व्यंग्य ■ महाशब्द पहेली (शब्द ज्ञान)





दैनिक जग प्रेरणा में साहित्य लेख रचनाएं प्रकाशन के लिये संपर्क करें..

एकता आशीष वर्मा
मो. 9407033433


## मेरी जापान यात्रा : कुछ अनमोल अनुभव

मुझे मई 2026 के आखिरी सप्ताह में अपने परिवार के साथ जापान जाने का अवसर मिला। यह यात्रा मेरे जीवन का एक यादगार अनुभव रही। जापान मुझे बहुत ही अनोखा देश लगा। वहाँ की स्वच्छता, अनुशासन, आधुनिक तकनीक और लोगों का व्यवहार देखकर मैं बहुत प्रभावित हुआ। मुझे लगा कि हम भारतीय भी जापान से बहुत कुछ सीख सकते हैं।

### यात्रियों के लिए शानदार देश:

जापान हर उम्र के लोगों के घूमने के लिए बहुत अच्छा देश है। यहाँ ऊँचे-ऊँचे पहाड़, सुंदर झीलें, पुराने मंदिर, ऐतिहासिक किले और आधुनिक इमारतें एक साथ देखने को मिलती हैं। यहाँ का स्वादिष्ट भोजन और तेज़ बुलेट ट्रेनें भी मुझे बहुत पसंद आईं। यहां आईसी  कार्ड की मदद से बस और ट्रेन में यात्रा करना बहुत आसान हो जाता है। सबसे अच्छी बात यह लगी कि वहाँ के लोग बहुत विनम्र और मदद करने वाले हैं।

### अनुशासन और सुविधा का अनोखा मेल:

जापान में लोग दूसरों की निजता का बहुत सम्मान करते हैं। कई लोग अपनी किताबों पर कवर चढ़ाकर पढ़ते हैं ताकि कोई यह न देख सके कि वे क्या पढ़ रहे हैं। ट्रेनों में भी सभी लोग बहुत शांति से यात्रा करते हैं। कोई ज़ोर-ज़ोर से मोबाइल पर बात नहीं करता। इसलिए यात्रा बहुत आरामदायक लगती है।

मुझे एक और बात बहुत अच्छी लगी। यदि किसी प्रसिद्ध रेमन रेस्तराँ में लंबी कतार लगी हो, तो कर्मचारी पहले ही आपका ऑर्डर ले लेते हैं। इससे सीट पर बैठते ही कुछ ही मिनटों में भोजन मिल जाता है। मुझे यह व्यवस्था बहुत समझदारी भरी लगी।

### प्रकृति का अद्भुत सौंदर्य:

जापान की प्राकृतिक सुंदरता ने मेरा मन मोह लिया। कुचू तेइएन ऑब्ज़र्वेटरी से दिखाई देने वाला रात का दृश्य, बिवाको वैली से बीवा झील का नज़ारा, नारा में हिरणों के बीच माउंट वाकाकुसा पर डूबता सूरज और अकामे के 48 जलप्रपातों के बीच की रोमांचक पदयात्रा मेरे लिए कभी न भूलने वाले अनुभव रहे। हर जगह की अपनी अलग खूबसूरती थी।

### स्वच्छता की सबसे बड़ी सीख:

जापान की सबसे बड़ी विशेषता उसकी स्वच्छता है। आश्चर्य की बात यह है कि वहाँ सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ेदान बहुत कम दिखाई देते हैं, फिर भी लोग कहीं भी कचरा नहीं फेंकते। वे अपना कचरा अपने साथ घर ले जाते हैं। शायद यही कारण है कि पूरा देश इतना साफ़-सुथरा दिखाई देता है। मुझे लगता है कि यदि हम भी ऐसा करें, तो हमारा देश भी और अधिक सुंदर बन सकता है।

यह मेरी जापान यात्रा के कुछ अनमोल अनुभव हैं। मैं भविष्य में फिर से जापान जाना चाहूँगा और इस सुंदर देश के बारे में और भी नई बातें जानना और अपने देश वासियों को बताना चाहूँगा, क्योंकि अच्छी सीख कहीं से भी मिले उसे अपनाना चाहिए।

लेखक



**कौटिल्य श्रीवास्तव, कक्षा - 6, विद्या निकेतन स्कूल, बेंगलुरु**

## एक बार फिर..

कहां जाता है किसी भी देश का भविष्य उसकी युवा पीढ़ी तय करती है लेकिन जरा सोचिए अगर युवा को अपने हुनर , कौशल ,प्रतिभा साबित करने के लिए देश के लचीले सिस्टम से जूझना पड़े तो क्या होगा 1

रात भर राघव सोया नहीं क्योंकि अगले दिन नीट का परिणाम आने वाला था माता-पिता की उम्मीदें, अनगिनत रातों की मेहनत और सुनहरे भविष्य की उम्मीद उसकी तेज धड़कनों में साफ झलक रही थी परिणाम आया खुशियों का ठिकाना नहीं रहा बहुत अच्छे अंक प्राप्त किए थे उसने ,एक मध्यम वर्गीय परिवार का बेटा डॉक्टर की पढ़ाई के लिए अच्छे कॉलेज में जो जा रहा था ।

लेकिन देश के सिस्टम को तो कुछ और ही मंजूर था परीक्षा में अनियमितता और पेपर लीक के चलते यही परीक्षा  पुनः देने  को मजबूर हुआ राघव ,लेकिन बिना हिम्मत हारे एक बार फिर जुट गया परीक्षा की तैयारी में और फिर अच्छे अंक प्राप्त किए उसने, लेकिन इस बार भी परीक्षा पर सवाल उठे ,अब राधव हिम्मत हारने लगा था।

वर्तमान में सिर्फराघव अकेला नहीं है ऐसे अनगिनत छात्र हैं जो प्रशासन की कमजोरी से लड़ रहे हैं, न्याय मांग रहे हैं ,उम्मीद कर रहे हैं कि शिक्षा प्रणाली में पारदर्शिता आए प्रतिभा और हुनर को आगे बढ़ने का मौका मिले ।आज का युवा अगर एक जुट होकर अपने लिए आवाज उठाए तो वह दिन दूर नहीं जब देश का हर बच्चा अपनी प्रतिभा से योग्य मुकाम प्राप्त कर सकता है क्योंकि वह कहते हैं ना देर है अंधेर नहीं विगत कुछ दिनों की घटनाओं ने यह साबित कर दिया है कि जब युवा जागरुक होता है तो बदलाव की आहट आने लगती है हम कह सकते हैं कि एक जुट की आवाज कभी व्यर्थ नहीं जाती ,हाल फिलहाल के हालातो में तो दिलीप कुमार जी की नया दौर फिल्म का गाना ÷÷साथी हाथ बढ़ाना साथी रे ÷÷सार्थक होता नजर आ रहा है ।खैर यूं ही आज का युवा अगर ठान लें तो देश की और भी कई ज्वलंत समस्याओं के समाधान की राह आसान हो जाएगी।

लेखिका



**चेताली गौर**
**लिंक रोड, बैतूल**


### व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

*बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं। जगप्रेरणा के मो. 9329033433 को किसी भी ग्रुप से जोड़ा जा सकता है।*


## समझ लेना..

अब तो इंसान को इंसान समझ लेना
माता पिता को भगवान समझ लेना

जिनके होने  ये धरा भी मुस्काई हैं
हा बुजुर्गों को आसमान समझ लेना

जिनकी किलकारियों से घर मे रौनक हैं
हा वही बच्चों की
मुस्कान समझ लेना

किसी मुफ़लिस के
मददगार हो जाएं
इसी को अपना धरम
ईमान समझ लेना

दिन है जितने भी
खुशी से हम बिताएंगे
खुद को चंद रोज के मेहमान समझ लेना

लेखक



**किशोर छिपेश्वर 'सागर', बालाघाट**

## तीन मुक्तक..

विनाश को विकास बताने में लगे हैं,
मंदिरों का धन पचाने में लगे हैं।
ग़लत का जो कर रहे हैं विरोध,
कुछ उसे ही ग़लत बनाने में लगे हैं।

आज का युवा बिकने वाला नहीं है,
ग़लत के सामने
झुकने वाला नहीं है।
तुम चाहे लाठी चलाओ या बंदूक,
ये कारवां अब रूकने वाला नहीं है।

भुखे रहकर लाठी
खाकर लगा रहे जान है
ग़लत नीतियों के
लिए सरकार से घमासान है।
सब जाति-धर्म के लोग
मिलकर लड़ रहे हैं
इस आंदोलन ने दिखाया
असली हिन्दुस्तान है।

लेखक



**संजय अश्क**
**पुलपुट्टा, बालाघाट**
**9753633830**

## मुश्किल..

जिन राहों पर चलकर जाना मुश्किल है,
उन राहों पर साथ निभाना मुश्किल है।

दोराहे पर आकर सोच रहा हूँ मैं,
गाऊँ किसके साथ तराना, मुश्किल है।

भीड़ इकट्ठा कर तो ली है लोगों की,
लेकिन उससे अलख जगाना मुश्किल है।

चाहे जितना तेल पिला लो दीये को,
बिन बाती के दीप जलाना मुश्किल है।

तूफ़ानों से ज्वार मचल तो सकता है,
लेकिन उन पर नाव चलाना मुश्किल है।

हर अक्षर गर आपस में भिड़ जाए तो,
भावों का फिर दिल
तक जाना मुश्किल है।

हूँ चिंगारी या कि
दियासलाई मैं,
मेरे लिए यह अभी
बताना मुश्किल है।

हाईजैक जो सोच
कभी हो जाए तो,
मुद्दों पर 'संतोष'
बिठाना मुश्किल है।

लेखक



**संतोष सिंह नैकाने, गोंदिया महाराष्ट्र**

## व्यापक विधाता कितना..

व्यापक विधाता कितना,
कहाँ जीव जानता;
रहके अदृश्य अपने तंत्र,
सृष्टि पालता।

जानने ना भी देता कैसे,
क्या वह करता;
लखता अकर्ता जगत्
ध्यान कर्म कराता।

बिन उसके चहे मौलिक कुछ, जग ना होता;
विज्ञान और ज्ञान ध्यान,
कुछ न प्रकटता।

करता प्रबंध बुद्धि बोधि,
स्वचालित किए;
वह यंत्र-बुद्धि से भी परे,
ब्राह्मी-मन फुरे।


कर सकता सूक्ष्म और महत्,
कोई भी सत्ता;
'मधु' प्रभु कभी भी हिला सकते,
भूमा प्रभुता।

**डॉ. गोपाल बघेल 'मधु'**
**टोरोंटो, ओंटारियो, कनाडा**


### व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

*बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं। जगप्रेरणा के मो. 9329033433 को किसी भी ग्रुप से जोड़ा जा सकता है।*


## शब्दवर्गपहेली क्र.- 229



**Aij I uhp l&** 1) वन, जंगल 2) राज प्रासाद 3) त्रुटि और कमी 4) हाथी की देखभाल करनेवाला सेवक 5) गुजरना, बीत जाना 6) आकाश में विहार करनेवाला 7) पत्थर को मूर्ति आदि बनाने के लिए काटना 8) चूर्ण 9) दासी,, सेविका 10) बदलवाना 11) हालत 12) महीनेवार, मासिक 15) मुंह से निकलनेवाला लयदार थूक 17) क्रम से, एक के बाद एक 18) बीच में बोल उठना, विरोध करना 23) सीमा, सरहद 25) जहां रोग की जांच करके दवाई दी जाती है वह स्थान 27) आवाज 28) लिप्त, लगा हुआ 30) पकाने का काम दूसरे से करवाना 31) अस्वस्थ 34) कपड़े पर सुई से किया जानेवाला बेलबुटे का काम 35) पाकिस्तान की भूतपूर्व प्रधानमंत्री का नाम 36) धूर्त, चालाक 38) देव आनंद के एक निर्देशक भाई का नाम 39) मनाने का भाव या क्रिया 40) फिल्मों का नायक 42) बूंद बूंद टपकना 43) दिवस 44) नाराज, अप्रसन्न 45) दौड़ लगानेवाला (अंग्रेजी) 46) कदर करनेवाला 48) दाई, धात्री 49) हमारा देश 51) अष्ट 52) पुरुष 55) अंग्रेजी में बीमार 56) पूजा में प्रयुक्त घड़ा 57) बीमारी (उर्दू) 59) नजदीक 61) किसानों का एक औजार 62) पिता का भाई 64) एक लचीला पदार्थ 65) न्यून 66) आवक का विरुद्धार्थी शब्द 67) अग्नि 69) कृत्रिम जलमार्ग 71) चालीस सेर का पुराना बाट 73) उपहार 74) देख रेख, निगरानी 75) मूल्य, दाम 76) घृणा 77) प्रश्न –उत्तर 78) मां का घर 80) लात मारने की क्रिया 82) मुस्लिम 84) सूजी 86) शीशा 87) तपाने का काम दूसरे से करवाना 89) मध्य प्रदेश का वह शहर जिसके पास भेड़ाघाट है 91) हरियाणा के भूतपूर्व मुख्यमंत्री 92) उपस्थित 93) नमस्कार का एक शब्द 94) फुलों की माला 95) जो कर्जा अदा करने में असमर्थ हो 97) नाराज होने का भाव 98) डर 102) धोबी 104) अर्थ 105) कमल 106) मरीज 107) पूनम ढिल्लों और फारुख शेख की एक पुरानी सफल फिल्म 109) मुख्य (अंग्रेजी) 111) जो नजदीक न हो ●
(जवाब अगले अंक में)

**ck;I I nk;I l&** 1) हिमालय पर्वत श्रेणी और हिन्दू कुश पर्वत को जोड़नेवाली पर्वत श्रेणी 5) गणित की एक शाखा 8) अवसर गवां देना, भूल करना 10) दुष्ट, दुराचारी, उपद्रवी 13) दृष्टी 14) परिस्थितीयां, अवस्था 16) रात को सुगंध देनेवाला एक फूल 17) मुगल राजा 19) लवण 20) अन्यथा, नहीं तो 21) राजा 22) विषैला 24) वाद्य बजानेवाला 26) तमन्ना 28) सूर्य 29) नाप लेना, मापना 32) दाबना 33) प्रस्थित 34) चिड़ियों के चहकने की आवाज 35) बहुत तेजीसे, बहुत घबराकर 37) वधिक, निर्दय, बूचड़ 39) अत्यन्त पतला (कपड़ा आदि) 41) प्रथा 44) जोखिमभरा 47) भारत के पितामह के रुप में जाने जानेवाले एक भूतपूर्व कॉंग्रेस अध्यक्ष 50) जीभ 51) फौरन, अतिशीघ्र, झटपट 53) डरपोक 54) रसिया 57) साधुओं का निवासस्थान 58) इस छोर से उस छोर तक 60) खलबली 63) रंग (अंग्रेजी) 65) ऋण 67) एक नकार सूचक उपसर्ग 68) हमेशा 69) नया, अनोखा 70) कर्म, कार्य 72) ओस 74) देवकी पुत्र श्रीकृष्ण 77) सानन्द 79) घरों में पानी प्राप्त करने का एक साधन 81) धूल 82) चेहरा, कमल के समान सुंदर मुंह 83) एक विशिष्ट पशु के बाल जिनकी टोपियां या कपड़े बनाये जाते है 85) दिन 86) गणित में वह आकृति जिसकी आमने सामने की भुजाएं समान होती है और कोण समकोण होते है 88) मुकुट (उर्दू) 90) राज दरबार 91) भेड़ बकरियां चरानेवाला 93) छोटी सी बात को बहुत बढ़ा चढ़ा देना अर्थवाला एक मुहावरा 96) सुन्दर स्त्री 98) श्रीरामजी के एक भाई 99) जन्म देना 100) हमला, आक्रमण 101) लादा हुआ 102) लक्ष्मी 103) रामानन्द सागरद्वारा निर्मित यह सुपर डुपर हिट दीर्घ धारावाहिक कुछ साल पूर्व दूरदर्शन पर प्रक्षेपित किया था 105) पानी,, जल 106) विलाप करना 107) घुंघरु 108) महाभारत में वर्णित वह राजा जिसने सर्पयज्ञ किया था 110) सुहागन स्त्रियोंद्वारा मांग में भरा जानेवाला लाल रंग का चूर्ण 112) किसी चीज को बरामद करने क्रिया 113) तन, देह 114) आंकड़ा, गोद 115) रत्न, मणि 116) बादल का आवाज करना

### पिछले अंक के शब्दवर्गपहेली का जवाब

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मो | ह | म्म | द | अ | ज | ह | रु | दी | न | ■ | ज | या | प्र | दा | ■ | ■ | ■ | क | न | की |
| द | र | ■ | म | द | न | ■ | द | ■ | र | त | न | ■ | जा | ■ | ख | त | र | ना | क | ■ |
| क | ता | र | ■ | ना | म | ची | न | ■ | म | ■ | ग | ण | प | ति | ■ | र | सा | त | ल | ■ |
| ■ | लि | ख | ना | ■ | त | ■ | ■ | जा | ग | र | ण | ■ | ति | ल | ह | न | ■ | ■ | ची | ता |
| न | का | र | ■ | पा | ■ | बी | का | नें | र | ■ | ना | रा | ■ | क | र | ता | ■ | अ | ■ | जा |
| ग | ■ | खा | प | ट | ■ | ड़ा | ■ | मा | म | ला | ■ | ज | ब | ■ | द | र | अ | स | ल | ■ |
| प | रि | व | ह | न | ■ | उ | ■ | नें | ■ | चा | त | क | ■ | अ | म | न | ■ | फ | ल | ना |
| ति | या | ■ | रे | ■ | प | ठा | न | ■ | न | र | ■ | म | दि | रा | ■ | ■ | खे | ल | ना | ■ |
| ■ | ज | मा | दा | र | ■ | ना | जा | य | ज | ■ | क | ल | ■ | व | ध | ■ | द | ■ | ■ | प्र |
| कों | ■ | त | र | स | ना | ■ | क | म | र | बं | द | ■ | ते | ली | ■ | अ | ज | ■ | र | जा |
| का | सि | म | ■ | गु | ज | रा | त | ■ | बं | द | र | गा | ह | ■ | अ | र्जु | न | सिं | ग | ■ |
| को | ल | ■ | ब | ल्ला | ■ | श | ■ | न | द | ■ | दा | य | रा | ■ | क | न | क | ■ | र | वा |
| ला | वा | रि | स | ■ | ज | न | प | थ | ■ | अ | न | ब | न | ■ | स | र | ■ | ल | ग | न |
| ■ | ना | श्ता | ■ | दा | न | ■ | रा | ■ | मी | न | ■ | ■ | ■ | च | र | ण | सिं | ग | ■ | र |
| च | ■ | ■ | व | सी | म | अ | क्र | म | ■ | जा | म | न | ग | र | ■ | तुं | ग | भ | द्रा | ■ |
| पा | कि | स्ता | न | ■ | ना | ग | म | णि | ■ | न | त | म | स्त | क | ■ | गा | ■ | ग | व | ना |

anumeya-08446302691



जग प्रेरणा
# व्यापार समाचार
● शेयर बाजार ● इलेक्ट्रॉनिक्स ● कपड़ा ● किराना ● लोहा ● सिमेंट ● सराफा ● आटोमोबाईल्स

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

## गैस मांग बढ़ाने को सिर्फ एलएनजी आयात क्षमता बढ़ाना पर्याप्त नहीं, और कदम उठाने होंगे : रिपोर्ट

नई दिल्ली, (भाषा)।

***भारत में प्राकृतिक गैस की दीर्घकालिक मांग बढ़ाने के लिए केवल तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) आयात क्षमता बढ़ाना ही पर्याप्त नहीं होगा। इसके साथ-साथ गैस पाइपलाइन और वितरण नेटवर्क का विस्तार, गैस आधारित उद्योगों में निवेश तथा बाजार,***



नियमन और मूल्य निर्धारण प्रणाली में व्यापक सुधार भी जरूरी होंगे। अंतरराष्ट्रीय गैस संघ (आईजीयू) की एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत ने एलएनजी री-गैसीफिकेशन टर्मिनल की क्षमता तो बढ़ाई है, लेकिन गैस के परिवहन और वितरण से जुड़ा बुनियादी ढांचा उसी गति से विकसित नहीं हो पाया है। इससे देश की गैस खपत बढ़ाने की क्षमता पर सीधा असर पड़ा है।

आईजीयू ने हालिया होर्मुज जलडमरूमध्य संकट का उल्लेख करते हुए कहा कि इस घटना ने भारत की गैस आपूर्ति श्रृंखला की कमजोरियों को उजागर किया है। भारत अपनी प्राकृतिक गैस और एलपीजी की जरूरतों के लिए बड़े पैमाने पर आयात पर निर्भर है। घरेलू उत्पादन कुल गैस मांग का लगभग 50-52 प्रतिशत ही पूरा कर पाता है, जबकि शेष आवश्यकता कतर, ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका और रूस से एलएनजी आयात से पूरी होती है। तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) के मामले में भी देश अपनी 60-65 प्रतिशत जरूरत आयात के जरिये पूरी करता है।

रिपोर्ट कहती है कि भारत का अधिकांश एलएनजी और एलपीजी आयात होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर आता है। हालिया पश्चिम एशिया तनाव के दौरान इस मार्ग पर आई बाधाओं ने भारत की ऊर्जा सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी।

हालांकि, दीर्घकाल में स्थिति बेहतर होने की संभावना जताई गई है। रिपोर्ट के अनुसार, इस दशक के शेष वर्षों में वैश्विक स्तर पर नई एलएनजी निर्यात परियोजनाओं के शुरू होने से आपूर्ति बढ़ेगी, जिससे अंतरराष्ट्रीय बाजार में एलएनजी की कीमतों पर दबाव पड़ेगा और भारत के लिए गैस का उपयोग अधिक किफायती हो सकेगा।

आईजीयू ने सुझाव दिया है कि भारत को एलएनजी टर्मिनल तक अधिक खुली पहुंच, प्रणाली प्रवेश शुल्क में सुधार और बाजार के उदारीकरण जैसे कदम उठाने चाहिए, ताकि खरीदार कम कीमतों का लाभ उठा सकें और आयात टर्मिनल का बेहतर उपयोग हो सके।

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि यदि प्राकृतिक गैस को कोयले का प्रभावी विकल्प बनाना है तो उत्तर, पूर्व और मध्य भारत में गैस पाइपलाइन नेटवर्क का तेजी से विस्तार करना होगा। प्रतिस्पर्धी परिवहन शुल्क और मजबूत पारेषण नेटवर्क से गैस की लागत कम होगी और नए उपभोक्ताओं को जोड़ना आसान होगा। आईजीयू का मानना है कि केवल थोक गैस सस्ते दाम पर उपलब्ध होने से खपत नहीं बढ़ेगी। इसके लिए बुनियादी ढांचे में निवेश, गैस मूल्य निर्धारण प्रणाली में सुधार, व्यावसायिक अनुबंधों को सरल बनाने और व्यापक बाजार सुधारों की भी आवश्यकता होगी।

रिपोर्ट कहती है कि खाड़ी क्षेत्र के संकट ने एलएनजी आयात की विश्वसनीयता पर सवाल जरूर खड़े किए हैं, लेकिन विभिन्न देशों से आयात के स्रोत बढ़ाकर इन जोखिमों को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

## पीएनबी को चालू वित्त वर्ष में 20,000 करोड़ रुपये से अधिक के शुद्ध लाभ की उम्मीद..

नई दिल्ली, (भाषा)।

***सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अशोक चंद्र ने कहा है कि बैंक को पिछली लगातार चार तिमाहियों के मजबूत वित्तीय प्रदर्शन के बल पर चालू वित्त वर्ष 2026-27 में 20,000 करोड़ रुपये से अधिक का शुद्ध लाभ हासिल होने की उम्मीद है।***

पीएनबी ने पिछले वित्त वर्ष 2025-26 में 16,904 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था।

चंद्र ने पीटीआई-भाषा के साथ साक्षात्कार में कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही से बैंक प्रत्येक तिमाही में 5,000 करोड़ रुपये से अधिक का शुद्ध लाभ अर्जित कर रहा है।

उन्होंने कहा, ''चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में भी यही रुझान बना हुआ है। मुझे उम्मीद और पूरा भरोसा है कि लाभप्रदता वृद्धि के मौजूदा रुझान के साथ हम प्रत्येक तिमाही में 5,000 करोड़ रुपये से अधिक का शुद्ध लाभ अर्जित करेंगे और हर तिमाही नया कीर्तिमान स्थापित करेगी।''

यह पूछे जाने पर कि क्या मौजूदा गति को देखते हुए बैंक वित्त वर्ष 2026-27 में 20,000 करोड़ रुपये के शुद्ध लाभ का आंकड़ा पार कर सकता है, चंद्र ने कहा, ''यदि मैं कह रहा हूं कि हर तिमाही 5,000 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ होगा, तो यह उसी आंकड़े की ओर इशारा करता है, जिसका आप उल्लेख कर रहे हैं।''

उन्होंने कहा कि इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए बैंक प्रत्येक तिमाही में बड़े पैमाने पर ग्राहकों तक पहुंच बढ़ाने के कार्यक्रम चला रहा है।

इसके अलावा खुदरा, कृषि, सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम (एमएसएमई) तथा स्वयं सहायता समूह बैंक की परिसंपत्ति सृजन रणनीति के प्रमुख क्षेत्र होंगे।

चंद्र ने कहा कि चालू वित्त वर्ष में बैंक के ऋण वितरण में 12-13 प्रतिशत और जमा में नौ-10 प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद है।

उन्होंने बताया कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा हाल ही में अधिग्रहण वित्तपोषण की अनुमति दिए जाने के बाद बैंक चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही से इस क्षेत्र में उतरेगा।

इस वर्ष की शुरुआत में आरबीआई ने बैंकों के लिए अधिग्रहण वित्तपोषण संबंधी अंतिम दिशानिर्देश जारी किए थे, जिनमें ऋण सीमा को दिशानिर्देशों के मसौदे में प्रस्तावित सौदे के मूल्य के 70 प्रतिशत से बढ़ाकर 75 प्रतिशत तक कर दिया गया है।

चंद्र ने कहा, ''अधिग्रहण वित्तपोषण का बाजार बहुत बड़ा है और इसमें पर्याप्त अवसर उपलब्ध हैं। निदेशक मंडल की पिछली बैठक में इस संबंध में हमारी नीति को मंजूरी मिल चुकी है।''

उन्होंने कहा, ''हम एक अच्छे भागीदार की तलाश कर रहे हैं और संभवतः तीसरी तिमाही से अधिग्रहण वित्तपोषण के क्षेत्र में काम शुरू कर देंगे।''

उन्होंने बताया कि शुरुआत में बैंक घरेलू कंपनियों के साथ अधिग्रहण वित्तपोषण शुरू करेगा। इससे बैंक को अपनी परिसंपत्ति पोर्टफोलियो में विविधता लाने में मदद मिलेगी।

क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100/- प्रतिदिन.. दैनिक जगप्रेरणा मे क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100 /- प्रतिदिन मे प्रकाशित किये जाते है। कृपया संपर्क करे.. मो. 9329033433

## स्वतः संज्ञान लेने से बच रहा सीसीआई, किसी पक्ष के आगे आने के बाद हो रही कार्रवाईः समिति..

नई दिल्ली, (भाषा)।

***भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) स्वतः संज्ञान वाले मामलों को उठाने से परहेज कर रहा है और वह किसी भी मामले पर किसी पक्ष के आगे आने के बाद ही कार्रवाई कर रहा है। आयोग ने एक संसदीय समिति को यह जानकारी दी है।***

नियामक के पास सभी क्षेत्र में अनुचित व्यावसायिक गतिविधियों को रोकने और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी है। राज्यसभा की अधीनस्थ विधान समिति ने सीसीआई के अलग-अलग नियमों और निर्देशों की जांच करते हुए स्वतः संज्ञान मामलों में आई कमी के मुद्दे को उठाया।

समिति की 19 मई को हुई बैठक में सीसीआई की चेयरपर्सन रवनीत कौर ने बताया कि शुरुआती वर्षों में ऐसे मामलों की संख्या अधिक थी, क्योंकि प्रतिस्पर्धा कानून को लेकर जागरूकता सीमित थी।

नियामक ने कहा, ÷आयोग को लगा कि वह एक पक्ष के खिलाफ मामला भी बना रहा है और उसी पर निर्णय भी दे रहा है, जिससे हितों के टकराव की स्थिति बनती है।''

समिति ने कहा, ''इसलिए अब ऐसे मामलों को तभी लिया जाता है जब कोई अन्य पक्ष आगे आने को तैयार न हो। साथ ही, जिन क्षेत्रों में क्षेत्रीय नियामक मौजूद हैं, वहां आयोग संयम बरतता है।÷

समिति की रिपोर्ट इस सप्ताह संसद में पेश की गई है। रिपोर्ट में कहा गया, ''अब तक प्राप्त 1,375 प्रतिस्पर्धा-रोधी मामलों में से 1,237 का निपटारा किया जा चुका है।''

इस बीच, समिति के चेयरमैन मिलिंद मुरली देवड़ा ने एंड्रॉयड स्मार्ट टीवी मामले में केवल 20.24 करोड़ रुपये के निपटान पर सवाल उठाया, जबकि यूरोपीय संघ ने इसी तरह के मामले में चार अरब डॉलर का जुर्माना लगाया था।

इस पर सीसीआई चेयरपर्सन रवनीत कौर ने स्पष्ट किया कि स्मार्ट टीवी मामले में निपटान राशि भारत में संबंधित बाजार से कंपनी के कारोबार के आधार पर तय की गई थी।

गूगल ने एंड्रॉयड स्मार्ट टीवी बाजार में कथित अनुचित कारोबारी व्यवहार से जुड़े लगभग चार साल पुराने मामले में सीसीआई के साथ अप्रैल, 2025 में समझौता किया था और विक्रेताओं के साथ अपने समझौतों में बदलाव करने पर सहमति जताई थी। इस मामले में 20.24 करोड़ रुपये का निपटान हुआ था।

## बीते सप्ताह आयातित तेलों के भाव में गिरावट, सरसों में सुधार

नई दिल्ली, (भाषा)।

***लागत से नीचे दाम पर की जाने वाली बिकवाली की वजह से बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजारों में आयातित तेलों के दाम गिरावट के साथ बंद हुए। वहीं आगामी त्योहारी मौसम की मांग की सुगबुगाहट के कारण सरसों एवं मूंगफली तेल तिलहन तथा बिनौला तेल के दाम में मामूली सुधार आया।***



बाजार सूत्रों ने कहा कि आयातक पैसे की दिक्कतों के कारण बाजार में जल्दी से जल्दी अपना माल खपाने और बैंकों में कर्ज का चक्र बनाये रखने के लिए आयातित तेलों (सोयाबीन और पाम-पामोलीन तेल) को पिछले काफी समय से लागत से नीचे दाम पर बेच रहे हैं जो बीते सप्ताह विशेषकर सोयाबीन तेल एवं पाम-पामोलीन तेल में आई गिरावट का मुख्य कारण है।

उन्होंने कहा कि दूसरी ओर, आने वाले जनमाष्टमी, रक्षा बंधन जैसे त्योहारों के लिए मिठाई और नमकीन बनाने वाली कंपनियों की भी निरंतर मांग बढ़ रही है। इस वजह से सरसों एवं मूंगफली तेल-तिलहन तथा नगण्य उपलब्धता के बीच बीते सप्ताह औद्योगिक मांग बढ़ने से बिनौला तेल में सुधार आया। सूत्रों ने कहा कि सोयाबीन प्लांट वाले सोयाबीन का खरीद दाम घटा रहे हैं क्योंकि वे किसानों से सस्ते में सोयाबीन की खरीद की कोशिशों में लगे रहते हैं। उनके दाम घटाने से बाजार में किसान अपनी आवक घटा देते हैं क्योंकि उन्हें पहले बेहतर दाम मिल चुके हैं और अब वे सस्ते में बिकवाली करने से बचते हैं। प्लांट वालों द्वारा खरीद दाम कमजोर बोले जाने से भी सोयाबीन तेल-तिलहन में गिरावट आई।

बीते सप्तह कमोबेश पाम-पामोलीन का भी यही हाल दिखा जिसे आयातक लागत से नीचे दाम पर बेचते नजर आये। सूत्रों ने बताया कि बीते सप्ताह सरसों दाना 75 रुपये के सुधार के साथ 8,150-8,175 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों तेल दादरी 75 रुपये के मामूली सुधार के साथ 16,625 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। दूसरी ओर सरसों पक्की और कच्ची घानी तेल क्रमशः 2,705-2,805 रुपये और 2,705-2,855 रुपये टिन (15 किलो) पर स्थिर बंद हुए।

समीक्षाधीन सप्ताह में सोयाबीन दाना और सोयाबीन लूज का थोक भाव क्रमशः 100-75 रुपये की गिरावट के साथ क्रमशः 7,450-7,500 रुपये और 7,325-7,400 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। इसी प्रकार, दिल्ली में सोयाबीन तेल 75 रुपये की गिरावट के साथ 15,750 रुपये प्रति क्विंटल, सोयाबीन इंदौर तेल 75 रुपये की गिरावट के साथ 15,600 रुपये और सोयाबीन डीगम तेल 100 रुपये की गिरावट के साथ 12,250 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ।

औद्योगिक मांग बढ़ने के बीच बीते सप्ताह मूंगफली तिलहन का दाम 25 रुपये के सुधार के साथ 7,375-7,950 रुपये क्विंटल, मूंगफली तेल गुजरात 100 रुपये के सुधार के साथ 17,100 रुपये क्विंटल और मूंगफली साल्वेंट रिफाइंड तेल 15 रुपये के सुधार के साथ 2,680-2,980 रुपये प्रति टिन पर बंद हुआ।

समीक्षाधीन सप्ताह में सीपीओ तेल का दाम 50 रुपये की गिरावट के साथ 13,800 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। पामोलीन दिल्ली 125 रुपये की गिरावट के साथ 15,700 रुपये प्रति क्विंटल तथा पामोलीन एक्स कांडला तेल 125 रुपये की गिरावट के साथ 14,500 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। औद्योगिक मांग बढ़ने के बीच बिनौला तेल का दाम 250 रुपये के सुधार के साथ 16,750 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ।

## पश्चिम एशिया तनाव, फेडरल रिजर्व के निर्णय से तय होगी सर्राफा बाजार की दिशाः विश्लेषक..

नई दिल्ली, (भाषा)।

***अमेरिकी फेडरल रिवर्ज के ब्याज दर संबंधी फैसले, कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और अमेरिका-ईरान संघर्ष जैसी घटनाएं अगले सप्ताह सोने और चांदी की कीमतों की दिशा तय करेंगी।***

विश्लेषकों ने यह राय जताई है। फेडरल रिजर्व के फैसले के अलावा निवेशक अमेरिका के उपभोक्ता विश्वास, महंगाई आंकड़े, साप्ताहिक बेरोजगारी दावों और बैंक ऑफ इंग्लैंड तथा बैंक ऑफ जापान की मौद्रिक समीक्षा बैठकों की घोषणाओं पर भी नजर रखेंगे।

एलकेपी सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष शोध विश्लेषक (जिंस एवं मुद्रा) जतिन त्रिवेदी ने कहा, ÷29 जुलाई को अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीति निर्णय से पहले बाजार की धारणा अमेरिका-ईरान की भू-राजनीतिक स्थिति में घटनाक्रम, कच्चे तेल की कीमतों की दिशा और उनके महंगाई संबंधी अपेक्षाओं पर पड़ने वाले असर से प्रभावित होती रहेगी।''

घरेलू वायदा बाजार में पिछले सप्ताह अगस्त में आपूर्ति वाले सोने का वायदा भाव 2,200 रुपये यानी 1.6 प्रतिशत बढ़कर 1.43 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। वहीं सितंबर में आपूर्ति वाली चांदी का वायदा भाव 5,735 रुपये यानी 2.7 प्रतिशत चढ़कर 2.22 लाख रुपये प्रति किलोग्राम रहा।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में न्यूयॉर्क के कॉमेक्स पर अगस्त में आपूर्ति वाले सोने का वायदा भाव 52 डॉलर यानी 1.3 प्रतिशत बढ़कर 4,070.8 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुआ। वहीं, सितंबर अनुबंध वाली चांदी करीब पांच प्रतिशत की बढ़त के साथ 58.90 डॉलर प्रति औंस पर रही।

विश्लेषकों के अनुसार, सप्ताह के दौरान सर्राफा में तेज उतार-चढ़ाव देखा गया, क्योंकि ब्रेंट कच्चा तेल कुछ समय के लिए 100 डॉलर प्रति बैरल के स्तर के पार चला गया। यह तेजी हूती विद्रोहियों द्वारा सऊदी स्वामित्व वाले जहाजों पर हमलों के बाद आपूर्ति बाधित होने की आशंकाओं के चलते आई।

मिराए एसेट शेयरखान में जिंस मामलों के प्रमुख प्रवीण सिंह ने कहा कि ईरान से जुड़े घटनाक्रमों पर नजर के बीच सोना और चांदी सीमित दायरे में कारोबार कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि चीन का केंद्रीय बैंक मई में भी सोने की खरीद जारी रखे हुए है, जिससे आधिकारिक मांग को मजबूती मिल रही है।

## आम लोगों के हित के लिए काम करें आयकर अधिकारी : सीतारमण

मुंबई, (भाषा)।

***केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आयकर विभाग के अधिकारियों से आम नागरिकों के हित में कार्य करने की अपील करते हुए कहा है कि लोगों को अपने वैध कार्यों के लिए 'दर-दर भटकने' पर मजबूर नहीं होना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से नियमों के दायरे में रहते हुए जनता के कार्यों का समयबद्ध और संवेदनशील तरीके से निपटारा करने का आग्रह किया।***



मुंबई के नरीमन पॉइंट स्थित 13 मंजिला 'आयकर सिंधु' भवन के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री ने रविवार को कहा कि इस भवन के निर्माण के लिए आवश्यक अनुमतियां प्राप्त करने में स्वयं आयकर विभाग के अधिकारियों को भी कई दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

उन्होंने कहा कि यदि विभाग के अधिकारी ऐसी कठिनाइयों का अनुभव कर सकते हैं, तो उन्हें आम नागरिकों की समस्याओं का भी बेहतर ढंग से एहसास होना चाहिए। सीतारमण ने सरकारी विभागों की सुस्त कार्यशैली पर चिंता जताते हुए कहा कि इसी कारण सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे और अतिक्रमण जैसी समस्याएं पैदा होती हैं।

उन्होंने बताया कि जिस भूमि पर नया भवन बनाया गया है, वह वर्ष 1973 से आयकर विभाग के पास थी, इसके बावजूद उस पर अवैध कब्जे हो गए, जो प्रशासनिक लापरवाही का उदाहरण है। उन्होंने मुंबई और नवी मुंबई में आयकर अधिकारियों के लिए सरकारी आवास की कमी का भी उल्लेख किया और कहा कि इस समस्या के समाधान के लिए वह आवश्यक कदम उठाएंगी।

साथ ही उन्होंने सरकारी विभागों के बीच भूमि हस्तांतरण और अन्य मंजूरियों की प्रक्रिया को तेज करने का भरोसा दिया, ताकि भविष्य में कार्यालय भवनों का निर्माण समय पर पूरा हो सके। वित्त मंत्री ने अधिकारियों को बीएसएनएल की उपलब्ध भूमि के उपयोग की संभावनाएं तलाशने का सुझाव भी दिया और कहा कि इस संबंध में वह संबंधित मंत्री से बातचीत करेंगी। अपने संबोधन के अंत में सीतारमण ने कहा कि ईमानदारी ही कर प्रशासन की सबसे महत्वपूर्ण आधारशिला है। उन्होंने सभी अधिकारियों से निष्पक्ष, पारदर्शी और ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का आह्वान किया।

## ईआईएल ने बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए समुद्री नियामक डीजीएमए के साथ किया समझौता..

नई दिल्ली, (भाषा)।

सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड (ईआईएल) ने भारत के समुद्री बुनियादी ढांचे के विकास और आधुनिकीकरण के लिए नौवहन प्रशासन महानिदेशालय (डीजीएमए) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

कंपनी ने एक बयान में कहा कि 24 जुलाई को हस्ताक्षरित इस समझौते के तहत ईआईएल समुद्री क्षेत्र की परियोजनाओं की योजना, विकास और क्रियान्वयन में डीजीएमए को इंजीनियरिंग, तकनीकी परामर्श और परियोजना प्रबंधन सेवाएं उपलब्ध कराएगी। इस समझौते के तहत ईआईएल हाइड्रोकार्बन, समुद्री और अपतटीय इंजीनियरिंग के क्षेत्र में अपनी विशेषज्ञता का उपयोग करते हुए भारत की समुद्री क्षमताओं को मजबूत करने से जुड़ी परियोजनाओं के क्रियान्वयन में डीजीएमए को सहयोग देगी।

समझौते के दायरे में व्यवहार्यता अध्ययन, बुनियादी ढांचे की योजना तैयार करना, प्रौद्योगिकी का एकीकरण, क्षमता विस्तार और अन्य विशिष्ट तकनीकी सेवाएं शामिल हैं, जिनकी पहचान दोनों पक्ष संयुक्त रूप से करेंगे।



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



जग प्रेरणा
लांजी किरनापुर हट्टा
● भानेगांव ● मोहझरी ● बोलेगांव ● रिसेवाड़ा ● बहेला ● साडरा ● हिर्री ● रजेगांव

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# मोबाइल टॉवर सर्वे का झांसा देकर बुजुर्ग दंपत्ति से दिनदहाड़े डकैती..

## पुलिस टीमें आरोपियों की तलाश में जुटीं..






जगप्रेरणा लांजी।

***अपराधियों ने अब भरोसे को ही अपना सबसे बड़ा हथियार बना लिया है। एक माह पहले मोबाइल टॉवर का सर्वे करने का बहाना और उसके एक माह***

बाद घर के भीतर घुसकर 79 वर्षीय बुजुर्ग दंपत्ति के साथ ऐसी दरिंदगी, जिसने पूरे क्षेत्र को झकझोर दिया। लांजी थाना क्षेत्र के ग्राम कुल्पा में शनिवार दोपहर हुई इस दुस्साहसिक डकैती ने न केवल ग्रामीणों की सुरक्षा भावना को तोड़ा है, बल्कि यह भी दिखा दिया कि अपराधी कितनी सुनियोजित तैयारी के साथ वारदात को अंजाम दे रहे हैं। पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच तेज कर दी है।

घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में कुछ संदिग्ध बाइक सवार दिखाई दिए हैं, जिनके आधार पर पुलिस आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा के निर्देशन में विशेष टीमें गठित कर विभिन्न संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। घटना की जानकारी मिलते ही पूर्व विधायक सुश्री हिना कावरे कुल्पा पहुंचीं। उन्होंने घायल बुजुर्ग दंपत्ति से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और पुलिस अधीक्षक से दूरभाष पर चर्चा कर आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी एवं मामले का जल्द खुलासा करने की मांग की।

### ऐसे रची गई पूरी साजिश..

पुलिस और पीड़ित परिवार से मिली जानकारी के अनुसार, शनिवार दोपहर करीब 12 से 1:30 बजे के बीच यह वारदात हुई। सेवानिवृत्त शिक्षक एवं कृषक शत्रुघ्न लिल्हारे 79 वर्ष के घर आमगांव से दो मैकेनिक पुष्पराज शिवनकर और मदन बागड़कर फ्रिज सुधारने पहुंचे। उन्होंने करीब एक घंटे तक फ्रिज की मरम्मत की। इस दौरान परिवार ने सामान्य मेहमानों की तरह उनका स्वागत किया और चाय भी पिलाई। मैकेनिकों के जाने के कुछ ही क्षण बाद चार अज्ञात व्यक्ति घर पहुंचे। उन्होंने खुद को मोबाइल टॉवर लगाने वाली कंपनी का कर्मचारी बताते हुए जमीन की नाप.जोख करने की बात कही। बुजुर्ग दंपत्ति ने उन पर भरोसा किया, उन्हें पोर्च में बैठाया, चाय पिलाई और नापने के लिए फीता भी दे दिया। लेकिन कुछ ही मिनटों में भरोसा खौफ में बदल गया।

### आधार कार्ड और पासबुक मांगी-फिर शुरू हुआ आतंक..

आरोपी बातचीत करते-करते घर के भीतर पहुंचे और आधार कार्ड व बैंक पासबुक देखने की बात कही। जैसे ही दस्तावेज उनके हाथ लगे, उन्होंने हथियार निकाल लिए और बुजुर्ग दंपत्ति को बंधक बना लिया।

एक आरोपी ने कमला बाई लिल्हारे का गला दबाकर उनके मुंह में कपड़ा ठूंस दिया, जबकि दूसरे ने शत्रुघ्न लिल्हारे के मुंह में लोहे की रॉड और कपड़ा ठूंसकर उन्हें बेबस कर दिया। इसके बाद दोनों के हाथ-पैर रस्सी और साड़ी से बांध दिए गए तथा विरोध करने पर बेरहमी से मारपीट की गई।

### कट्टा निकला-छीना-झपटी में छूट गया हथियार..

घटना के दौरान जब बुजुर्ग ने प्रतिरोध करने का प्रयास किया तो एक बदमाश ने कट्टा निकाल लिया। इसी दौरान हुई छीना-झपटी में कट्टा और एक जिंदा कारतूस जमीन पर गिर गया, जिसे पुलिस ने बरामद कर लिया है। यह बरामदगी इस डकैती को सामान्य लूट से कहीं अधिक गंभीर बना देती है। यदि उस दौरान गोली चल जाती, तो यह मामला डकैती से सीधे हत्या या हत्या के प्रयास में बदल सकता था। पुलिस अब यह भी जांच कर रही है कि बरामद हथियार किसका है और उसका किसी अन्य आपराधिक घटना से कोई संबंध तो नहीं है। एफआईआर के अनुसार आरोपियों ने आलमारी में रखे जेवरों के साथ-साथ महिला के शरीर पर पहने हुए आभूषण भी उतरवा लिए। बदमाश लगभग 6 लाख 80 हजार रुपये की संपत्ति लूटकर फरार हुए।

### लाख नगदी जेवरात सहित 8 से 9 की डकैती..

पुलिस में की गई शिकायत के अनुसार आरोपियों ने पीड़ित परिवार के यहां से करीब 5 लाख रुपये के सोने के आभूषण हार, मंगलसूत्र, कुंडल, नथ आदि, लगभग 1.80 लाख रुपये के चांदी के आभूषण, 1 लाख 80 हजार रुपये नकद, मूल आधार कार्ड, महाराष्ट्र बैंक का संयुक्त पासबुक, जियो की.पैड मोबाइल फोन लेकर फरार हो गये है। बदमाशों के जाने के बाद घायल बुजुर्ग दंपत्ति ने किसी तरह खुद को बंधन से मुक्त किया और पड़ोसियों अविनाश माहरवाड़े, प्रकाश ब्राह्मणकर तथा डॉ. बसंत हरिनखेड़े को घटना की जानकारी दी। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।

### सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस, पुलिस टीमें तलाश में जुटीं..

घटना की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नितेश भार्गव सहित वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। एफएसएल टीम ने घटनास्थल से वैज्ञानिक साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरों की जांच की, जिसमें कुछ संदिग्ध बाइक पर जाते हुए दिखाई दिए हैं। पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा ने मामले के जल्द खुलासे के लिए पुलिस कि विशेष टीमें गठित की हैं। ये टीमें तकनीकी साक्ष्यों, सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल लोकेशन और अन्य इनपुट के आधार पर लगातार आरोपियों की तलाश में जुटी हैं।

### एक माह में दूसरी बड़ी वारदात, लोगों में बढ़ी बेचैनी..

यह उल्लेखनीय है कि 28 जून को भी लांजी में सराफा व्यापारी से लाखों रुपये के जेवरों की लूट हुई थी, जिसका अब तक खुलासा नहीं हो सका है। ऐसे में एक माह के भीतर दूसरी बड़ी वारदात ने क्षेत्र में कानून व्यवस्था को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा कर दी हैं। ग्रामीणों और व्यापारियों का कहना है कि अपराधियों के बढ़ते हौसले यह संकेत दे रहे हैं कि वे अब दिनदहाड़े भी वारदात करने से नहीं डर रहे। लोगों ने पुलिस से नियमित गश्त बढ़ाने, सीमावर्ती क्षेत्रों में सघन जांच अभियान चलाने और आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है, ताकि आम नागरिकों में सुरक्षा का विश्वास फिर से कायम हो सके।

# ग्राम सोनपुरी में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत किया गया वृक्षारोपण..

### पर्यावरण संरक्षण की एक बड़ी पहल..



जगप्रेरणा किरनापुर।

***पर्यावरण संरक्षण और मातृत्व के प्रति सम्मान प्रकट करने के उद्देश्य से ग्राम सोनपुरी में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत जन सहयोग से एक वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया।***

गांव के युवाओं, सहित सभी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी मां के नाम पर पौधे रोपे। सार्वजनिक मंदिर परिसर, मुख्य मार्गों के किनारे नीम, पीपल, बरगद, आंवला, गुलमोहर और फलदार पौधों लगाए।

### जन सहयोग की मिसाल..

इस कार्यक्रम की सबसे खास बात यह रही कि इसके लिए पूरा खर्च और व्यवस्था ग्रामीणों के आपसी सहयोग से की गई। केवल पौधे लगाना ही नहीं, बल्कि उनकी सुरक्षा के लिए ट्री-गार्ड **(Tree Guard)** लगाने और उनके नियमित सिंचन (पानी देने) की जिम्मेदारी भी ग्रामीणों ने खुद तय की है।

### पर्यावरण और मां, दोनों का एक सा स्थान..

'मां जैसे हमारा पालन-पोषण करती है, ठीक वैसे ही प्रकृति भी हमें जीवन देती है। अपनी मां की स्मृति या सम्मान में एक पौधा लगाना और उसे वृक्ष बनते देखना मातृत्व के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि और कृतज्ञता है।'

ग्रामीणों ने संकल्प लिया कि वे लगाए गए सभी पौधों की देखभाल अपने परिवार के सदस्य की तरह करेंगे ताकि सोनपुरी को एक हरा-भरा और स्वच्छ गांव बनाया जा सके।

इस अवसर पर ग्रामवासी, समाज सेवी एवं युवा कार्यकर्ता सभी ने इस पहल की सराहना की और अन्य आसपास के गांवों को भी इस अभियान से जुड़ने की अपील की।

### व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

बालाघाट, गोंदिया एवं सिवनी में एक साथ प्रसारित दैनिक 'जगप्रेरणा' अब व्हाट्स अप पर भी उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचाने के लिये जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को अपने किसी भी ग्रुप में जोड़ें और स्वयं और अन्य लोगों को भी ताजा एवं महत्वपूर्ण खबरों से जोड़ें।

### न्यायालय तहसीलदार लांजी, जिला बालाघाट(म.प्र.)

**।। ईश्तहार ।।**

रा. प्र.क.//अ-20(3) वर्ष 20
मौजा भानेगांव प.ह.न. 1
रा.नि.म. भानेगांव तहसील-लांजी
जिला बालाघाट (म.प्र.)

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है, कि कार्यालय जिला सहकारी 'केन्द्रीय बैंक मर्यादित बालाघाट शाखा भानेगांव द्वारा ग्राम. भानेगांव स्थित भूमि ख.न. 273/1 रकबा 2.388 हेक्ट. भूमि मे से 0.405 हेक्ट. भूमि पर रासायनिक खाद भण्डारण गोदाम निर्माण 'किये जाने हेतु भूमि आबंटन किये जाने के तहत आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्राप्त हुआ है। अतः उपरोक्त आवेदन पत्र के सम्बंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हैं तो स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से न्यायालयीन समय में अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं नियत अवधि बाद प्राप्त दावे/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

जारी दिनांक 20/07/2026

तहसीलदार
लांजी बालाघाट (म.प्र.)

# गारंटी अवधि में सोगलपुर-कलपाथरी, पाथरगांव, सिंहारी मार्ग हुआ जर्जर..

### बारिश ने खोली गुणवत्ता की पोल..

### जिम्मेदार विभाग निष्क्रिय..





जगप्रेरणा लांजी।

***सरकार विकास के नाम पर करोड़ों रुपये मंजूर कर रही है। क्षेत्रीय विधायक राजकुमार करहि लगातार नई सड़कों की स्वीकृति दिलाने के प्रयास कर रहे हैं, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी)***

के कुछ अधिकारियों और ठेकेदारों की कथित लापरवाही इन प्रयासों पर पानी फेरती नजर आ रही है। एक ओर पूरक बजट वर्ष 2026-27 में नांगझिरी-बालाघाट रोड से राजमार्ग (बाजार चौक) तक डामरीकृत सड़क निर्माण के लिए 1 करोड़ 29 लाख रुपए की स्वीकृति मिली है, वहीं दूसरी ओर करोड़ों रुपये खर्च कर बनाई गई पुरानी सड़कें समय से पहले ही बदहाल हो चुकी हैं। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि आखिर 'लोक निर्माण से लोक कल्याण' हो रहा है या 'ठेकेदार कल्याण'? क्षेत्रीय विधायक राजकुमार करहि के प्रयासों से स्वीकृत नई सड़क बनने से दखनीटोला आवास, साप्ताहिक बाजार, श्मशान घाट तथा बिसोनी क्षेत्र के हजारों ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और बरसात में कीचड़ व खराब रास्तों से राहत मिलेगी। लेकिन लोगों का कहना है कि जब पहले से बनी सड़कों की गुणवत्ता ही नहीं बचाई जा सकी, तो नई सड़क की गुणवत्ता की गारंटी कौन देगा?

### राहगीर खुद लगा रहे चेतावनी के निशान..

मार्ग की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि कई स्थानों पर ग्रामीणों ने गड्ढों में झाड़ियां और लकड़ियां लगाकर स्वयं चेतावनी के संकेत लगाए हैं, ताकि कोई वाहन चालक दुर्घटना का शिकार न हो। इस सड़क से प्रतिदिन स्कूली छात्र-छात्राएं, किसान, ग्रामीण, एम्बुलेंस सहित सैकड़ों छोटे-बड़े वाहन गुजरते हैं। बरसात में सड़क की स्थिति और अधिक खतरनाक हो जाती है। लोक निर्माण विभाग अपने निर्माण स्थलों पर बड़े अक्षरों में 'लोक निर्माण से लोक कल्याण' का नारा लिखता है, लेकिन जब करोड़ों रुपये खर्च होने के बाद भी सड़कें कुछ ही वर्षों में गड्ढों में तब्दील हो जाएं और शिकायतों के बावजूद सुधार कार्य न हो, तो विभागीय कार्यप्रणाली पर सवाल उठना स्वाभाविक है। क्षेत्र के नागरिकों ने मांग की है कि 1.29 करोड़ रुपए की नई स्वीकृत सड़क के निर्माण की प्रत्येक चरण में गुणवत्ता की सख्त निगरानी की जाए, ताकि भविष्य में वही स्थिति दोबारा न बने। साथ ही पीएमजीएसवाय के जर्जर हिस्से का तत्काल सुधार कराया जाए तथा पीडब्ल्यूडी द्वारा निर्मित सड़क के गड्ढों की भी शीघ्र मरम्मत कराकर जिम्मेदार अधिकारियों और संबंधित एजेंसियों की जवाबदेही तय की जाए, जिससे सरकारी धन का सही उपयोग सुनिश्चित हो सके।

### 13 किलोमीटर पीडब्ल्यूडी सड़क भी जर्जर, बीच का पीएमजीएसवाय हिस्सा सबसे ज्यादा बदहाल..

लांजी - बिसोनी - सोगलपुर - कलपाथरी - पाथरगांव - सिहारी मार्ग करीब 13.20 किलोमीटर लंबा है। इस मार्ग का अधिकांश हिस्सा लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) द्वारा बनाया गया है, जिस पर करोड़ों रुपये खर्च किए गए थे। सड़क पर अब जगह-जगह गड्ढे उभर आए हैं और डामर उखड़ चुका है। इससे रोजाना गुजरने वाले वाहन चालकों और ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

इसी मार्ग के बीच का एक हिस्सा लगभग 5 किमी प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाय) के अंतर्गत निर्मित है, जिसकी हालत सबसे अधिक खराब है। इसी जर्जर हिस्से को लेकर ग्रामीणों ने पिछले वर्ष विधायक राजकुमार करहि से शिकायत की थी।

शिकायत के बाद विधायक ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल सुधार कार्य कराने के निर्देश दिए थे, लेकिन करीब डेढ़ वर्ष बीत जाने के बाद भी पीएमजीएसवाय की यह सड़क आज तक नहीं सुधर सकी।

वहीं दूसरी ओर पीडब्ल्यूडी की सड़क भी लगातार जर्जर होती जा रही है और उसमें भी जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे बन चुके हैं।

# कारगिल विजय दिवस पर एनसीसी कैडेटों ने शहीदों को दी भावभीनी श्रद्धांजलि..

### राष्ट्रसेवा का लिया संकल्प..






जगप्रेरणा बालाघाट।

***कारगिल विजय दिवस के अवसर पर महाविद्यालय की राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) इकाई द्वारा 25 जुलाई को प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।***

कार्यक्रम प्राचार्य प्रो. अशोक कुमार मराठे के संरक्षण तथा 6 एमपी बटालियन एनसीसी के कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल विनीत कमल गुप्ता के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन एनसीसी के एएनओ डॉ. गजानन कटरे के नेतृत्व में किया गया, जबकि मंच संचालन यूओ तनु काटेकर ने प्रभावी ढंग से किया।

कार्यक्रम के दौरान सीक्यूएमएस आदर्श कुर्वे ने कारगिल विजय दिवस के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए वर्ष 1999 के कारगिल युद्ध में भारतीय सेना के वीर जवानों द्वारा प्रदर्शित अदम्य साहस, पराक्रम, वीरता और सर्वोच्च बलिदान का उल्लेख किया। उन्होंने कैडेटों से देशभक्ति, अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रसेवा की भावना को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर डॉ. डुलेश्वरी टेंभरे ने कारगिल विजय दिवस के महत्व एवं अमर शहीदों के अद्वितीय बलिदान पर अपने प्रेरक विचार व्यक्त किए। वहीं राहुल जोशी ने अपने संबोधन में कारगिल के वीर सैनिकों के शौर्य, साहस और त्याग को नमन करते हुए युवाओं से राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानते हुए देशसेवा के लिए सदैव तत्पर रहने की अपील की।

कार्यक्रम के दौरान सभी एनसीसी कैडेटों, प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों ने कारगिल युद्ध के अमर शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन रखकर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। साथ ही राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं सुरक्षा के प्रति सदैव समर्पित रहने का संकल्प भी लिया।

कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, एनसीसी कैडेट एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने उपस्थित युवाओं में देशभक्ति, अनुशासन और राष्ट्रसेवा की भावना को और अधिक सुदृढ़ करने का संदेश दिया।






मंडला जिले में हिन्दी दैनिक
जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों
के प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
**हेमंत नायक**
मो. 88273 19933

10 सोमवार 27 जुलाई 2026
जग प्रेरणा live मंडला नैनपुर
● बिछिया ● नारायण गंज ● निवास ● घुघरी ● उकवा ● मलाजखंड ● बिरसा ● लामटा ● चांगोटोला

**विज्ञापन आमंत्रित है..**
संपर्क - मो. 9329033433

# नवाचार प्रोजेक्ट 'संकल्प' के तहत प्रथम मूल्यांकन टेस्ट संपन्न..

## 1500 से अधिक छात्र-छात्राओं ने दी ओएमआर आधारित परीक्षा



जगप्रेरणा मंडला। *जिला प्रशासन द्वारा जिले के होनहार विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुरू किए गए नवाचार प्रोजेक्ट 'संकल्प' के अंतर्गत शनिवार को प्रथम मूल्यांकन टेस्ट का* सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस विशेष परीक्षा में जिले के लगभग 80 विद्यालयों के 1500 से अधिक कक्षा 11वीं एवं 12वीं के छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। बीते 11 जुलाई से संचालित इस नवाचार प्रोजेक्ट का मुख्य उद्देश्य जिले के मेधावी विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं, जेईई और नीट की निःशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण कोचिंग प्रतिदिन उपलब्ध कराना है।

शनिवार को आयोजित यह परीक्षा शिक्षण के प्रथम चरण का आकलन करने और विद्यार्थियों को वास्तविक परीक्षा प्रणाली से परिचित कराने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। विद्यार्थियों को जेईई और नीट जैसी मुख्य प्रतियोगी परीक्षाओं के वास्तविक माहौल का अनुभव कराने के उद्देश्य से परीक्षा पूर्णतः ओएमआर शीट आधारित आयोजित की गई। परीक्षा की सुचिता, पारदर्शिता और त्वरित परिणाम सुनिश्चित करने के लिए सभी ओएमआर शीट्स का मूल्यांकन एक विशेष मोबाइल ऐप के माध्यम से किया जाएगा। मोबाइल ऐप द्वारा मूल्यांकन के पश्चात विद्यार्थियों की ग्रेडिंग तय होगी, जिसके आधार पर पूरे जिले की एक एकीकृत (कंबाइंड) मेरिट व रैंकिंग सूची जारी की जाएगी।

### परियोजना की महत्ता पर प्रभारी का वक्तव्य..

एपीसी एवं प्रोजेक्ट प्रभारी श्री मुकेश पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि इस परीक्षा और जिला स्तरीय रैंकिंग से विद्यार्थियों को जिले में अपनी वास्तविक तैयारी और स्थिति का सटीक आकलन करने का अवसर मिलेगा। इससे छात्रों में आगे बढ़ने की स्वस्थ एवं सकारात्मक प्रतिस्पर्धा विकसित होगी। निःशुल्क कोचिंग और नियमित मूल्यांकन की यह व्यवस्था विशेष रूप से ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर पृष्ठभूमि के मेधावी बच्चों के सपनों को साकार करने में मील का पत्थर साबित हो रही है।

## डेयरियों एवं मिठाई दुकानों का निरीक्षण, खाद्य पदार्थों के लिए नमूने



**जगप्रेरणा मंडला।** संयुक्त खाद्य सुरक्षा आयुक्त के निर्देशानुसार जिले में खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है। सीएमएचओ डॉ. डी.जे. मोहंती के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने डेयरियों, मिठाई एवं बेकरी प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। अभियान के दौरान पेटेगांव स्थित दिनशा डेयरी प्राइवेट लिमिटेड से गाय के दूध, जलपान बेकरी एंड स्वीट्स से कुंदा एवं मिक्स नमकीन तथा जय हिंद दूध डेयरी से मिश्रित दूध एवं पनीर के नमूने लिए गए। सभी नमूनों को जांच हेतु राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजा गया है। निरीक्षण के दौरान कमियां पाए जाने पर जलपान बेकरी एंड स्वीट्स को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम की धारा 32 के तहत सुधार सूचना पत्र जारी किया गया।




## बाघ संरक्षण के लिये निकाली गई रैली..

**जगप्रेरणा मंडला।** विश्व बाघ दिवस 2026 के अवसर पर कान्हा टाइगर रिज़र्व अंतर्गत विविध कार्यक्रमों की श्रृंखला दिनांक 14 जुलाई से अनवरत चलाई जा रही है। इसी क्रम मे आज दिनांक को एक भव्य रैली का आयोजन शहर मंडला मे किया गया। इस रैली मे स्कूल के विद्यार्थी, सभी वन मंडलो के वन कर्मचारी, पुलिस एवं अन्य विभागों के प्रतिनिधि एवं मीडिया कर्मी सहित लगभग 400 व्यक्ति सम्मलित हुए और बाघ संरक्षण के सन्देश को प्रसारित किया गया। कार्यक्रम के समापन में माननीय न्यायालय मंडला के न्यायाधीश भी उपस्थित हुए। आज दिनांक तक लगभग 5000 विद्यार्थियों एवं 1000 समिति सदस्यों से बाघ संवाद एवं बघवा संगत के माध्यम से चर्चा की गई है।

**संक्षिप्त समाचार..**

## 12 सितम्बर को होने वाली नेशनल लोक अदालत की तैयारियाँ तेज, प्रीसिटिंग बैठक आयोजित..

**जगप्रेरणा मंडला।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार 12 सितम्बर 2026 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत की तैयारियों के तहत शनिवार को जिला न्यायालय मंडला में प्रीसिटिंग बैठक आयोजित की गई। बैठक का आयोजन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री कमल जोशी के निर्देशन तथा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री तपन धारगा के मार्गदर्शन में हुआ। बैठक में सभी न्यायिक अधिकारियों को अधिक से अधिक राजीनामा योग्य प्रकरणों की पहचान कर उनका निराकरण नेशनल लोक अदालत के माध्यम से कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में विशेष रूप से धारा 138 एन.आई. एक्ट (चेक बाउंस), मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण (एमएसीसी), सिविल, आपराधिक, पारिवारिक, भरण-पोषण, श्रम, राजस्व तथा अन्य समझौता योग्य मामलों को प्राथमिकता देते हुए अधिकाधिक प्रकरण चिन्हित करने पर जोर दिया गया। इसके साथ ही बैंक, नगरपालिका, विद्युत विभाग और बीएसएनएल से जुड़े प्रीलिटिगेशन मामलों के निराकरण की भी रणनीति बनाई गई। बैठक में प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय श्री प्रकाशचंद्र आर्य, विशेष न्यायाधीश श्री आर.के. रावतकर, जिला न्यायाधीश श्री रमेश रंजन चौबे, श्री तेजप्रताप सिंह, श्री हेमराज सनोडिया, श्री विवेकानंद त्रिवेदी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मोहम्मद जफर खान, न्यायिक मजिस्ट्रेट नेहा रहमान, डॉ. अल्तमश रहमान, मोहम्मद सैफी, श्रीमती शिवानी अग्रवाल एवं श्रीमती वत्सला प्रजापति उपस्थित रहे। वहीं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से निवास, नैनपुर एवं भुआबिछिया न्यायालयों के न्यायिक अधिकारी भी बैठक में शामिल हुए। बैठक में जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री विजय खोब्रागड़े, चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल अधिवक्ता श्री सत्यनारायण मिश्रा, डिप्टी चीफलीगल एड डिफेंस काउंसिल अधिवक्ता श्री एम.वाई. खोखर तथा एन.आई. एक्ट मामलों से जुड़े अधिवक्ता श्री आलोक जैन एवं श्रीमती शक्ति विश्वकर्मा भी उपस्थित रहे। बैठक में नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने के लिए सभी संबंधित पक्षों के समन्वित प्रयासों पर बल दिया गया।

SONOGRAPHY
X-RAY
CT SCAN
SONO VIEW
DR. GHANSHYAM M. TURKAR
M.B.B.S., M.D., D.N.B., M.N.A.M.S.
Diplomate of National Board
Radiologist, Sonologist & Imagiologist
DR. PADMINI TURKAR
M.B.B.S., D.C.H.
बालरोग एवं नवजात शिशु विशेषज्ञ
FACILITIES AVAILABLE
SONOGRAPHY
■ Color Doppler ■ Power Doppler Imaging
■ B-flow Imaging ■ Tissue Harmonic Imaging
■ Transrectric & TV Sonography
■ Pediatric Sonography ■ Orbital Sonography
■ Breast, Thyroid, Scrotal Sonography
■ Neonatologist Neurosonogram
■ 2 D Echo Cardiography ■ Foetal Echo
■ Whole Body Ct Scan ■ Digital X-ray Digital Radiography System ■ M.R.I.
DIGITAL X-RAY
● 2D, 3D/4D High Resolution Sonography
● 2D Echo
● Colour Doppler
● Siemens Germany Multislice/Spiral High Resolution CT Scan
NATIONAL TUBERCULOSIS ELIMINATION PROGRAMME
राष्ट्रीय क्षयरोग दुरीकरण कार्यक्रम अंतर्गत मुफ्त सोनोग्राफी, एक्स रे, सी.टी. स्कैन
तुरकर क्लिनिक
SONOGRAPHY, X-RAY, C.T. SCAN
सिव्हिल लाईन, गोंदिया
फोन - 07182-231149, 234198, 236391
E-mail : sonoview@gmail.com
SONOGRAPHY C.T. SCAN

मंडला जिले में हिन्दी दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

**हेमंत नायक**

मो. 88273 19933

10 सोमवार 27 जुलाई 2026

जग प्रेरणा live मंडला नैनपुर

● बिछिया ● नारायण गंज ● निवास ● घुघरी ● उकवा ● मलाजखंड ● बिरसा ● लामटा ● चांगोटोला

**विज्ञापन आमंत्रित है..**

संपर्क - मो. 9329033433

# नवाचार प्रोजेक्ट 'संकल्प' के तहत प्रथम मूल्यांकन टेस्ट संपन्न..

## 1500 से अधिक छात्र-छात्राओं ने दी ओएमआर आधारित परीक्षा



**जगप्रेरणा मंडला।**

*जिला प्रशासन द्वारा जिले के होनहार विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य के लिए शुरू किए गए नवाचार प्रोजेक्ट 'संकल्प' के अंतर्गत शनिवार को प्रथम मूल्यांकन टेस्ट का* सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस विशेष परीक्षा में जिले के लगभग 80 विद्यालयों के 1500 से अधिक कक्षा 11वीं एवं 12वीं के छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। बीते 11 जुलाई से संचालित इस नवाचार प्रोजेक्ट का मुख्य उद्देश्य जिले के मेधावी विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं, जेईई और नीट की निःशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण कोचिंग प्रतिदिन उपलब्ध कराना है।

शनिवार को आयोजित यह परीक्षा शिक्षण के प्रथम चरण का आकलन करने और विद्यार्थियों को वास्तविक परीक्षा प्रणाली से परिचित कराने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। विद्यार्थियों को जेईई और नीट जैसी मुख्य प्रतियोगी परीक्षाओं के वास्तविक माहौल का अनुभव कराने के उद्देश्य से परीक्षा पूर्णतः ओएमआर शीट आधारित आयोजित की गई। परीक्षा की सुचिता, पारदर्शिता और त्वरित परिणाम सुनिश्चित करने के लिए सभी ओएमआर शीट्स का मूल्यांकन एक विशेष मोबाइल ऐप के माध्यम से किया जाएगा। मोबाइल ऐप द्वारा मूल्यांकन के पश्चात विद्यार्थियों की ग्रेडिंग तय होगी, जिसके आधार पर पूरे जिले की एक एकीकृत (कंबाइंड) मेरिट व रैंकिंग सूची जारी की जाएगी।

### परियोजना की महत्ता पर प्रभारी का वक्तव्य..

एपीसी एवं प्रोजेक्ट प्रभारी श्री मुकेश पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि इस परीक्षा और जिला स्तरीय रैंकिंग से विद्यार्थियों को जिले में अपनी वास्तविक तैयारी और स्थिति का सटीक आकलन करने का अवसर मिलेगा। इससे छात्रों में आगे बढ़ने की स्वस्थ एवं सकारात्मक प्रतिस्पर्धा विकसित होगी। निःशुल्क कोचिंग और नियमित मूल्यांकन की यह व्यवस्था विशेष रूप से ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर पृष्ठभूमि के मेधावी बच्चों के सपनों को साकार करने में मील का पत्थर साबित हो रही है।

# डेयरियों एवं मिठाई दुकानों का निरीक्षण, खाद्य पदार्थों के लिए नमूने



**जगप्रेरणा मंडला।** संयुक्त खाद्य सुरक्षा आयुक्त के निर्देशानुसार जिले में खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है। सीएमएचओ डॉ. डी.जे. मोहंती के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने डेयरियों, मिठाई एवं बेकरी प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। अभियान के दौरान पेटेगांव स्थित दिनशा डेयरी प्राइवेट लिमिटेड से गाय के दूध, जलपान बेकरी एंड स्वीट्स से कुंदा एवं मिक्स नमकीन तथा जय हिंद दूध डेयरी से मिश्रित दूध एवं पनीर के नमूने लिए गए। सभी नमूनों को जांच हेतु राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजा गया है। निरीक्षण के दौरान कमियां पाए जाने पर जलपान बेकरी एंड स्वीट्स को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम की धारा 32 के तहत सुधार सूचना पत्र जारी किया गया।





# बाघ संरक्षण के लिये निकाली गई रैली..

**जगप्रेरणा मंडला।** विश्व बाघ दिवस 2026 के अवसर पर कान्हा टाइगर रिज़र्व अंतर्गत विविध कार्यक्रमों की श्रृंखला दिनांक 14 जुलाई से अनवरत चलाई जा रही है। इसी क्रम मे आज दिनांक को एक भव्य रैली का आयोजन शहर मंडला मे किया गया। इस रैली मे स्कूल के विद्यार्थी, सभी वन मंडलो के वन कर्मचारी, पुलिस एवं अन्य विभागों के प्रतिनिधि एवं मीडिया कर्मी सहित लगभग 400 व्यक्ति सम्मलित हुए और बाघ संरक्षण के सन्देश को प्रसारित किया गया। कार्यक्रम के समापन में माननीय न्यायालय मंडला के न्यायाधीश भी उपस्थित हुए। आज दिनांक तक लगभग 5000 विद्यार्थियों एवं 1000 समिति सदस्यों से बाघ संवाद एवं बघवा संगत के माध्यम से चर्चा की गई है।

## संक्षिप्त समाचार..


# 12 सितम्बर को होने वाली नेशनल लोक अदालत की तैयारियाँ तेज, प्रीसिटिंग बैठक आयोजित..

**जगप्रेरणा मंडला।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार 12 सितम्बर 2026 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत की तैयारियों के तहत शनिवार को जिला न्यायालय मंडला में प्रीसिटिंग बैठक आयोजित की गई। बैठक का आयोजन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री कमल जोशी के निर्देशन तथा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री तपन धारगा के मार्गदर्शन में हुआ। बैठक में सभी न्यायिक अधिकारियों को अधिक से अधिक राजीनामा योग्य प्रकरणों की पहचान कर उनका निराकरण नेशनल लोक अदालत के माध्यम से कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में विशेष रूप से धारा 138 एन.आई. एक्ट (चेक बाउंस), मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण (एमएसीसी), सिविल, आपराधिक, पारिवारिक, भरण-पोषण, श्रम, राजस्व तथा अन्य समझौता योग्य मामलों को प्राथमिकता देते हुए अधिकाधिक प्रकरण चिन्हित करने पर जोर दिया गया। इसके साथ ही बैंक, नगरपालिका, विद्युत विभाग और बीएसएनएल से जुड़े प्रीलिटिगेशन मामलों के निराकरण की भी रणनीति बनाई गई। बैठक में प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय श्री प्रकाशचंद्र आर्य, विशेष न्यायाधीश श्री आर.के. रावतकर, जिला न्यायाधीश श्री रमेश रंजन चौबे, श्री तेजप्रताप सिंह, श्री हेमराज सनोडिया, श्री विवेकानंद त्रिवेदी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मोहम्मद जफ़र खान, न्यायिक मजिस्ट्रेट नेहा रहमान, डॉ. अल्तमश रहमान, मोहम्मद सैफी, श्रीमती शिवानी अग्रवाल एवं श्रीमती वत्सला प्रजापति उपस्थित रहे। वहीं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से निवास, नैनपुर एवं भुआबिछिया न्यायालयों के न्यायिक अधिकारी भी बैठक में शामिल हुए। बैठक में जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री विजय खोब्रागड़े, चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल अधिवक्ता श्री सत्यनारायण मिश्रा, डिप्टी चीफलीगल एड डिफेंस काउंसिल अधिवक्ता श्री एम.वाई. खोखर तथा एन.आई. एक्ट मामलों से जुड़े अधिवक्ता श्री आलोक जैन एवं श्रीमती शक्ति विश्वकर्मा भी उपस्थित रहे। बैठक में नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने के लिए सभी संबंधित पक्षों के समन्वित प्रयासों पर बल दिया गया।










SONO VIEW

DR. GHANSHYAM M. TURKAR
M.B.B.S., M.D., D.N.B., M.N.A.M.S.
Diplomate of National Board
Radiologist, Sonologist & Imagiologist

DR. PADMINI TURKAR
M.B.B.S., D.C.H.
बालरोग एवं नवजात शिशु विशेषज्ञ

FACILITIES AVAILABLE

SONOGRAPHY
- Color Doppler
- Power Doppler Imaging
- B-flow Imaging
- Tissue Harmonic Imaging
- Transrectric & TV Sonography
- Pediatric Sonography
- Orbital Sonography
- Breast, Thyroid, Scrotal Sonography
- Neonatologist Neurosonogram
- 2 D Echo Cardiography
- Foetal Echo
- Whole Body Ct Scan
- Digital X-ray Digital Radiography System
- M.R.I.

DIGITAL X-RAY
- 2D, 3D/4D High Resolution Sonography
- 2D Echo
- Colour Doppler
- Siemens Germany Multislice/Spiral High Resolution CT Scan

राष्ट्रीय क्षयरोग दुरीकरण कार्यक्रम अंतर्गत मुफ्त सोनोग्राफी, एक्स रे, सी.टी. स्कैन

तुरकर क्लिनिक

SONOGRAPHY, X-RAY, C.T. SCAN

सिव्हिल लाईन, गोंदिया

फोन - 07182-231149, 234198, 236391

E-mail : sonoview@gmail.com

SONOGRAPHY C.T. SCAN

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# सिर्फ चुनावी मकसद तक सिमित नहीं रही जिनकी जनसेवाएं.. जनसेवा में जिनका समर्पण बड़ी मिसाल..

## 27 जुलाई, पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल के जन्मदिवस पर विशेष..

जगप्रेरणा गोंदिया।

***देश में लोकतंत्र की स्थापना से पहले भी और बाद में भी, दुनिया ने अगर कुछ हासिल किया है तो सिर्फ और सिर्फ एक उच्च सोच की विचारधारा और कर्मठ कार्यशैली के नेतृत्व में। आजादी के पहले और आजादी के बाद भी देश में उन्नति और अवनति क्षेत्र से लेकर राष्ट्र तक हमेशा अच्छे नेतृत्व पर निर्भर करती है, और जनसेवा के ऐसे ही समर्पित नेतृत्व की मिसाल यदि गोंदिया जिले में किसी ने पेश की है तो वो पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल ने,***

जो भले ही पिछले 2019 से विधायक नहीं है, लेकिन बावजूद वे लड़ रहे हैं, क्षेत्र के विकास के लिये, किसान, मजदूरों और आम नागरिकों की सुख सुविधाओं के लिये, यही कारण है कि ना सिर्फ गोंदिया जिले में बल्कि संपूर्ण विदर्भ और मध्यभारत में एक सफल एवं लोकप्रिय जननेता के रुप में पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल को जाना और पहचाना जाता है। गोपालदास अग्रवाल जी के जन्मदिवस पर उनके जुझारु व्यक्ति और संघर्ष व समर्पण पर प्रस्तुत है जगप्रेरणा की विशेष रिपोर्ट।

### संक्षिप्त जीवन परिचय -

विधायक गोपालदास अग्रवाल का जन्म 27 जुलाई 1951 को गोंदिया के सेठ शंकरलाल अग्रवाल के परिवार में सबसे बड़े पुत्र के रुप में हुआ। आपके अलावा परिवार में तीन छोटे भाई महेश, सुरेश एवं राजकुमार अग्रवाल शामिल हैं। विधायक गोपालदास अग्रवाल ने बीकॉम, एवं एलएलबी का कोर्स कर वकालत की डिग्री हासिल की। छात्र उम्र में ही उनकी दिलचस्पी छात्र हित के लिये संघर्ष करने से लेकर जनहित तक बढ़ती चली गई, यही कारण है कि बड़े उद्योग और बड़े कारोबारी बनने की दिशा से अलग होकर उन्होंने छात्र जीवन में ही संघर्ष की मशाल थाम ली। नागपुर विद्यापीठ से एलएलबी (वकालत) की पढ़ाई करते हुए 1978 में उन्होंने नागपुर विद्यापीठ के छात्र संघ का चुनाव लड़ा, और नागपुर विद्यापीठ के छात्र संघ के अध्यक्ष चुन लिये गए थे। उस दौर में छात्र राजनेता के रुप में जहां सहपाठियों और महाविद्यालय में अन्य वरिष्ठ व जूनियर छात्र छात्राओं के बीच गोपालदास अग्रवाल ने बतौर छात्र नेता एक उत्कृष्ट पहचान स्थापित की, जिसके दम पर छात्र संघ के नेता के रुप में उस दौर में छात्र छात्राओं की अनेक



और बड़ी समस्याओं का समाधान भी किया, बाद में वे कांग्रेस संगठन के सदस्य बने।

### निर्दलीय विधान परिषद जीतकर बनाया रिकार्ड..

जिले के राजनीतिक रिकार्ड की बात की जाये तो लगातार पांच चुनावों में जीत का डंका बजाने वाला कोई नेता अब तक इस जिले में नहीं हुआ है, सिवाय विधायक गोपालदास अग्रवाल के। विधायक गोपालदास अग्रवाल असाधारण योग्यता के धनी हैं, यह बात साबित करता है वह प्रथम चुनाव, जब विधायक गोपालदास अग्रवाल ने स्वतंत्र उमीदवार के रुप में 1992 में विधान परिषद सदस्य हेतु चुनाव लड़ा, और पहले ऐसे नेता बने जिन्होंने निर्दलीय विधान परिषद का चुनाव लड़ा, और विजयी भी हुए। जबकि यहां उल्लेखनीय है कि आम जनता द्वारा चुने जाने वाले चुनाव में तो निर्दलीय चुनाव जीतने की संभावनाएं भी बन सकती है, और बनती रही है, लेकिन विधान परिषद जैसे चुनाव में पार्टी संगठन के आदेश पर मतदान निर्भर होता है, तथा ऐसे में किसी भी उमीदवार के लिये चुनाव जीतना नामुमकिन जैसा होता है, परंतु बतौर विधान परिषद में निर्दलीय उमीदवार गोपालदास अग्रवाल स्वतंत्र उमीदवार के रुप में विधान परिषद में पहुंचने में कामयाब रहे। इस चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी केशवराव पारधी को हराकर वे विधान परिषद सदस्य चुने गये, और वो भी निर्दलीय स्वतंत्र उमीदवार के रुप में, जो कि विधान परिषद में बना ऐसा रिकार्ड है जो कि इसके पहले और बाद में महाराष्ट्र विधान मंडल में कभी कोई नहीं बना सका। इसके बाद फिर गोपालदास अग्रवाल 1998 में हुए विधान परिषद चुनाव में कांग्रेस उमीदवार के रुप में मैदान में रहे और बार कांग्रेस उमीदवार के रुप में चुनाव लड़कर दूसरी बार छह साल के लिये पुनः विधान परिषद के माध्यम से विधान मंडल में पहुंचे।

### 2004 और 2009 के विधानसभा में रमेश कुथे को हराकर पहुंचे विधानसभा में..

गौरतलब है कि दो बार विधान परिषद चुनाव जीतने के साथ ही बतौर विधायक गोपालदास अग्रवाल ने ना सिर्फ गोंदिया विधानसभा बल्कि संपूर्ण गोंदिया भंडारा जिले में एक बड़ी पकड़ बना ली। उस दौर में जबकि शरद पवार कांग्रेस विधायकों को राष्ट्रवादी कांग्रेस के नाम से अलग पार्टी बनाकर कांग्रेस से अलग हो गए, तब पुरे जिले में गोपालदास अग्रवाल ने ही पार्टी का नेतृत्व किया, और गोंदिया विधानसभा के साथ साथ गोंदिया जिले में भी कांग्रेस अग्रणी रही। इसका परिणाम यह हुआ कि जब 2004 के आम चुनाव आए, तब अबकी बार कांग्रेस ने गोपालदास अग्रवाल को कांग्रेस उमीदवार बनाकर चुनाव मैदान में उतारा। 2004 के विधानसभा चुनाव में शिवसेना भाजपा युति के उमीदवार रमेशभाऊ कुथे को 45932 मत प्राह्श्वत हुए, जबकि वहीं कांग्रेस उमीदवार गोपालदास अग्रवाल को 51453 मत प्राह्श्वत हुए, और 5 हजार 532 मतों के अंतर से गोपालदास अग्रवाल चुनाव जीत गए। इसके बाद 2009 में भी 75921 मत प्राह्श्वत कर गोपालदास अग्रवाल 9971 मतों के अंतर से चुनाव जीतने में सफल रहे।

### 2014 के चुनाव में भाजपा उमीदवार विनोद अग्रवाल को हराया..

गौरतलब है कि 2004 और 2009 का विधानसभा चुनाव निरंतर जीतने के बाद 2014 का विधानसभा चुनाव जब आया, तब देश में माहौल कांग्रेस के खिलाफ बन चुका था। केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार स्थापित हुई। इस दौर में पुरे प्रदेश में भाजपा की सर्वाधिक सीटें आई, और राज्य में भाजपा शिवसेना की सरकार भी बनी, लेकिन भाजपा सरकार बनाने में भले ही कामयाब रही, लेकिन गोंदिया विधानसभा में बतौर कांग्रेस उमीदवार गोपालदास अग्रवाल ने जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जनसभा भी गोंदिया में संपन्न हुई, भाजपा उमीदवार बने तत्कालीन भाजपा जिलाध्यक्ष विनोद अग्रवाल को भारी मतों से चुनाव हराने में गोपालदास अग्रवाल सफल रहे। 2014 के चुनाव में गोपालदास अग्रवाल ने भाजपा, राष्ट्रवादी कांग्रेस और शिवसेना को मात देते हुए अपनी जीत के रथ को गतिमान रखने में सफलता प्राप्त की, जो निश्चित ही उनके क्षेत्र में गहरी पैठ को साबित करता नजर आया। इस प्रकार दो बार विधान परिषद चुनाव तथा तीन बार लगातार आम जनता द्वारा चुनाव जीतकर विधायक गोपालदास अग्रवाल जिले के एकमात्र ऐसे नेता का रिकार्ड बना चुके हैं जो अन्य नेता नहीं बना सके।

### दी विकास की बड़ी सौगातें..

गौरतलब है कि गोंदिया विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व जब बतौर विधायक गोपालदास अग्रवाल के हाथ में आया.. तब श्री अग्रवाल ने क्षेत्र के विकास के लिये निरंतर प्रयास किये, और इसका परिणाम यह रहा कि जहां गांव गांव में सड़कें, नहर, पुल, पुलिया का निर्माण किया गया, वहीं पेयजल के लिये सिंचाई परियोजनाओं की सौगात तथा वर्षों पूर्व बनाई गई नहरों का जीर्णोद्धार करने के साथ ही छात्र छात्राओं के लिये शासकीय जीएनएम, एएनएम कॉलेज, पॉलिटेकनीक कॉलेज, तथा शासकीय मेडिकल कॉलेज एवं क्रीड़ा संकुल एवं उच्च स्तरीय स्वीमिंग पुल की सौगात, प्रशासनिक व्यवस्थाओं के लिये गोंदिया में करोड़ों रुपये की प्रशासकिय ईमारत की सौगात, यातायात व्यवस्था के लिये पार्किंग प्लाजा की सौगात, स्टेडियम से मरारटोली को जोड़ने वाले नए ओवरब्रीज का निर्माण, गोंदिया शहर में करोड़ों की भूमिगत गटार योजना की सौगात, रेल टोली में नाट्य गृह का निर्माण संहित ऐसे अनेक कार्य अपने कार्यकाल में करवाकर दिये, जो कि निश्चित ही पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल के संघर्ष और उनके प्रयासों को सालों साल तक अमर बनाये रखेगा।

### जब कांग्रेस छोड़कर थामा भाजपा का दामन..

**गौरतलब है कि पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल अपने राजनीतिक दौर में 2019 के चुनाव तक निरंतर पांचवी बार विधायक के पद पर काबिज रहे, लेकिन 2019 के चुनाव आते तक परिस्थितियां कुछ ऐसी बनी, जिसमें एक ओर राज्य में कांग्रेस के केन्द्रिय नेतृत्व के प्रति आम जनता में भारी नाराजगीयां थी, तो वहीं जनमत भाजपा के पक्ष में तैयार हो चुका था, जबकि वहीं प्रदेश के भाजपा सरकार के मुयमंत्री देवेन्द्र फडणवीस की ईच्छा पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल की कार्यशैली और प्रभाव को देखते हुए भाजपा में प्रवेश कराने की थी। परिस्थितियों को देखते हुए तथा कार्यकर्ताओं की ईच्छा के अनुरुप तत्कालीन मुयमंत्री देवेन्द्र फडणवीस के नेतृत्व पर विश्वास व्यक्त करते हुए पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल ने भाजपा का दामन थाम लिया। हांलांकि इस चुनाव में यह बड़ी उपलब्धि थी कि पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल जब भाजपा में गए, तो उनके साथ वो मानो पूरी कांग्रेस भी समेटकर ले गए, बावजूद इसके हांलांकि आम जनता को उनका यह फैसला नागवार गुजरा, और वे 75 हजार वोट लेकर भी चुनाव हार गए। राजनीतिक जीवन में देखा जाए तो विधायक गोपालदास अग्रवाल के राजनीतिक जीवन में यह बड़ा वज्रपात था, लेकिन उन्होंने अपने आपको फिर संभाला, और इसके बाद पुनः ना सिर्फ उन्होंने भाजपा संगठन को सशक्त बनाये रखने और क्षेत्र के विकास के लिये संघर्षक्रम को गतिमान बनाये रखा, बल्कि क्षेत्र के विकास के लिये और क्षेत्र के मजदूर, किसान, कर्मचारियों संहित प्रत्येक व्यक्ति के लिये प्रयासों को जारी रखा।**

### 2024 से पूर्व जब की कांग्रेस में घर वापसी..

**गौरतलब है कि पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल को इस बात का भी अहसास हो चुका था कि भले ही भाजपा के साथ रहकर भी उन्होंने निरंतर समर्पित भाव से कार्य किया, लेकिन भाजपा संगठन में उनके कार्यकर्ताओं की कद्र नहीं हो रही, बल्कि भाजपा संगठन और विधायक विनोद अग्रवाल के बीच बनते रिश्तों के चलते पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल ने अपने कदम पीछे ले लिये, और 2024 में कांग्रेस उम्मीदवार के रुप में चुनाव लड़ा। लेकिन लाडली बहना योजना जैसी भाजपा की योजनाएं और सत्ता का दबाव कुछ ऐसा रहा कि जिसके कारण पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल दूसरी बार लगातार विनोद अग्रवाल से भारी मतों से मात खा गए। दूसरी चुनावी हार भी उनके लिये बड़ा वज्रपात थी, लेकिन उन्होंने माना कि भाग्य से उन्हें जनसेवा का बहुत अवसर मिला, और अब जबकि भले ही वे चुनाव हार गए, लेकिन जनसेवा से भला उन्हें कौन रोक सकता है, यही कारण कि बीते 7 साल से बिना किसी पद के भी पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल निरंतर गोंदिया विधानसभा क्षेत्र के विकास को गति देने एवं अपने कार्यकर्ताओं से लेकर जन जन की जरुरतों के लिये संघर्ष कर रहे हैं। चुनावी हार के बाद भी जिस तरह से पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल सक्रिय राजनीति में आगे हैं, उनके कार्यों को देखकर कहा जा सकता है कि सिर्फ चुनावी मकसद तक उनकी जनसेवाएं सिमित नहीं, बल्कि सच्चे अर्थों में वे जनसेवा की सबसे बड़ी मिसाल है। जगप्रेरणा परिवार पूर्व विधायक गोपालदास जी अग्रवाल के दीर्घायु एवं यशस्वी जीवन की कामना करता है।**

# विधायक विनोद अग्रवाल की प्रमुख उपस्थिति में 1 अगस्त को गोंदिया में विधानसभा स्तरीय 'समाधान शिविर' का आयोजन..

## एक ही स्थान पर मिलेंगी विभिन्न सरकारी योजनाओं की सेवाएं

## मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के जन्मदिन एवं स्व. अजितदादा पवार की जयंती के उपलक्ष्य में 'छत्रपति शिवाजी महाराज महसूल अभियान' के तहत होगा भव्य आयोजन, तैयारियों को लेकर हुई विशेष समीक्षा बैठक..



जगप्रेरणा गोंदिया।

***मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के जन्मदिन तथा राज्य के पूर्व उप मुख्यमंत्री स्व. अजितदादा पवार की जयंती के उपलक्ष्य में महाराष्ट्र शासन के राजस्व विभाग द्वारा संचालित 'छत्रपति शिवाजी महाराज महसूल अभियान' के अंतर्गत विधानसभा स्तरीय समाधान शिविर***

का आयोजन शनिवार, 1 अगस्त 2026 को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक जलाराम लॉन, फुलचूर (गोंदिया) में किया जाएगा। इस शिविर का उद्देश्य विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं नागरिक सेवाओं का लाभ एक ही स्थान पर आम नागरिकों तक पहुंचाना है। शिविर की सफलता सुनिश्चित करने के लिए विधायक विनोद अग्रवाल की अध्यक्षता में आज 26 जुलाई 2026 को पदाधिकारियों की विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यक्रम की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए विधायक विनोद अग्रवाल ने सभी को पूर्ण समन्वय के साथ कार्य करने तथा अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों तक जानकारी पहुंचाकर उन्हें शिविर में शामिल कराने के निर्देश दिए गए। उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं से इस जनकल्याणकारी अभियान को सफल बनाने के लिए पूरी क्षमता से कार्य करने का आह्वान किया गया। शिविर में महसूल विभाग, भूमिअभिलेख विभाग, कृषि विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, नगर विकास विभाग तथा वन विभाग सहित विभिन्न विभागों की योजनाओं और सेवाओं का लाभ नागरिकों को उपलब्ध कराया जाएगा।

महसूल विभाग के अंतर्गत वर्ष 2011 पूर्व के अतिक्रमणधारकों को पट्टे वितरण, श्रावणबाळ एवं संजय गांधी योजना, प्राथमिकता परिवार लाभार्थी, 7/12 अभिलेखों में सुधार, सेतु एवं महा-ई-सेवा केंद्रों के माध्यम से विभिन्न प्रमाणपत्रों का वितरण तथा 'जिवंत 7/12' अभियान से संबंधित सेवाएं प्रदान की जाएंगी। भूमिअभिलेख विभाग द्वारा ग्रामीण आबादी क्षेत्र के नागरिकों को स्वामित्व योजना के तहत सनद वितरण तथा 200 रुपये में पोटहिस्सा मोजणी आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। कृषि विभाग में पीएम किसान सम्मान निधि एवं पीएमएफएमई योजना के आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बाल संगोपन योजना से संबंधित सेवाएं उपलब्ध रहेंगी, जबकि नगर विकास विभाग द्वारा शहरी क्षेत्र के वर्ष 2011 पूर्व के अतिक्रमणधारकों को पट्टे वितरण की प्रक्रिया संचालित की जाएगी। वन विभाग द्वारा फसल नुकसान भरपाई से संबंधित मामलों का मार्गदर्शन एवं सेवा प्रदान की जाएगी। इसके अलावा शिविर में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के लिए भी पात्र महिलाओं का पंजीयन किया जाएगा। इसके लिए आधार कार्ड, माता एवं बाल संरक्षण कार्ड तथा आरसीएच नंबर जैसे आवश्यक दस्तावेज साथ लाने की अपील की गई है। विधायक विनोद अग्रवाल ने क्षेत्र के सभी नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुंचकर शासन की योजनाओं का लाभ लेने तथा अन्य पात्र लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करने की अपील की है। शिविर में उपलब्ध सभी सेवाएं निःशुल्क प्रदान की जाएंगी।

# सालेकसा रेलवे स्टेशन पर इंटरसिटी एक्सप्रेस के ठहराव की मांग, सांसद राजेंद्र जैन ने दिया सकारात्मक आश्वासन..



जगप्रेरणा सालेकसा।

***सालेकसा रेलवे स्टेशन पर ट्रेन क्रमांक 12856/12855 इतवारी-बिलासपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस को आधिकारिक ठहराव (स्टॉपेज) प्रदान किए जाने की कई वर्षों से लंबित मांग को लेकर आज गोंदिया स्थित सांसद प्रफुलभाई पटेल के रेलटोली स्थित***

कार्यालय में नव निर्वाचित सांसद राजेंद्र जैन से भेंट कर सालेकसा तहसील के नागरिकों की ओर से ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि सालेकसा तहसील के नागरिकों, किसानों, विद्यार्थियों, कर्मचारियों एवं अधिकारियों की यह मांग वर्ष 2008 से लंबित है। यदि इंटरसिटी एक्सप्रेस को सालेकसा रेलवे स्टेशन पर ठहराव दिया जाता है, तो तहसील के हजारों यात्रियों को बड़ी सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर सांसद राजेंद्रजी जैन ने बताया कि उनका चयन रेलवे मंत्रालय की समिति में हुआ है। माननीय सांसद प्रफुल्लभाईजी पटेल के सहयोग से इस विषय पर तत्काल ध्यान दिया जाएगा। साथ ही, सालेकसा रेलवे स्टेशन पर इंटरसिटी एक्सप्रेस को जल्द से जल्द ठहराव दिलाने के लिए रेलवे प्रशासन से पत्राचार करने के साथ ही प्रत्यक्ष मुलाकात कर इस मांग को पूरा कराने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे, ऐसी ठोस गवाही उन्होंने दी।

सांसद राजेंद्र जैन के इस सकारात्मक आश्वासन से सालेकसा तहसील के नागरिकों में आशा का वातावरण बना है। नागरिकों ने उम्मीद जताई है कि कई वर्षों से लंबित यह मांग अब शीघ्र ही पूरी होगी। इस अवसर पर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के तहसील अध्यक्ष डॉ. अजय उमाटे, सालेकसा शहर अध्यक्ष ब्रजभूषण बैस, जिला महासचिव डॉ. हीरालाल साठवणे, तहसील युवा अध्यक्ष बाजीराव तरोणे, सामाजिक न्याय विभाग के तहसील अध्यक्ष राजू डोंगरे, ग्राम पंचायत सदस्य जितेंद्र बडोले, अनिल अग्रवाल, ऋषि बैस सहित पार्टी के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## पानी भरने की बात पर हुई मारपीट, मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

**गोंदिया जिले के दवनीवाडा पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 25/7/2026 के 7 बजे के दरम्यान महालगाव मे फर्यादी विठोबा दसरू बागडे उम्र 25 वर्ष निवासी म हालगाव और आरोपी रिश्तेदार होकर घटना के समय फर्यादी ने आरोपी के ड्रम से पाईप निकालकर अपने ड्रम मे लगाया। आरोपी महीला ने कहा तुने कैसे पाईप निकाला उसी समय आरोपी महिला के पती ने आकर कहा तु घर मे रहता है बाद मे पानी भर लेना बोलकर पोछा मारने के डंडे से फर्यादी को मारकर जख्मी करने से दिये शिकायत और डाक्टर की रिपोर्ट पर पोस्टे दवनीवाडा मे अपराध क्रमांक 371/2026 धारा 118,1,352,3,5, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोहवा गुलाबदास तुरकर 1501 पोस्टे दवनीवाडा कर रहे है।**

## अज्ञात चोर ने उडाई बार से दारू, मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।** गोंदिया जिले के सालेकसा पुलिस थाना अंतर्गत चोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 23/7/2026 के रात कुणबीटोला मे फर्यादी भावेश गजानन पोहारे उम्र 27 वर्ष निवासी कुणबीटोला की मेन रोड पर त्रिवणी रेंस्टारेंट अन्ड बार होकर घटना की रात अज्ञात चोर ने ताला तोड़कर बार मे प्रवेश कर मादकद्रव्य दारू किमत 103220 रुपये , 1 बॅटरी किमत 17 हजार रुपये, सिसीटीव्ही डीवीआर किमत 11 हजार रुपये, नगदी 3485 कुल 1 लाख 34 हजार 705 रुपये का माल चुराकर ले जाने से अज्ञात चोर के खिलाफपोस्टे साले कसा मे अपराध क्रमांक 360/2026 धारा 331,4,305, अ, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाँच सपोनी गवई पोस्टे सालेकसा कर रहे है।

## तुने यहां परा कैसे लगाया बोलकर की मारपीट, मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

**गोंदिया जिले के सालेकसा पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 20/7/2026 के रात 9 बजे दरबडा मे फर्यादी अपने खेत गया, और आरोपी क्रमांक 1 और 2 से पूछा की तुने यहा परा कैसा लगाया ये जमीन मेरी है। तो आरोपियो ने गाली गलौच कर लकडी से मारपीट की और कहा की दोबारा यहा दिखा तो तुझे जान से मार देंगे धमकी देने से फर्यादी की शिकायत पर पोस्टे सालेकसा मे अपराध क्रमांक 361/2026 धारा 118, 1, 115, 2, 351, 3,352, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाँच पोहवा खुशरंग बिसेन 257 पोस्टे सालेकसा कर रहे है।**





12 सोमवार 27 जुलाई 2026

जग प्रेरणा live गोंदिया भंडारा

● आमगांव ● गोरेगांव ● सड़क अर्जुनी ● देवरी ● सालेकसा ● अर्जुनी मोरगांव ● तिरोड़ा ● लाखांदुर ● साकोली

महावीर डेवलपर्स गोरेगांव
1 महावीर कॉम्पलेक्स
एन.एच.रोड, बस स्टेंड के पास
2. अश्टा विनायक अपार्टमेन्ट
2 बीचके फ्लेट रेडी पजेशन, लिफ्ट, पार्किंग, बैंक लोन सुविधा.. 3) एनए किये हुए प्लॉट उपलब्ध..
संपर्क-नायरा पेट्रोल पंप मो. 9372316555

### पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल के जन्मदिन पर

## अनेक सेवा कार्यक्रमों का आयोजन, जन्मदिन पर शुभचिंतकों से भेंट करेंगे पुर्व विधायक..



जगप्रेरणा गोंदिया।

*आज 27 जुलाई 2026 सोमवार को पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल के जन्मदिन के अवसर पर गोंदिया जिला युवक कांग्रेस एवं एनएसयूआई द्वारा इस दिन को युवा उत्सव दिवस के रुप में मनाया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि, जन्मदिन के अवसर*

पर हर वर्ष की तरह पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल गोंदिया में ही रहेंगे तथा सभी शुभचिंतकों से अपने निवास पर भेंट करेंगे। प्रातः8.00 बजे से पर्यावरण संरक्षण हेतु पौधा वितरण कार्यक्रम, जन्मदिन के शुभ अवसर पर प्रातः8.00 बजे से, पंचायत समिती के समीप, आंबेडकर चौक पर, प्रताप मेमोरियल चेरीटेबल ट्रस्ट एवं नगराध्यक्ष सचिनभाऊ शेंडे के माध्यम से नागरीकों को पौधारोपन हेतु पौधो का वितरण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जायेगा। उपरांत प्रातः11.00 बजे से शासकीय बीजीडब्ल्यु रुग्णालय में भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है, जिसमें सभी युवा कांग्रेस एवं एनएसयूआई कार्यकर्ता जरुरतमंदों के लिए रक्तदान का लोकहित कार्य करेंगे। गोंदिया जिला कॉंग्रेस कमेटी एवं गोंदिया शहर कमेटी द्वारा स्थानीय शासकीय केटीएस एवं बीजीडब्ल्यु रुग्णालय में सभी मरीजों को फल वितरण किया जायेगा।

युवा नगर परिषद सदस्यों ने शिक्षण के प्रचार-प्रसार की दृष्टि से छात्रों को नोटबुक आदि साहित्य वितरण का कार्यक्रम न.प.की मरारटोली एवं रामनगर स्कूल में आयोजित किया है। दोपहर 3.00 बजे स्थानीय सिटी पोलिस थाना परिसर में वृक्षारोपणः दोपहर 3.00 बजे श्रीराम वृक्षारोपण आयोजन समिती द्वारा, सतत वृक्षारोपण अभियान अंतर्गत पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल के हस्ते गोंदिया शहर पोलिस थाना परिसर में वृक्षारोपण किया जायेगा। सभी कार्यक्रमों में कांग्रेस कार्यकर्ताओं-पदाधिकारियों से उपस्थित रहकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील गोंदिया जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अमर वराड़े, शहर कांग्रेस अध्यक्ष अशोकसिंह चौधरी, महासचिव मनोज पटनायक, पूर्व जिप सदस्य अर्जुन नागपुरे एवं अपूर्व अग्रवाल ने की है।

## बिडी पिलाने की बात पर हुई मारपीट, मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के रामनगर पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 24/7/2026 के 9 बजे के दरम्यान हिवरा मे फर्यादी नरेन्द्र अनंतराम विठ्ठोले उम्र 41 वर्ष निवासी हिवरा अपने घर के सामने बैठा था।

जहां आरोपी ने आकर कहा बिडी पिला फर्यादी ने कहा मेरे पास बीडी नही है, इस बात पर आरोपी ने दो दोस्तो को बुलाया और लकड़ी से फर्यादी के सर हाथ पैर पर मारकर जख्मी करने से दिये शिकायत पर पोस्टे रामनगर मे अपराध क्रमांक 438/ 2026 धारा 118, 1, 352, 3,5, भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाँच पोहवा राजु वनवे 1183 पोस्टे रामनगर कर रहे है।







## ‘गौ सम्मान दिवस’ पर आज निकलेगी भव्य रैली, जुटेंगे बड़ी संख्या में गौ सेवक..

जगप्रेरणा गोंदिया।

*‘गौ सम्मान आंदोलन अभियान’ के तहत आज 27 जुलाई को गौ सम्मान दिवस के अवसर पर गोंदिया में भव्य जनजागरण रैली का आयोजन किया*

गया है। आयोजन का उद्देश्य गौ संरक्षण, गौ सेवा और गौ सम्मान के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाना तथा अधिक से अधिक लोगों को इस अभियान से जोड़ना है। आयोजकों के अनुसार रैली का एकत्रीकरण स्थल अग्रसेन भवन, गोंदिया रहेगा। यहां से सुबह 8 बजे रैली प्रारंभ होगी, जो गांधी प्रतिमा होते हुए जिला कलेक्टर कार्यालय, गोंदिया पहुंचेगी। रैली में जिलेभर के गौभक्तों, सामाजिक संगठनों एवं नागरिकों से बड़ी संख्या में शामिल होने की अपील की गई है। आयोजन समिति ने कहा है कि यह कार्यक्रम गौ माता के सम्मान, गौ सेवा एवं गौ रक्षा के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। अभियान के तहत सभी नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर गौ सम्मान दिवस को सफल बनाने का आह्वान किया गया है। गौ सम्मान रैली में सभी नगर वासियों से बड़ी संख्या में शामिल होने का आहवान आयोजन समिति के शंकरलाल जी अग्रवाल, हंसराम जी, गोविंद जी येडे तथा डॉ. प्रशांत जी ने किया है।






स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक - स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक - आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल - jagprernaw@gmail.com